आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं.1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 136 | उज्जैन, सोमवार 01 जून, 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण 1 (अधिकमास) संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुजालपुर में किसानों और युवाओं के लिए की बड़ी घोषणाएं

# उड़द पर मिलेगा 600 बोनस, कॉलेज चलो अभियान की शुरूआत

दैनिक अवन्तिका ›› शाजापुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को शुजालपुर में किसानों और युवाओं के लिए बड़ी घोषणाएं कीं। उन्होंने ऐलान किया कि राज्य सरकार अब मूंग के साथ-साथ उड़द की भी समर्थन मूल्य पर खरीदी करेगी। साथ ही, दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए किसानों को उड़द पर 600 रुपए प्रति क्विंटल की प्रोत्साहन राशि (बोनस) भी दी जाएगी। इसके अलावा, प्रदेश के ग्रामीण युवाओं को उच्च शिक्षा से जोड़ने और कॉलेजों में ड्रॉपआउट दर



कम करने के लिए मुख्यमंत्री ने प्रदेशव्यापी कॉलेज चलो अभियान का भी आधिकारिक शुभारंभ किया। मौका था जेएन स्मृति शासकीय पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम का, जहां सीएम डॉ. यादव ने स्थानीय लोगों, छात्रों और किसानों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 134वें संस्करण का सीधा प्रसारण सुना।

### गेहूं खरीदी में बनाया ऐतिहासिक रिकॉर्ड

किसानों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि यह वर्ष किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। सरकार ने इस साल गेहूं खरीदी में नया रिकॉर्ड बनाते हुए 14 लाख किसानों से 103 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा की खरीदी की है। उन्होंने आश्वस्त किया कि किसानों को सोयाबीन में भी भावांतर योजना का लाभ दिया जा रहा है और उपज खरीदी में किसी भी किसान को कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी।

**आत्मरक्षा के लिए लाठी चलाती बेटियों को सराहा**

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कॉलेज के समर कैंप का भी जायजा लिया। यहां आत्मरक्षा के लिए लाठी चलाने और योग की ट्रेनिंग ले रही बालिकाओं का प्रदर्शन देखकर सीएम ने उनकी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि आज के समय में सर्वांगीण विकास के लिए शारीरिक अनुशासन और स्वरक्षा के गुर सीखना सबसे जरूरी है। अपने प्रवास के दौरान सीएम ने कृषि विभाग की उस प्रदर्शनी का भी बारीकी से अवलोकन किया, जिसमें प्राकृतिक खेती, उन्नत बीज और नरवाई (पराली) न जलाने के फायदे बताए गए थे। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री ने पूर्व पीएम स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और कॉलेज परिसर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए एक नीम का पौधा रोपा। आयोजन में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, जिले के प्रभारी मंत्री नारायणसिंह कुशवाह, सांसद महेन्द्र सोलंकी, कालापीपल विधायक घनश्याम चंद्रवंशी, संभागायुक्त आशीष सिंह, एडीजी राकेश गुप्ता, डीआईजी नवनीत भसीन, कलेक्टर ऋजु बाफना, पुलिस अधीक्षकयशपाल सिंह राजपूत सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में आम नागरिक मौजूद रहे।


# महाकाल मंदिर में आंखों के चश्मे में हिडन कैमरा लेकर पहुंचा युवक

दैनिक अवन्तिका ›› उज्जैन

श्री महाकाल मंदिर के गणेश मंडपम में सगाई करने का मामला अभी चल ही रहा है। ऐसे में शनिवार शाम को चश्मे में हिडन कैमरा के साथ अवैध रूप से वीडियो बनाने की स्थिति सामने आई है। मंदिर के सभा मंडपम् में एक युवक को चश्में में हिडन कैमरा के साथ पकड़ा गया। युवक अपने दो अन्य साथियों के साथ इंदौर से दर्शन करने आया था। युवक ने मंदिर प्रबंध समिति को लिखित में माफी नामा दिया है। युवक की आंखों के नंबर के चश्मे में हिडन कैमरा लगा था जिसे सुरक्षा कर्मियों ने पकड़ा।

शनिवार अपराह्न श्री महाकालेश्वर मंदिर में प्रोटोकाल से दर्शन करने इंदौर से तीन युवक साथ आए थे। वीआईपी प्रोटोकाल के तहत इन्होंने प्रवेश लिया था। प्रवेश के उपरांत तीनों सभा मंडपम् में थे और नंदी गृह से दर्शन के लिए







इंतजार कर रहे थे।

दो दिन पूर्व गणेश मंडपम् में एक कपल के सगाई करने एवं उसके वीडियो सोश्यल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रबंध समिति के एक्शन से सतर्क कर्मचारियों ने इस दौरान युवक के चश्मे में हिडन कैमरा को पकड़ लिया। चश्मा युवकों से लेने के बाद निजी एजेंसी के सुरक्षाकर्मी एवं मंदिर समिति के कर्मचारी युवकों को सीधे मंदिर प्रबंध समिति के कार्यालय में ले गए। जहां पर उन्होंने जानकारी लेने पर चश्मे के हकदार युवक ने अपना नाम उत्कर्ष आर्य निवासी इंदोर बताया एवं अन्य दोनों युवकों को अपना दोस्त बताया। युवक ने बताया कि उसने अपने चश्मे के हिडन कैमरा से किसी प्रकार की वीडियोग्राफी नहीं की है और यह उसकी आंखों के नंबर का चश्मा है जिसमें हिडन कैमरा लगा हुआ है।

### युवक ने मंदिर समिति के नाम माफीनामा दिया

युवक ने मंदिर समिति के नाम एक माफीनामा लिखकर भी दिया जिसमें उसने कहा कि अगर मंदिर से संबंधित किसी प्रकार की वीडियो उसके द्वारा सोश्यल मीडिया पर अपलोड की जाती है तो होने वाली वैधानिक कार्रवाई के लिए वह व्यक्तिगत स्तर पर जिम्मेदार रहेगा। लिखित माफीनामा लेने के बाद मंदिर प्रबंध समिति के सुरक्षा विभाग ने युवक को उसकी आंखों का चश्मा दे दिया। मंदिर प्रबंध समिति के जनसंपर्क अधिकारी आशीष फलवाडिया के अनुसार मंदिर में सुरक्षा जांच को सख्त किए जाने और सतर्कता के चलते युवक से हिडन कैमरा पकड़ा गया था। माफीनामा के बाद युवक को छोड़ दिया गया और उसका चश्मा दे दिया गया। मंदिर के गणेश मंडपम् में कपल के सगाई के मामले के बाद हुए एक्शन से अतिरिक्त सुरक्षा एवं सतर्कता बरती जा रही है।

# डोनाल्ड ट्रम्प की बेटी पति संग जैसलमेर के सोनार दुर्ग पहुंचीं



### 2 लाख प्रतिदिन किराए वाले विला में रुकीं

### एयरपोर्ट पर सुरक्षा में एयर डिफेंस सिस्टम 'आकाश' तैनात

एजेंसी ›› जैसलमेर

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की छोटी बेटी टिफनी ट्रम्प पति माइकल बोलोस के साथ रविवार सुबह करीब 10:51 बजे विशेष विमान से जैसलमेर पहुंचीं। टिफनी ट्रम्प पति माइकल बोलोस के साथ शाम 5 बजे ऐतिहासिक सोनार दुर्ग देखने (जैसलमेर फोर्ट) पहुंचीं। गोपा चौक से टिफनी और उनके पति ई-गोल्फ कार्ट में सवार होकर किले में एंट्री की। दशहरा चौक पहुंचने पर जैसलमेर के पूर्व महारावल चैतन्यराज सिंह ने उनका स्वागत किया। इसके बाद फोर्ट में बने म्यूजियम की भी विजिट कीं। टिफनी ट्रम्प और उनके पति सूर्यगढ़ होटल में रुके हैं। जिस विला में वे रुके हैं, वह होटल का सबसे महंगा है। उसका किराया करीब 2 लाख रुपए प्रतिदिन बताया जा रहा है। इस विला में तीन कमरे और स्विमिंग पूल है।

## देश विदेश

### पीएम ने मन की बात में की अपील भीषण गर्मी में खुद को रखें हाइड्रेटेड

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के जरिए देश को संबोधित किया। देश के विभिन्न हिस्सों में लगातार बढ़ रहे तापमान और भीषण गर्मी के बीच, प्रधानमंत्री ने नागरिकों से स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने और खुद को हाइड्रेटेड रखने की अपील की। उन्होंने गर्मी से राहत पाने के लिए भारतीय रसोई के पारंपरिक और स्थानीय देसी पेय पदार्थों को अपनाने का सुझाव दिया। इसके साथ ही, उन्होंने देश के विभिन्न क्षेत्रों में पाए जाने वाले आमों की समृद्ध विविधता और किसानों के योगदान की सराहना की। देश भर में जारी लू और तेज धूप का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, अभी देश के ज्यादातर हिस्सों में बहुत गर्मी पड़ रही है।

### पेट्रोल-डीजल और एटीएफ पर एक्सपोर्ट ड्यूटी घटी

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में जारी जंग की वजह से तेल की कीमतों में लगातार इजाफा हो रहा है. इसी बीच केंद्र सरकार ने तेल कंपनियों को बड़ी राहत देते हुए पेट्रोल, डीजल और एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) पर लगने वाली एक्सपोर्ट ड्यूटी में कटौती का ऐलान किया है। इसे लेकर सरकार ने 30 मई को अधिसूचना जारी कर दी है। जिसकी नई दरें 1 जून से लागू हो जाएंगी। आदेश के अनुसार, पेट्रोल पर एक्सपोर्ट ड्यूटी में 1.50 रुपए प्रति लीटर की कमी की गई है। वहीं डीजल पर यह कटौती 13.50 रुपए प्रति लीटर और एविएशन टरबाइन फ्यूल पर 9.50 रुपए प्रति लीटर की गई है। सरकार का यह फैसला अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के बाद लिया गया है। माना जा रहा है कि इससे देश में पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने में मदद मिलेगी।

### तान्या मित्तल को अमीर पति नहीं चाहिए



**बोलीं- मेरा पार्टनर रोज मुझसे 10-15 लाख रुपए मांगे और मैं दे सकूं**

**मुंबई।** इन्फ्लुएंसर और पूर्व बिग बॉस कंटेस्टेंट तान्या मित्तल ने हाल ही में कहा कि वह अमीर पार्टनर नहीं चाहतीं। वह खुद इतनी आर्थिक रूप से मजबूत बनना चाहती हैं कि अपने पार्टनर की हर बड़ी पैसों से जुड़ी जरूरत को आसानी से पूरा कर सकें। पिंकविला को दिए इंटरव्यू में तान्या ने कहा, 'मैं जिससे प्यार करती हूं या जिसके साथ हूं, उसके लिए अपना सब कुछ देने को हमेशा तैयार रहती हूं। मैं ऐसा पहले भी कर चुकी हूं और आगे भी करूंगी। मैं नहीं चाहती कि मुझे कोई अमीर पति मिले। अगर मेरे पति के पास कुछ भी न हो, तब भी मुझे कोई फर्क नहीं पड़ेगा।' इन्फ्लुएंसर ने आगे कहा, 'मैं चाहती हूं कि वह रोज सुबह उठकर मुझसे 10-15 लाख रुपए मांगे और मेरी इतनी क्षमता हो कि मैं उसे हर दिन 10-15 लाख रुपए दे सकूं। मतलब, मैं ऐसी गर्लफ्रेंड/पत्नी बनना चाहती हूं।' तान्या मित्तल जल्द कॉमेडी और कुकिंग रियलिटी शो 'मां है ना' में नजर आएंगी। इसमें तान्या अपनी मां सुनीता मित्तल के साथ जोड़ी में दिखेंगी। हाल ही में 'मां है ना' के प्रमोशनल इवेंट्स के दौरान तान्या और स्प्लिट्सविला 6 विनर गुल्लू उर्फ कुशल तंवर के बीच हल्की-फुल्की नोकझोंक देखने को मिली थी। जब गुल्लू के बारे में पूछा गया, तो तान्या ने कहा था कि दूसरों को हराने के लिए उनका खाना खराब करना गलत है। जब आप खुद पर कॉन्फिडेंट नहीं होते, तब आप दूसरों के साथ ऐसा करते हैं। तान्या ने यह भी कहा था कि वह उन लोगों को पसंद नहीं करतीं जो लाइन क्रॉस करते हैं। दोनों की बातचीत का वीडियो वायरल हो गया। इसके बाद बिना किसी का नाम लिए तान्या ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, 'एक बार फिर पुरुषों के अहंकार को चुनौती देकर खुशी हुई। जलन हो रही है? मैं समझ सकती हूं।

### जनरल सुब्रमणि ने देश के नए सीडीएस का पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** देश के नए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने रविवार को पदभार संभाल लिया। दिल्ली में उन्हें साउथ ब्लॉक लॉन्स में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वे देश के तीसरे सीडीएस है। उन्होंने जनरल अनिल चौहान की जगह ली है। जनरल चौहान शनिवार को रिटायर हुए थे। पदभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि भारतीय सेना, नौसेना, वायुसेना, रक्षा मंत्रालय और सभी संबंधित संस्थान देश की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एकजुट हैं। उन्होंने कहा, भारतीय सेना में स्वदेशी हथियारों और सैन्य उपकरणों के अपडेशन, उनकी खरीद और इस्तेमाल को तेज किया जाएगा। सेना की ताकत बढ़ाने के लिए नई सोच और नए तरीकों को अपनाया जाएगा।

### हमने भी भारतीय जमीन पर कब्जा किया सिर्फ भारत ने हमारे इलाके नहीं कब्जाए

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह ने रविवार को कहा कि सिर्फ भारत ने ही नेपाली जमीन पर कब्जा नहीं किया, बल्कि नेपाल ने भी कुछ भारतीय इलाकों पर कब्जा किया है। बालेन पीएम बनने के 2 महीने बाद पहली बार नेपाली संसद को संबोधित कर रहे थे। काठमांडू पोस्ट के मुताबिक, इस दौरान एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्हें इस बारे में जानकारी मिली। दोनों देशों को मिलकर इस मामले की जांच करनी चाहिए। भारत-चीन के बीच लिपुलेख और लिम्पियाधुरा मार्ग से होने वाले व्यापार पर शाह ने कहा कि विवाद का समाधान कूटनीतिक बातचीत से निकाला जाएगा। नेपाल इस मुद्दे पर भारत को राजनयिक नोट भेज चुका है और भारत की ओर से जवाब भी मिल चुका है। शाह ने कहा कि लिपुलेख विवाद ब्रिटिश भारत के समय से जुड़ा है।

# एमएस धोनी 3 करोड़ की कार से मसूरी पहुंचे

## बेटी का समर कैंप में एडमिशन कराया



एजेंसी ›› मसूरी

महेंद्र सिंह धोनी 3 करोड़ की लैंड रोवर डिफेंडर के साथ मसूरी में घूमते दिखे। जैसे ही फैंस को इसका पता चला तो वे भी स्टार क्रिकेटर से मिलने पहुंच गए। जानकारी के मुताबिक, धोनी अपनी बेटी जीवा सिंह धोनी का समर कैंप के लिए एक बोर्डिंग स्कूल में एडमिशन कराने आए थे। धोनी शनिवार को देहरादून से मसूरी के लिए रवाना हुए। देर शाम लालटिब्बा क्षेत्र स्थित एक होटल पहुंचे। यहां फैंस ने धोनी को घेर लिया। मोबाइल से उनकी तस्वीरें खींचने लगे। वीडियो बनाने लगे। कुछ लोगों को लगा कि रोहित शर्मा आए हुए हैं। वे जोर-जोर से रोहित शर्मा, रोहित शर्मा चिल्लाने लगे। यह सुनकर धोनी हंस पड़े। समर कैंप जाते समय उन्होंने फैंस से हाथ भी मिलाया। इसके बाद वहां मौजूद एक बच्चे ने जब धोनी-धोनी कहा तो उन्होंने पीछे मुड़कर देखा और मुस्कुराने लगे। धोनी का मसूरी की सड़कों पर घूमते हुए एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वे लोगों से मसूरी के बारे में जानकारी लेते और ऑटोग्राफ देते हुए दिख रहे हैं।

## एमपी-यूपी में गर्मी कम हुई, राजस्थान में

# रेतीले तूफान का अलर्ट

## खराब मौसम से केदारनाथ यात्रा 3 घंटे रुकी रही

एजेंसी ›› नई दिल्ली

वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, बिहार और ओडिशा में पिछले 15 दिन से चल रही भीषण गर्मी से राहत मिली है। आंधी, बारिश और ओले गिरने से इन राज्यों में पारा 40 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। आज भी हिमाचल, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, राजस्थान समेत 8 राज्यों में आंधी-बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। उत्तराखंड में खराब मौसम के कारण केदारनाथ यात्रा 3 घंटे तक रुकी रही।

हालांकि, शनिवार को देश के 36 शहरों में पारा 40 डिग्री से ज्यादा रहा। महाराष्ट्र के विदर्भ में तापमान अभी भी 44 डिग्री से ज्यादा है। यहां का चंद्रपुर (चांदा) 44.8 डिग्री तापमान के साथ देश में सबसे गर्म रहा।

शनिवार को राजस्थान के 5 जिलों श्रीगंगानगर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़ और सीकर में शनिवार दोपहर 3 बजे रेतीला



तूफान आया। इसका असर करीब 200 वर्ग किलोमीटर के इलाके में रहा। इस रेतीले तूफान की शुरूआत हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर से हुई थी। बवंडर को पाकिस्तान की ओर से उठी तेज धूलभरी हवाओं ने रफ्तार दी थी। इस दौरान 56 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी चली। रेतीले तूफान के कारण दिन में अंधेरा छा गया। हवा के साथ आई रेत घरों में भर गई। आईएमडी ने पहले जैसलमेर में रेतीले तूफान का अलर्ट जारी किया, इसके बाद दोपहर 2 बजे बीकानेर और जयपुर में रेड अलर्ट दिया।

# राहुल ने सीबीएसई स्टूडेंट्स से बातचीत की

## बोले- जिन्होंने केंद्र-सीबीएसई से सवाल किए, उन्हें एंटी-नेशनल और आतंकी कहा

एजेंसी ›› नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सीबीएसई 12वीं क्लास के छात्रों से मुलाकात की। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर छात्रों से बातचीत का वीडियो पोस्ट किया और ऑन-स्क्रीन मार्किंग में गड़बड़ियों को लेकर केंद्र पर निशाना साधा।



वीडियो में राहुल ने छात्रों से उनकी परेशानी के बारे में पूछा। उन्होंने कहा- स्टूडेंट्स ने सीबीएसई और मोदी सरकार से सिर्फ कुछ आसान सवाल पूछे थे, लेकिन जवाब के बजाय उनका अपमान किया गया। उन्हें एंटी-नेशनल, जासूस और आतंकवाद जैसे नाम दिए गए। राहुल ने जिन छात्रों से बात की, उनमें वेदांत भी शामिल थे। वेदांत की एक पोस्ट वायरल हुई थी, जिसमें उसने कहा था कि री-इवैल्यूएशन के दौरान पोर्टल पर जो स्कैन की गई कॉपी अपलोड की गईं, वे उनकी नहीं थीं। वेदांत के बाद कई अन्य छात्रों ने भी ऐसी शिकायतें कीं।

# 5 मंजिला बिल्डिंग गिरने से 4 की मौत

## 10 घायल एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती, 3 की हालत गंभीर, 12 लोगों को रेस्क्यू किया गया

एजेंसी ›› नई दिल्ली

दिल्ली के साकेत इलाके में शनिवार शाम पांच मंजिला बिल्डिंग गिर गई। जिसमें 4 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 10 घायलों को एम्स के ट्रॉमा सेंटर में एडमिट करवाया गया है, जिनमें से 3 की हालत गंभीर है।

दक्षिणी दिल्ली जिले के डीसीपी अनंत मित्तल ने बताया कि जिस जगह मलबा गिरा, वहां मेडिकल स्टूडेंट्स की कैंटीन थी। आशंका है कि कुछ लोग अभी भी मलबे में फंसे हो सकते हैं। पुलिस और बचाव दलों ने अब तक करीब 12 लोगों को बाहर निकाला है। घायलों को जल्द अस्पताल पहुंचाने के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। एनडीआरएफ, डीडीएमए, फायर सर्विस



और दिल्ली पुलिस संयुक्त रूप से राहत और बचाव अभियान चला रहे हैं।

**दूरदर्शन बिल्डिंग का पत्थर गिरा-** आज दिल्ली के तिलक मार्ग थाना इलाके में स्थित दूरदर्शन बिल्डिंग का पत्थर गिरने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घायल की पहचान नीरज कुमार (35) के रूप में हुई है।





409, शगुन टॉवर, अपना स्वीट्स विजय नगर चौराहा, इंदौर

Gunjan Shrivastav 98263 96368

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का रविवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## अच्छी पहल अच्छे अधिकारी




राजधानी से आए साहब ने पहली बार ही एक ही वाहन में सभी को बैठाकर निर्माणों का निरीक्षण नहीं किया है। इससे पूर्व वे दो दशक पहले भी ऐसा कर चुके हैं। बड़े ही सहज भाव के अधिकारी हैं और जो भी अच्छा कार्य देखते हैं वे अनुशरण में देर नहीं करते हैं। अपने मातहतों के साथ भी उनका बड़ा ही सहज और मिलनसार व्यवहार रहा है। शहर में दो दशक पूर्व के आयोजन की बागडोर जब उनके हाथ में सौंपी गई थी उस दौरान भी महाआयोजन में कुछ विशेष समय नहीं बचा था। उसके बाद भी चौडीकरण का एक बड़ा मुद्दा खोल दिया गया था। देवासगेट से मालीपुरा होकर महाकाल चौराहा तक इसे अंजाम दिया गया था। फरवरी 2004 में ही लफड़ा हो गया था। उस दौरान भी वे पूरी दबंगता से मैदान में उतरे थे। एक ही रात में पूरे मामले पर सीजफायर करने में देर नहीं की थी। अपने अधिकार क्षेत्र में होने के बावजूद तत्कालीन एक वर्दी वाले अधिकारी की घोषणा पर 9 वर्दी केंद्र क्षेत्र में कर्फ्यू की घोषणा करने में देर नहीं की थी। प्रशासन का वर्दी के साथ पूरा सामंजस्य एवं समन्वय बनाकर काम करने के आदि रहे। मंगलनाथ क्षेत्र में महाआयोजन के समय अभद्रता होने पर भी उन्होंने जहर का घूंट पी लिया था। प्रदेश काडर के वे ऐसे अधिकारी हैं जो हर प्रकार की परिस्थिति से निपटने को हर दम तैयार रहते हैं। महाआयोजन के स्नानों के दौरान घाट पर ही डटे रहना उनकी खासियतों में से एक रहा है। यहां तक की मिडिया से उनके इतने अच्छे संबंध रहे कि तत्कालीन मिडिया के अधिकारियों को वे कई सारी जानकारी एवं बातों से अवगत करवाते रहे। सबके सवालों के जवाब देते रहे और आज भी मीडिया एवं आमजन से उनके ताल्लुक वर्तमानों की अपेक्षा गहरे हैं। शहर के बाशिंदों से वे अब भी जुडे हुए हैं और तैयारी को हर दृष्टि से आंक रहे हैं। खुसूर-फुसूर है कि उनके मातहत महाआयोजन की तैयारियों में कोई कमी रह ही नहीं पाएगी। वे हर एक कमी को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करवा लेंगे और वर्तमान में जिम्मेदार अधिकारियों को वे बराबर हर बात का स्मरण भी करवा देंगे। उनके अनुभव काफी गहरे एवं मजबूत हैं। वे हर परिस्थिति से वाकिफ हैं और आधुनिकता के दौर की तैयारियों से भी। उनके दौर में तो इंटरनेट भी 2 जी ही था और मोबाइल भी गिनती के थे। उसके बावजूद बेहतर और श्रद्धालु सुविधा का महाआयोजन उन्होंने अंजाम दिया था।

## न्यूज कॉलम

### तंबाकू के सेवन के प्रति लोगों को जागरूक करना जरूरी: डॉ. गुप्ता

**उज्जैन।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर डॉ राजीव गुप्ता से हुई चर्चा में उन्होंने बताया कि पिछले एक सप्ताह में उन्होंने 40 से 48 वर्ष के 5 पुरुष मरीजों के मुख, जीभ के ऑपरेशन किये है भारत में मुख कैंसर सबसे आम कैंसरों में से एक है और इसका प्रमुख कारण तंबाकू का सेवन है। देश में होने वाले अधिकांश मुख कैंसर के मामलों का संबंध धूम्ररहित तंबाकू (गुटखा, खैनी, जर्दा, पान मसाला) तथा धूम्रपान (बीड़ी, सिगरेट) से पाया जाता है। भारत विश्व में मुख कैंसर के सबसे अधिक मामलों वाले देशों में शामिल है। अनुमानतः पुरुषों में होने वाले मुख कैंसर के 80-90% मामलों में तंबाकू एक प्रमुख जोखिम कारक होता है। तंबाकू के लगातार सेवन से मुंह, जीभ, गाल, मसूड़ों और गले की कोशिकाओं में कैंसरकारी परिवर्तन होने लगते हैं। हर वर्ष भारत में हजारों नए मुख कैंसर के मामले सामने आते हैं, जिनमें अधिकांश को तंबाकू से जुड़ा माना जाता है। डॉ. गुप्ता ने बताया कि चिंताजनक बात यह है कि यह बीमारी अब अपेक्षाकृत कम उम्र के लोगों में भी दिखाई देने लगी है जो कि चिंता का विषय है विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर संकल्प लें– स्वयं तंबाकू से दूर रहें और अपने परिवार तथा समाज को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें।

### नर्सिंग महाविद्यालय में जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया

**उज्जैन।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बताया कि राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम अन्तर्गत विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर विगत दिवस को शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय में जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों एवं महिलाओं को माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूक करना तथा इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाताओं द्वारा माहवारी से संबंधित विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को माहवारी क्या है, माहवारी पूर्व होने वाले लक्षण, मासिक धर्म के दौरान उचित पोषण, स्वच्छता एवं नियमित व्यायाम के महत्व के बारे में समझाया गया। साथ ही मासिक धर्म विकारों के कारण एवं उनके उपचार संबंधी आवश्यक जानकारी भी प्रदान की गई।

### नगर निगम आयुक्त की रात्रिकालीन धुंआधार पारी

# काम धीमा मिला, दो ठेकेदारों पर 5-5 लाख का जुर्माना ठोका

## पीएचई कंट्रोल रूम से लेकर ढाबारोड चौड़ीकरण एवं रीगल टॉकीज शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का काम देखा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन





सिंहस्थ की तैयारियों में लगे नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा धुंआधार पारी खेल रहे हैं। शनिवार रात भी उन्होंने पीएचई कंट्रोल रूम पर पहुंचकर टंकियों के पूरे प्रेशर से भरने की स्थिति को जाना था, टंकी प्रभारियों से चर्चा की थी। इसके बाद वे ढाबा रोड चौडीकरण के हाल देखने पहुंचे। मार्ग से मलबा नहीं हटने तथा रीगल टॉकीज शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का रात्रि के समय कार्य धीमी गति से पाए जाने पर संबंधित ठेकेदारों पर किया 5-5 लाख का जुर्माना ठोका है।

नगर निगम में आयुक्त ही पूरे समय सक्रिय नजर आ रहे हैं। हालत यह है कि अन्य अधिकारी मात्र प्रभारी बने हुए हैं और अपने विभागों के कार्यों में गति लाने की स्थिति में भी सक्रिय दिखाई नहीं दे रहे हैं। यही कारण सामने आ रहे हैं कि आयुक्त की सक्रियता के बावजूद परिणाम कमजोर आ रहे हैं। पानी के मामले में भी ऐसा ही कुछ उभरकर सामने आ रहा है।

**रात 11 बजे कंट्रोल रूम की चेयर पर जा बैठे-** निगम आयुक्त द्वारा रात्रि 11 बजे देवास गेट कंटोल रूम में पहुंचे और यहां कुर्सी पर बैठने के साथ उन्होंने अधिकारियों से वन टू वन टंकियों की जानकारी लेना शुरू कर दिया। शनिवार रात को पहली बार टंकी के प्रभारियों को भी जवाब देने से पूर्व विचार करना पड़ा है। आयुक्त नियमित पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने सभी टंकियों को पूर्ण क्षमता से भरने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कंट्रोल रूम के सप्लाय रजिस्टर में सभी 44 टंकियों में उचित मानक के अनुसार सप्लाय की जांच की। सभी टंकिया अपने लेवल के अनुसार पूर्ण क्षमता प्रेशर के अनुरूप भरने की स्थिति में पायी गई। कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री को निर्देशित किया कि रात्रिकालीन शिफ्ट में सभी टंकी प्रभारी सप्लाई के समय मॉनिटरिंग करें सभी टंकिया उच्च क्षमता के साथ पूर्ण प्रेशर से भरे इस बात का विशेष ध्यान रखें नागरिकों के घरों में शुद्ध पेयजल प्रदान किया जाए।

टंकी प्रभारी एवं सम्बन्धित विभाग के कर्मचारी सम्बन्धित क्षेत्रों में लीकेजिंग एवं पानी के अपव्यय को त्वरित निराकरण करें। अवैध नल कनेक्शनों, बकाया बिल राशि, मोटर जब्ती की कार्यवाही कर जुमार्ना राशि वसूली कार्यवाही करे। शहर के आंतरिक मार्गों के सभी चौड़ीकरण मार्गों पर जल सप्लाय के दौरान भी पीएचई के अधिकारी मॉनिटरिंग करें, यदि मार्ग में लाइन लीकेजिंग संबंधित कोई समस्या आती है तो उसे त्वरित निराकरण करें ।

### ढाबा रोड से मलबा ही नहीं हटा था

शनिवार को रात्रिकालीन शिफ्ट में 1 बजे कोयला फाटक से कंठाल, सती गेट,तेलीवाड़ा,टंकी चौक से सत्यनारायण मंदिर, निर्माणाधीन रीगल टॉकीज शॉपिंग कॉम्प्लेक्स कार्य का निरीक्षण करने आयुक्त अभिलाष मिश्रा पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान तेलीवाड़ा चौराहा पर पीक्यूसी सड़क निर्माण कार्य का कार्य प्रचलित मिलने पर गुणवत्ता पूर्वक कार्य के निर्देश संबंधित ठेकेदार को दिए गए। ढाबारोड से सत्यनारायण मंदिर तक प्रचलित चौड़ीकरण कार्य के निरीक्षण के दौरान सड़क पर मलबा का ढेर मिलने पर आयुक्त ने नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित ठेकेदार पर 5 लाख का जुर्माना किया जाने का निर्देश दिया। इसी प्रकार से निर्माणाधीन रीगल टॉकीज शॉपिंग कॉम्प्लेक्स एवं पार्किंग का निरीक्षण में रात्रिकालीन शिफ्ट के दौरान कार्य की धीमी गति होने पर सम्बन्धित ठेकेदार पर 5 लाख की पैनल्टी लगाने के निर्देश दिए गए। इसी के साथ कंठाल एवं सती गेट चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया। कंठाल से सती गेट तक नाली निर्माण कार्य प्रचलित है। रात्रिकालीन शिफ्ट में चौड़ीकरण कार्य के दौरान मलबा हटाने एवं कार्य को गुणवत्तापूर्वक करने के निर्देश प्रदान किए गए। कंठाल चौराहे पर साइड नाली निर्माण कार्य को तीव्र गति से पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किए।

# चैंबर बन रहे हादसों की वजह

## चामुंडा माता चौराहा और बुधवारिया क्षेत्र में बढ़ा खतरा, वाहन चालकों को हो रही परेशानी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सीवरेज एवं ड्रेनेज चैंबरों की खराब स्थिति आम नागरिकों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है। कई स्थानों पर चैंबरों के ढक्कन टूटे हुए हैं, जबकि कई चैंबर सड़क की सतह से नीचे धंस गए हैं। ऐसे हालात दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ा रहे हैं और राहगीरों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

शहर के प्रमुख मार्गों पर स्थित कई चैंबर लंबे समय से मरम्मत की प्रतीक्षा कर रहे हैं। चामुंडा माता चौराहा, बुधवारिया पानी की टंकी क्षेत्र तथा अन्य स्थानों पर खस्ताहाल चैंबर वाहन चालकों के लिए जोखिम पैदा कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार इनकी वजह से दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं, इसके बावजूद स्थायी समाधान नहीं किया जा सका है। चामुंडा माता चौराहे पर सड़क के बीच स्थित एक चैंबर का ढक्कन क्षतिग्रस्त होने से वहां खतरे की स्थिति बनी हुई है। जानकारी के अनुसार कई बार वाहन के पहिए इसमें फंस चुके हैं। दुर्घटना की आशंका को देखते हुए पुलिसकर्मियों द्वारा चैंबर के ऊपर बैरिकेड लगाकर अस्थायी सुरक्षा व्यवस्था की गई है, लेकिन अभी तक इसकी मरम्मत नहीं हो सकी है।

### खुले और धंसे चैंबरों से बढ़ रही दुर्घटना की आशंका

शहर में कई स्थानों पर चैंबरों के ढक्कन खुले पड़े हैं, जबकि कुछ चैंबर सड़क से नीचे धंस गए हैं। विशेषकर रात के समय या यातायात के दबाव वाले क्षेत्रों में ये चैंबर गंभीर दुर्घटनाओं का कारण बन सकते हैं।

### छोटे लेकिन महत्वपूर्ण कार्यों की हो रही अनदेखी

शहर में विकास कार्यों पर बड़े स्तर पर ध्यान दिया जा रहा है, लेकिन जनसुरक्षा से जुड़े छोटे और महत्वपूर्ण कार्यों की उपेक्षा हो रही है। चामुंडा माता चौराहा, फ्रीगंज और बुधवारिया क्षेत्र में स्थित खतरनाक चैंबरों के सुधार की मांग कई बार उठाई जा चुकी है, लेकिन अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है।

## विक्रमादित्य विवि ने ऑनलाइन शिक्षा में रचा नया इतिहास

### 248 छात्र राष्ट्रीय स्तर पर सफल, 15 को मिला एलीट + गोल्ड

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन में डिजिटल और ई-लर्निंग आधारित आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने के प्रयास अब ऐतिहासिक उपलब्धियों में बदलने लगे हैं। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज के सतत प्रयासों का ही परिणाम है कि आज विश्वविद्यालय ने पाठ्यक्रमों में अग्रणी होने का गौरव प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

कुलगुरु प्रो. भारद्वाज ने कहा कि नई शिक्षा नीति (एनईपी 2020) पर कार्य करने की नीतियों के चलते विभिन्न अध्ययनशालाओं के विद्यार्थियों में 'मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स' और 'स्वयम्' पाठ्यक्रमों के प्रति उत्साह लगातार बढ़ रहा है। अब छात्र न्यूनतम क्रेडिट के बजाय अधिकाधिक क्रेडिट अर्जित करने की होड़ में हैं, जिससे परिसर में ऑनलाइन और कौशल-आधारित शिक्षा का एक नया दौर शुरू हो गया है।

विश्वविद्यालय द्वारा शुरू किए गए नवीन पाठ्यक्रमों और आधुनिक नीतियों के कारण इस वर्ष प्रवेश पंजीयन में रिकॉर्ड बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इससे जहां एक ओर विद्यार्थियों का अकादमिक पलायन पूरी तरह से रुक गया है, वहीं दूसरी ओर विश्वविद्यालय का सकल नामांकन अनुपात भी राष्ट्रीय औसत से अधिक हो गया है। इस पंजीयन के तुलनात्मक आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि,गत वर्ष कुल पंजीयन 429 था वहीं वर्तमान सत्र में आज दिनांक तक कुल पंजीयन 987 है।

## सड़क चौड़ीकरण के चलते वाहन चालकों की परेशानी बढ़ी



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में सड़क चौड़ीकरण के चलते कई सड़कें और नालियां खुदी पड़ी हैं। केडी गेट से जूना सोमवारिया तक चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य की वजह से वाहन चालकों को निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में रविवार शाम को केडी गेट क्षेत्र में एक वाहन चालक कड़ी मशक्कत करता देखा गया।

### संत रामपाल महाराज का भव्य सत्संग संपन्न

## सत्य तत्वज्ञान की गूंज से आलोकित हुआ नागेश्वर मेरिज गार्डन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



आध्यात्मिक चेतना, सत्यभक्ति और मानव कल्याण का संदेश लेकर रविवार को मक्सी रोड स्थित निमनवासा चकोर पार्क के समीप नागेश्वर मेरिज गार्डन में कबीर परमेश्वर पंथी जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज के पावन सानिध्य में आदि सनातन धर्म तत्वज्ञान सत्संग का भव्य आयोजन एलईडी प्रोजेक्टर के माध्यम से संपन्न हुआ।

सत्संग में संत रामपाल जी महाराज ने शास्त्रों के प्रमाणों सहित मानव जीवन के वास्तविक उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह दुर्लभ मनुष्य जन्म केवल सांसारिक सुखों के लिए नहीं, बल्कि सतभक्ति करके जन्म-मरण के चक्र तथा 84 लाख योनियों के बंधन से मुक्त होकर पूर्ण मोक्ष प्राप्त करने के लिए मिला है। उन्होंने कहा कि शास्त्रानुकूल भक्ति ही मानव जीवन को सफल बनाती है तथा परमात्मा की कृपा से सुख, शांति और स्थायी आनंद की प्राप्ति होती है। मीडिया सेवादार भक्त मुकेश दास देवल ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में उज्जैन तहसील सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, माताएं, बहनें एवं भक्तजन उपस्थित रहे। सत्संग स्थल पर सर्वधर्मों के आध्यात्मिक ग्रंथों तथा संत रामपाल महाराज द्वारा रचित जीने की राह, ज्ञान गंगा और गीता तेरा ज्ञान अमृत जैसी अमूल्य पुस्तकों का ज्ञान प्रदर्शनी एवं पुस्तक स्टॉल भी लगाया गया, जहां श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक साहित्य का अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान अनेक पुण्यात्माओं ने आध्यात्मिक ज्ञान को समझते हुए परमात्मा से सुख, शांति एवं मोक्ष प्राप्ति के उद्देश्य से निःशुल्क नाम दीक्षा ग्रहण कर भक्ति मार्ग पर आगे बढ़ने का संकल्प लिया। सत्संग का समापन मानवता, सदाचार और विश्व कल्याण की मंगलकामना के साथ संपन्न हुआ।

### सिंहस्थ 2028 की तैयारी तेज, चौराहों की कैमरों से होगी रियल टाइम मॉनिटरिंग

# सिंहस्थ से पहले शहर के 100 चौराहे होंगे हाईटेक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



सिंहस्थ 2028 को लेकर उज्जैन में अधोसंरचना विकास कार्यों ने गति पकड़ ली है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या और यातायात प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए शहर के 100 प्रमुख चौराहों का विकास और आधुनिकीकरण किया जाएगा। इन चौराहों को हाईटेक तकनीक से लैस किया जाएगा, जिससे ट्रैफिक और क्राउड मैनेजमेंट को बेहतर बनाया जा सकेगा।

उज्जैन कलेक्टर रौशन सिंह ने बताया कि सिंहस्थ महाकुंभ की तैयारियों के तहत शहर में सड़कों के विस्तार के साथ-साथ चौराहों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शहर के 100 से अधिक चौराहों को चिन्हित किया गया है, जहां आधुनिक डिजाइन के अनुरूप निर्माण कार्य किया जाएगा। सभी चौराहों पर लेफ्ट टर्न और यू-टर्न की सुविधा को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि यातायात का प्रवाह सुचारु बना रहे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कई प्रमुख सड़कों को छह लेन और चार लेन में विकसित किया जा रहा है। शहर के भीतर 60 से अधिक सड़कों का चौड़ीकरण किया जा रहा है। सड़क निर्माण कार्यों के पूरा होने के बाद चरणबद्ध तरीके से चौराहों का विकास शुरू किया जाएगा। इसके लिए डिजाइन भी तैयार कर ली गई है।

### कैमरों से होगी निगरानी, कंट्रोल रूम से होगा संचालन

कलेक्टर रौशन सिंह के अनुसार सभी विकसित चौराहों को स्मार्ट तकनीक से जोड़ा जाएगा। चौराहों पर लगाए जाने वाले कैमरों और ट्रैफिक सिग्नलों की लाइव फीड एक केंद्रीय कंट्रोल रूम तक पहुंचेगी। इससे किसी भी स्थान पर भीड़ बढ़ने या ट्रैफिक जाम की स्थिति बनने पर तत्काल कार्रवाई की जा सकेगी।

### प्रभावी मॉनिटरिंग हो सकेगी

प्रशासन का दावा है कि हाईटेक चौराहों के माध्यम से पूरे शहर की प्रभावी मॉनिटरिंग संभव होगी। आधुनिक तकनीक के उपयोग से यातायात प्रबंधन अधिक सुगम बनेगा और सिंहस्थ के दौरान लाखों श्रद्धालुओं की आवाजाही को व्यवस्थित किया जा सकेगा। सिंहस्थ 2028 से पहले सभी प्रस्तावित चौराहों का निर्माण और आधुनिकीकरण पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि महाकुंभ के दौरान शहर में बेहतर यातायात व्यवस्था और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित किया जा सके।

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर



## न्यूज ब्रीफ

### युवा तम्बाकू और धूम्रपान से दूर रहें : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों से तंबाकू और धूम्रपान से स्वयं को दूर रखने और स्वस्थ जीवन के लिए दूसरों को भी प्रेरित करने की अपील की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि तंबाकू का सेवन अनेक बीमारियों की जड़ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्व धूम्रपान निषेध दिवस पर सोशल मीडिया पर जारी संदेश में कहा कि यह दिवस धूम्रपान से दूर रहने के लिए हम सबको प्रेरित और जागरूक करता है।

### मुख्यमंत्री ने किसानों के साथ सुना मन की बात कार्यक्रम

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुजालपुर में किसानों और स्थानीय निवासियों के साथ ₹मन की बात₹ कार्यक्रम सुना। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का यह 134वां संस्करण था। शुजालपुर (जिला शाजापुर) के शासकीय जेएनएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कार्यक्रम के दौरान उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, सांसद महेंद्र सोलंकी, विधायक घनश्याम चंद्रवंशी, अन्य जन प्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कालाकुंड पहुंचे कलेक्टर शिवम वर्मा ,विकास कार्यों की दी सौगातें

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सुशासन एवं संवेदनशील प्रशासनिक व्यवस्था के तहत दिए गए दिशा निदेर्शानुसार कलेक्टर शिवम वर्मा शुक्रवार रात्रि ग्राम चौपाल कार्यक्रम के तहत इंदौर जिले के दूरस्थ एवं प्राकृतिक वादियों के बीच बसे कालाकुंड ग्राम पहुंचे। प्राकृतिक सौंदर्य और दूध से बने प्रसिद्ध उत्पाद ह्यकलाकंदह्ण के लिए विख्यात इस ग्राम में आयोजित अनौपचारिक चौपाल में उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और आवश्यकताएं जानीं। उन्होंने क्षेत्र को अनेक सौगातें भी दी। कलेक्टर श्री वर्मा ने क्षेत्र की विशेषताओं और पर्यटन की अपार संभावनाओं को देखते हुए कालाकुंड को आदर्श पर्यटक ग्राम के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यहां संचालित होमस्टे कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा तथा ग्रामीणों को आवश्यक प्रशिक्षण और सुविधाएं उपलब्ध कराकर पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा।

### मसाला निमार्ताओं पर छापामार कार्रवाई: 09 नमूने लिए गए

**इंदौर।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा मध्यप्रदेश द्वारा प्रदेशभर में खाद्य पदार्थों में मिलावट के विरुद्ध प्रभावी एवं सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संभागवार संभागीय खाद्य उड़नदस्ता का गठन किया गया है। उड़नदस्ते द्वारा आयुक्त के निदेर्शानुसार विशेष रूप से मसालों में संभावित मिलावट की जांच हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में इंदौर संभाग के लिए गठित संभागीय खाद्य उड़नदस्ता, इंदौर द्वारा आज इंदौर जिले में मिर्च एवं मसाला निर्माण इकाइयों पर छापामार कार्रवाई कर नमूना संग्रहण एवं जांच की कार्रवाई की गई। राठौर ट्रेडर्स, खंडवा रोड, कैलोद करताल, इंदौर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में मिर्च पाउडर एवं धनिया पाउडर का निर्माण किया जाना पाया गया। मौके से मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, खड़ा धनिया एवं धनिया दाल के कुल 04 नमूने जांच हेतु लिए गए। लिए गए नमूने राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं। सौरभ स्पाइसेस प्राइवेट लिमिटेड, खंडवा रोड, इंदौर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान हल्दी पाउडर, मिर्च पाउडर एवं राई दाल के कुल 03 नमूने जांच हेतु लिए गए। नमूनों को विस्तृत परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।एच.के. फूड, खंडवा रोड, इंदौर का निरीक्षण किया गया। मौके से मिर्च पाउडर एवं नूडल्स मसाला के कुल 02 नमूने जांच हेतु लिए गए। निरीक्षण के दौरान संदेहास्पद खाद्य सामग्री पाए जाने पर शेष भंडारित स्टॉक को सुरक्षित अभिरक्षा में लिया गया।

### रोजगार मेला 300 से अधिक युवाओं को मिलेगी नौकरी

**इंदौर।** राज्य शासन के निदेर्शानुसार इंदौर जिले में युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक दिवसीय रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। यह रोजगार मेला जिला प्रशासन के निर्देशन में जिला रोजगार कार्यालय इंदौर द्वारा 01 जून 2026 को जिला रोजगार कार्यालय (जिला उद्योग केन्द्र परिसर), इंदौर में प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक आयोजित होगा। रोजगार मेले में युवाओं को करियर निर्माण के अवसरों के साथ स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने हेतु ऋण प्रक्रिया संबंधी मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा। मेले में कई प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी, जिनमें डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम यूनिवर्सिटी, सूर्यवंशी मशीन टूल्स, यूनिफाई एचआर सोल्युशन, ओशियन मोटर्स एवं मोजेक प्रा.लि. शामिल हैं। इन कंपनियों द्वारा 300 से अधिक रिक्त पदों पर प्रारंभिक चयन किया जाएगा। उप संचालक रोजगार पी.एस. मंडलोई ने बताया कि मेले में डिजिटल मार्केटिंग, केमिस्ट, अकाउंटेंट, बैक ऑफिस, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सेल्स, सुपरवाइजर तथा टेक्नीशियन (ट्रेनी) जैसे फिटर, टर्नर और मशीनिस्ट सहित विभिन्न पदों के लिए आकर्षक वेतन पर रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे। कंपनियों के प्रतिनिधि आवेदकों के साक्षात्कार लेकर प्रारंभिक चयन करेंगे।

### कौशल प्रशिक्षण से अंतर्राष्ट्रीय रोजगार तक पहुंच रहे मध्यप्रदेश के युवा

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव के विजन को साकार कर रहा ग्लोबल स्किल पार्क

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क कौशल विकास की उस नई कार्य संस्कृति का सशक्त उदाहरण बनकर उभरा है, जहां प्रशिक्षण केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं को वैश्विक उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में विकसित हो रहा कौशल तंत्र अब युवाओं को अंतरराष्ट्रीय रोजगार अवसरों से भी जोड़ रहा है।




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश में कौशल विकास को औद्योगिक विकास, निवेश और रोजगार से जोड़ते हुए युवाओं के लिए नए अवसर निर्मित किए जा रहे हैं। इसी दिशा में कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल के मार्गदर्शन में प्रदेश में कौशल आधारित प्रशिक्षण व्यवस्थाओं को अधिक उद्योगोन्मुख और रोजगारपरक बनाया गया है, जिसके सकारात्मक परिणाम अब सामने आने लगे हैं। एसएसआरजीएसपी में विद्यार्थियों को अत्याधुनिक मशीनों, सिम्युलेशन आधारित प्रशिक्षण, व्यवहारिक अभ्यास और उद्योगों की वास्तविक आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किए गए पाठ्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाता है। प्रशिक्षण प्रक्रिया में आधुनिक कौशल, व्यवहारिक प्रशिक्षण तकनीकी दक्षता के साथ-साथ कार्यस्थल अनुशासन, व्यावसायिक व्यवहार, सुरक्षा मानकों और अंतरराष्ट्रीय कार्य संस्कृति की समझ पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। यही कारण है कि संस्थान से प्रशिक्षित युवा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों की अपेक्षाओं पर खरे उतर रहे हैं।

कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री टेटवाल ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि हंगरी में विद्यार्थियों का चयन प्रदेश के कौशल विकास मॉडल की गुणवत्ता और प्रभावशीलता को प्रदर्शित करता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार युवाओं को केवल प्रशिक्षण नहीं, बल्कि रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य के साथ कार्य कर रही है।

### तीन प्रशिक्षणार्थियों को मिला हंगरी जॉब

संस्थान के बैच-9 के तीन विद्यार्थियों का चयन हंगरी में रोजगार के लिए हुआ है। चयनित विद्यार्थी हंगरी पहुंचकर अपने पेशेवर दायित्वों का निर्वहन प्रारंभ कर चुके हैं। यह उपलब्धि प्रदेश में विकसित हो रहे आधुनिक कौशल प्रशिक्षण मॉडल और उद्योगोन्मुख शिक्षा व्यवस्था को रेखांकित करती है।हंगरी में रोजगार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में एडवांस्ड मैकेनिकल टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम के विद्यार्थी लकी साहू तथा एडवांस्ड मैकेनिकल एंड इलेक्ट्रिकल सर्विसेज पाठ्यक्रम के विद्यार्थी रौशन कुमार एवं मयंक जांगिड़ शामिल हैं। सिवनी, चंपारण और दौसा जैसे क्षेत्रों से आने वाले इन विद्यार्थियों ने यह सिद्ध किया है कि अवसर और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण मिलने पर युवा वैश्विक स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बना सकते हैं।



### महिला, एससी-एसटी और ओबीसी प्रतिनिधित्व बढ़ाने पर फोकस

## गतिविधयां तेज: भाजपा की नई प्रदेश कार्यसमिति जल्द

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मध्यप्रदेश भाजपा में नई प्रदेश कार्यसमिति को लेकर संगठनात्मक गतिविधियां तेज हो गई हैं। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के नेतृत्व में बनने जा रही नई कार्यसमिति को अंतिम रूप देने का काम लगभग पूरा हो चुका है। पार्टी सूत्रों के अनुसार नई कार्यसमिति की घोषणा जल्द की जा सकती है। इसके बाद अगले महीने ऐतिहासिक नगरी ओरछा में पहली प्रदेश कार्यसमिति बैठक आयोजित करने की तैयारी है। भाजपा संगठन इस बैठक को आगामी नगरीय निकाय चुनाव और 2028 विधानसभा चुनाव की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण मान रहा है। बैठक में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, चुनावी रणनीति तैयार करने और आगामी तीन महीने की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

इस बार भाजपा संगठन कार्यसमिति का आकार सीमित रखने की रणनीति पर काम कर रहा है। पार्टी संविधान के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यसमिति को करीब 105 सदस्यों तक सीमित रखने का निर्णय लिया है। वहीं विशेष आमंत्रित सदस्यों की संख्या भी कुल का अधिकतम 30 प्रतिशत यानी लगभग 32 तक रखने का फामूर्ला तय किया गया है। इसे भाजपा संगठन में बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। पिछले कुछ कार्यकालों में कार्यसमिति का आकार लगातार बढ़ता गया था। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, नंदकुमार सिंह चौहान और राकेश सिंह के कार्यकाल में कार्यसमिति सदस्य, स्थायी आमंत्रित और विशेष आमंत्रित मिलाकर संख्या 400 से अधिक तक पहुंच गई थी।

### बड़े शहरों का प्रभाव हो सकता है कम

कार्यसमिति का आकार छोटा होने से इस बार बड़े शहरों का दबदबा कम हो सकता है। अब तक भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, सागर और जबलपुर जैसे बड़े जिलों का कार्यसमिति में अधिक प्रभाव रहा है। लेकिन इस बार छोटे जिलों और नए चेहरों को भी अवसर देने की तैयारी है। संगठन का मानना है कि इससे क्षेत्रीय संतुलन बेहतर होगा और जिलों में संगठनात्मक सक्रियता बढ़ेगी। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल लगभग दस महीने बाद नई कार्यसमिति का गठन कर रहे हैं। कार्यसमिति घोषित होने के बाद उनके कार्यकाल की पहली बैठक ओरछा में आयोजित की जाएगी।

### महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर

नई कार्यसमिति के गठन में महिला प्रतिनिधित्व भाजपा की प्राथमिकता में है। शामिल है। सूत्रों के मुताबिक पिछली कार्यसमिति में महिलाओं की हिस्सेदारी करीब 17 प्रतिशत थी, जिसे इस बार बढ़ाकर 25 से 30 प्रतिशत तक ले जाने की तैयारी है। भाजपा संगठन महिला मोर्चो से जुड़े सक्रिय चेहरों, जनप्रतिनिधियों और संगठनात्मक अनुभव रखने वाली महिला नेताओं को अवसर देने की रणनीति पर काम कर रहा है। माना जा रहा है कि नई कार्यसमिति में 30 से अधिक महिलाओं को जगह मिल सकती है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि महिला प्रतिनिधित्व बढ़ाने के पीछे भाजपा की नजर शहरी महिला मतदाताओं और युवा महिला नेतृत्व को मजबूत करने पर भी है। सामाजिक संतुलन साधने की कोशिश भाजपा संगठन इस बार सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन साधने पर विशेष ध्यान दे रहा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग से आने वाले नेताओं को प्राथमिकता दिए जाने के संकेत हैं। सूत्रों के अनुसार पार्टी नए सामाजिक समीकरणों को ध्यान में रखते हुए ऐसे चेहरों को आगे लाना चाहती है, जो जमीनी स्तर पर सक्रिय हों और संगठनात्मक पकड़ रखते हों।

## सालों बाद सोयाबीन के बीज की किल्लत

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



गत वर्ष सोयाबीन के चमकते भाव को लेकर किसानों में खुशी थी। मगर अब अगली फसल के लिए सोयाबीन के बीज की किल्लत को लेकर किसान खासे परेशान हैं। बाजार में अप्रमाणिक बीज धड़ल्ले से बिक रहा है। प्रमाणिक बीज के भाव 11000 रुपये क्विंटल तक पहुंच गए हैं।

इस दौरान जिले के बीज निगम पर भी ताले लग गए हैं। अब तक किसानों के लिए बीज निगम का प्रमाणिक बीज बहुत बड़ा सहारा बन जाया करता था। अब किसान सरकारी बीज संस्था तथा बीज कंपनियों के भरोसे ही सोयाबीन की बोवनी कर पाएगा। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि जिले में बीज की किल्लत नहीं है। जिले में करीब 5 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सोयाबीन की बोवनी की जाती है। कृषि विभाग के अनुसार बोवनी के लिए करीब 40 हजार टन बीज की जरूरत होती है। इसमें 20 से 25 फीसद बीज किसान आपस में ले-दे लेते हैं। बावजूद किसानों को 30 हजार टन सोयाबीन बीज को खरीदना पड़ता है। 15 जून से बरसात की अनुकूलता बनने पर बीज की जरूरत पड़ने लग जाएगी। लेकिन बाजार में अभी से सोयाबीन के बीज की कमी महसूस की जा रही है।

### स्मृतियों को चिरस्थायी बनाने के लिए

## इंदौर में बन रहा 150 करोड़ का अहिल्या स्मारक, 2027 तक होगा पूरा



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

देवी अहिल्याबाई होल्कर की आज 301वीं जयंती है। होल्कर रियासत की शासिका रहीं देवी अहिल्याबाई के कार्यकाल को समाप्त हुए लगभग 230 वर्ष से अधिक हो चुके हैं, लेकिन उनके द्वारा किए गए जनकल्याण के कार्य आज भी लोगों के स्मरण में जीवित हैं। अहिल्याबाई इंदौर प्रवास के दौरान छत्रीबाग में ठहरी थीं। उसी स्थान पर उनकी प्रतीकात्मक छतरी का निर्माण कराया गया था। अब इंदौर में उनकी स्मृतियों को चिरस्थायी बनाने के लिए रामपुर कोठी में देवी अहिल्या स्मारक का निर्माण किया जा रहा है।

31 मई 1725 को जन्मीं अहिल्याबाई का विवाह वर्ष 1735 में मल्हारराव होल्कर के पुत्र खंडेराव होल्कर से हुआ था। वर्ष 1745 में उन्हें पुत्ररत्न की प्राप्ति हुई। होल्कर राज्य के संस्थापक मल्हारराव होल्कर उनके ससुर थे। कुम्हेर युद्ध में खंडेराव होल्कर का निधन हो गया था। इसके बाद मल्हारराव होल्कर ने शासन संभाला। उनके निधन के बाद अहिल्याबाई के पुत्र मालेराव ने राजकाज संभाला, लेकिन उनके आकस्मिक निधन के बाद वर्ष 1767 में देवी अहिल्याबाई ने होल्कर रियासत की बागडोर संभाली। उन्होंने लगभग 28 वर्ष 5 माह 17 दिन तक राज्य का कुशल संचालन किया। 13 अगस्त 1795 को उनका निधन हुआ।

महाराजा हरिराव होल्कर के कार्यकाल में रामपुर नवाब के लिए रामपुर कोठी का निर्माण कराया गया था। रामपुर नवाब की होल्कर परिवार से घनिष्ठ मित्रता थी।

### मध्यप्रदेश ने रचा इतिहास, सिटीजन फीडबैक में देश में प्रथम स्थान पर

## कीर्तिमान: 35.69 लाख से अधिक सजग नागरिकों ने दर्ज कराया ऑनलाइन फीडबैक

### स्वच्छता और डिजिटल इंडिया के क्षेत्र में प्रदेश का अभूतपूर्व कीर्तिमान

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'स्वच्छ भारत' के संकल्प को धरातल पर अक्षरशः चरितार्थ करने तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने स्वच्छता के क्षेत्र में पुनः एक स्वर्णिम अध्याय लिखा है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत संचालित देशव्यापी 'सिटीजन फीडबैक' (नागरिक प्रतिक्रिया) अभियान में, वर्ष 2011 की जनगणना के मानदंडों के आधार पर, मध्यप्रदेश समस्त राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में देश में प्रथम स्थान पर रहा है। प्रदेश के 35.69 लाख से अधिक जागरूक नागरिकों ने ऑनलाइन माध्यमों से अपनी सहभागिता दर्ज कराकर न केवल स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई है, अपितु यह भी सिद्ध कर दिया है कि डिजिटल इंडिया के युग में मध्यप्रदेश के नागरिक तकनीकी रूप से आगे हैं।



नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रदेशवासियों और अथक परिश्रमी 'सफाई मित्रों' का अभिनंदन किया है। उन्होंने कहा कि नागरिकों की अटूट जागरूकता और विभागीय अमले की कर्तव्यनिष्ठता के समन्वय से ही प्रदेश स्वच्छता के उच्च शिखर पर निरंतर गतिमान है। राज्य स्तर पर स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 की टीम द्वारा इस वर्ष एक अनूठी '360 डिग्री रणनीति' का क्रियान्वयन किया गया।

इस समेकित कार्ययोजना के अंतर्गत सभी नगरीय निकायों के सोशल मीडिया हैंडल्स के माध्यम से 60 लाख से अधिक जनमानस तक पहुँच स्थापित की गई। इसके अतिरिक्त पारंपरिक और आधुनिक संचार माध्यमों जैसे कचरा संग्रहण वाहनों, समाचार पत्रों, रेडियो, दूरदर्शन के ऑडियो-वीडियो संदेशों तथा घर-घर जाकर चलाए गए सघन जन-जागरूकता अभियानों से समाज के हर वर्ग को इस पुनीत कार्य से जोड़ा गया।डिजिटल सहभागिता को सुगम और व्यापक बनाने के उद्देश्य से राज्य स्तर से एक करोड़ से अधिक लक्षित एसएमएस (स्टर) प्रेषित किए गए। इसके साथ ही, आधुनिक युग के प्रभावशाली संचारकों–सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स–का भी सहयोग लिया गया, जिससे युवाओं में अभूतपूर्व उत्साह का संचार हुआ। इस व्यापक और भगीरथ प्रयास का परिणाम धरातल पर स्पष्ट दिखाई दे रहा है। विशेष रूप से प्रदेश की राजधानी भोपाल के नागरिकों में इस वर्ष अपूर्व उत्साह देखा गया है। जहाँ गत वर्ष भोपाल में मात्र 5.13 हजार नागरिकों ने अपना फीडबैक दिया था, वहीं इस वर्ष यह आंकड़ा 3.86 लाख को पार कर गया है।

## निकाय और पंचायत चुनाव की तैयारी में जुटी भाजपा

### संगठन स्तर पर बैठकों का दौर तेज हो गया है और प्रदेश से लेकर मंडल स्तर तक चुनावी रणनीति तैयार की जा रही

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मप्र में आगामी नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों को लेकर भाजपा ने अभी से पूरी ताकत झोंक दी है।

संगठन स्तर पर बैठकों का दौर तेज हो गया है और प्रदेश से लेकर मंडल स्तर तक चुनावी रणनीति तैयार की जा रही है। भाजपा का फोकस इस बार बूथ प्रबंधन, नए मतदाताओं तक पहुंच और सरकार की योजनाओं के प्रचार पर है। पार्टी का मानना है कि लोकसभा और विधानसभा चुनावों में मिली सफलता को स्थानीय निकाय चुनावों में भी दोहराया जा सकता है। प्रदेश भाजपा संगठन ने सभी जिलों में प्रभारी और सह-प्रभारियों को सक्रिय कर दिया है। नगर निगम, नगर पालिका और नगर परिषद क्षेत्रों के साथ-साथ पंचायत स्तर पर भी कार्यकताओं की जिम्मेदारियां तय की जा रही हैं। पार्टी गांव-गांव और वार्ड-वार्ड तक पहुंचने के लिए विशेष अभियान चलाने की तैयारी में है।

इसके तहत केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से सीधा संवाद स्थापित किया जाएगा।



### पन्ना प्रमुखों को फिर से सक्रिय करने के निर्देश

भाजपा की रणनीति का सबसे बड़ा आधार बूथ मैनेजमेंट माना जा रहा है। पार्टी प्रत्येक बूथ पर सक्रिय कार्यकर्ता टीम तैयार कर रही है। पन्ना प्रमुखों को फिर से सक्रिय करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा युवाओं और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। पार्टी संगठन का मानना है कि स्थानीय चुनावों में व्यक्तिगत संपर्क और स्थानीय मुद्दे सबसे ज्यादा प्रभाव डालते हैं, इसलिए छोटे स्तर पर मजबूत नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा किसान, महिला स्व-सहायता समूहों और हितग्राही वर्ग पर फोकस कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरकार की योजनाओं, लाड़ली बहना योजना, किसान हितैषी फैसलों और ग्रामीण विकास कार्यों को चुनावी मुद्दा बनाया जाएगा।

### विस चुनाव से पहले ताकत का परीक्षण

पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का कहना संगठन विस्तार, बूथ मजबूती और जनकल्याणकारी योजनाओं के सहारे ग्रामीण-शहरी वोट बैंक साधने की रणनीति है कि पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव संगठन की वास्तविक ताकत का परीक्षण होते हैं। इसी कारण भाजपा इन चुनावों को बेहद गंभीरता से ले रही है। प्रदेश स्तर पर लगातार समीक्षा बैठकें हो रही हैं और जिलों से फीडबैक लिया जा रहा है। उम्मीदवार चयन को लेकर भी पार्टी इस बार सतर्क नजर आ रही है। स्थानीय स्तर पर लोकप्रिय और सक्रिय चेहरों को प्राथमिकता दिए जाने की संभावना है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव 2028 के विधानसभा चुनावों की दिशा तय करने वाले साबित हो सकते हैं।

## न्यूज कालम




### विधायक मेव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को भेंट किए कंबल व बेडशीट

**मंडलेश्वर ।** क्षेत्र के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंडलेश्वर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विधायक राजकुमार मेव द्वारा 20 कंबल एवं 20 बेडशीट प्रदान किए गए। विधायक की इस पहल से अस्पताल में भर्ती मरीजों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी तथा उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। विधायक राजकुमार मेव ने कहा कि मरीजों की सेवा और उनकी सुविधाओं का ध्यान रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। अस्पताल में आने वाले जरूरतमंद मरीजों को बेहतर वातावरण और आवश्यक संसाधन उपलब्ध हों, इसी उद्देश्य से कंबल और बेडशीट उपलब्ध कराए गए हैं।इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सतीश चंद्र मोयदे, एल्डरमैन मंजुला मेवाड़े, अनिरुद्ध हलवे, पार्षद नितिन पाटीदार, पूर्व पार्षद गोपी केवट सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. विशाल बामनिया, डॉ. सुजीत यादव, डॉ. महेश पाटीदार, डॉ दुर्गेंद्र सोलंकी तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।अस्पताल प्रबंधन ने विधायक राजकुमार मेव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सहयोग से मरीजों को राहत मिलेगी और अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सहायता प्राप्त होगी। कार्यक्रम का समापन मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य एवं सेवा भावना के संकल्प के साथ हुआ।

### उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की बैठक सम्पन्न

**बड़वानी।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत ३० मई को कलेक्टर सभागृह में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बड़वानी द्वारा अंतर्विभागीय बैठक आयोजित की गई । जिसमें सभी विभागों के अधिकारी, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग बड़वानी, एनआरएलएम, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य डाइट, बीईओ, एपीसी, बीआरसीसी, विकासखंड अकादमिक, जनशिक्षक, संकुल सह समन्वयक, स्वयं सेवी संस्थाएं, आनंदम, एजुकेट गर्ल्स, जन अभियान परिषद, पहल जनसहयोग सामाजिक संस्था एवं ऑनलाइन हाई स्कूल / हायर सेकेंडरी प्राचार्य, जनपद सीईओ, जुड़े ।मुख्य कार्यपालन अधिकारी काजल जावला, सहायक कलेक्टर एवं साक्षरता नोडल अधिकारी श्री माधव अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक श्री रवि वर्मा द्वारा उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के सुचारू संचालन एवं जिला का लक्ष्य प्राप्ति हेतु सभी विभागों से सर्वे चिन्हांकन, छात्र छात्राओं, स्वयं सेवकों को अक्षर साथियों का पंजीयन कराने, सामाजिक चेतना केंद्रों के संचालन के लिए ग्राम स्तर पर विशेष अभियान चलाकर सहयोग करने, नियमित मॉनिटरिंग करने एवं सितंबर माह की मूल्यांकन परीक्षा में जिले के लक्ष्य के अनुसार नव साक्षरों को शामिल कराने के लिए निर्देशित किया गया ।

### प्रदेश प्रभारी डॉक्टर महेंद्र सिंह खंडवा बुरहानपुर के प्रवास पर रहे




**खंडवा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह रविवार को खंडवा बुरहानपुर जिले के प्रवास पर रहे, प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि प्रदेश प्रभारी डा. महेंद्र सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम मांधाता विधानसभा के ग्राम भोसली में जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम वासियों की उपस्थिति में सुना वहीं दोपहर में बुरहानपुर पहुंचकर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के बुरहानपुर स्थित निवास पहुंचकर विगत माह उनके भाई के दुखद निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त की। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि रविवार को ही भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने रविवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत बुरहानपुर के मंगल विलास परिसर में आयोजित जिला प्रशिक्षण वर्ग पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन कर सत्र को संबोधित किया।

### सद्भावना मंच द्वारा मनाई गई देवी अहिल्याबाई की जयंती



**खंडवा।** उस युग में भारतीय शासन का नेतृत्व करने वाली कुछ गिनी-चुनी महिलाओं में से एक मालवा एवं निमाड़ की न्यायप्रिय महारानी अहिल्याबाई होलकर की जयंती सद्भावना मंच सदस्यों द्वारा मनाई गई। यह जानकारी देते हुए मंच के निर्मल मंगवानी ने बताया कि इस अवसर पर संस्थापक प्रमोद जैन ने कहा कि देवी अहिल्याबाई हिंदू मंदिरों की एक महान प्रवर्तक और निमार्ता थीं। उन्होंने पूरे भारत में सैकड़ों मंदिर और धर्मशालाएं बनवाईं। देवी अहिल्याबाई का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के वर्तमान अहमदनगर जिले के चौंडी गांव में हुआ था। जिन्होंने 1767 से 1795 तक शासन किया। देवी अहिल्याबाई ने महिलाओं और समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए कई कार्य किए। उन्होंने मंदिरों का निर्माण कराया और धर्म के प्रचार-प्रसार में योगदान दिया। विशेष रूप से उन्होंने मंदिरों के निर्माण और पुनर्निर्माण के अनेक कार्य किए। इस अवसर पर मंच संस्थापक प्रमोद जैन, पूर्व डीएसपी आनंद तोमर, जगदीशचंद्र चौरे, ओम पिल्लै, जीडी सराफ, अनुप शर्मा, गणेश भावसार, निर्मल मंगवानी, अर्जुन बुंदेला, कमल नागपाल, डॉ. एमएम कुरेशी, राधेश्याम शाक्य, अशोक जैन, सुभाष मीणा, पं. कृष्ण कुमार व्यास, उपस्थित थे।

## ऑपरेशन क्लीन के तहत रतलाम पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# कांबिंग गश्त कर गुंडे-बदमाशों, वारंटियों एवं असामाजिक तत्वों पर कसा शिकंजा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

जिले में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा विभिन्न प्रकरणों में लंबे समय से फरार आरोपियों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु पुलिस महानिदेशक, पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक रतलाम श्री अमित कुमार (भा.पु.से.) के नेतृत्व में जिलेभर में ऑपरेशन क्लीन अभियान सतत रूप से संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में दिनांक 30-31 मई 2026 की दरमियानी रात्रि से प्रातःकाल तक जिले के सभी अनुभागों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विवेक कुमार लाल के मार्गदर्शन में व्यापक कांबिंग गश्त अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान प्रशिक्षु आईपीएस श्री वैभव प्रिय, प्रभारी नगर




पुलिस अधीक्षक रतलाम श्री अजय सारवान, एसडीओपी रतलाम श्री किशोर पाटनवाला, नगर पुलिस अधीक्षक जावरा श्री युवराज सिंह चौहान, एसडीओपी जावरा श्री संदीप मालवीय, एसडीओपी सैलाना सुश्री नीलम बघेल, एसडीओपी आलोट सुश्री पल्लवी गौर एवं उप पुलिस अधीक्षक यातायात श्री आनंद स्वरूप सोनी के नेतृत्व में संबंधित थाना प्रभारियों एवं पुलिस बल की विशेष टीमें गठित कर कार्रवाई की गई।

कांबिंग गश्त के दौरान जिलेभर में पुलिस टीमों द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए विभिन्न प्रकरणों में लंबे समय से फरार चल रहे कुल 79 स्थाई वारंटियों एवं 103 गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। अभियान के दौरान कई फरार आरोपियों एवं वारंटियों को उनके संभावित ठिकानों पर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया।

**मई माह में ऑपरेशन क्लीन के तहत उल्लेखनीय सफलता**

पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार के निर्देशन में संचालित ऑपरेशन क्लीन अभियान के तहत रतलाम पुलिस द्वारा मई माह में अपराधियों एवं फरार वारंटियों के विरुद्ध व्यापक कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान जिलेभर में कुल 201 स्थाई वारंट एवं 1201 गिरफ्तारी वारंट तामील कराए गए।

अभियान के दौरान सभी अनुभागों में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पुलिस बल की ब्रीफिंग कर टीमों को रवाना किया गया। पुलिस अधिकारियों द्वारा स्वयं पुलिस बल के साथ पैदल भ्रमण कर विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय गुंडे-बदमाशों, हिस्ट्रीशीटरों, निगरानी बदमाशों, जिला बदर अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों की सघन चेकिंग एवं सत्यापन किया गया। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त तत्वों पर विशेष निगरानी रखी गई।

पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार ने कहा कि जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई हेतु ऑपरेशन क्लीन के अंतर्गत इस प्रकार की कांबिंग गश्त, निगरानी एवं धरपकड़ की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। असामाजिक तत्वों, आदतन अपराधियों एवं कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर एवं वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। विभिन्न प्रकरणों में फरार आरोपियों एवं स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार कार्यवाही की जा रही है। रतलाम पुलिस आमजन से भी अपील करती है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, आपराधिक गतिविधि अथवा कानून व्यवस्था से संबंधित सूचना तत्काल नजदीकी थाना अथवा पुलिस कंट्रोल रूम को प्रदान करें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

# बुरहानपुर में संजय कुमार चित्ते का भावपूर्ण सेवा निवृत्ति समारोह

### 35 वर्ष की सेवा के लिए सम्मानित, सहकर्मियों ने सराहा कर्तव्यनिष्ठ और सहयोगी व्यक्तित्व

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद ष्टष्टक्ररू, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के अधीन संचालित नैदानिक चिकित्सा अनुसंधान इकाई, बुरहानपुर में 30 मई 2026 को प्रयोगशाला सहायक श्री संजय कुमार चित्ते के सम्मान में सेवा निवृत्ति समारोह आयोजित किया गया।इकाई की प्रभारी अनुसंधान अधिकारी डॉ. यासमीन फातिमा की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम का संचालन हितेश सोनी ने किया। समारोह में इकाई के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में संतोषसिंह दीक्षित, कर्मचारी यूनियन नेता बनवारीलाल मेटकर और समाजसेवी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के उप प्रांताध्यक्ष अताउल्लाह साहब उपस्थित थे। कार्यालय स्टाफ में डॉ. इमरान जावेद, डॉ. इमरान खान, सिराज अहमद, अमन नगर और गणेश आमोद शामिल रहे।

वक्ताओं ने चित्ते के लगभग 35 वर्षों के समर्पित, अनुकरणीय और उत्कृष्ट सेवाकाल की सराहना की और उनके कर्तव्यनिष्ठ, सरल एवं सहयोगी व्यक्तित्व को स्मरण किया। सभी ने उनके स्वस्थ, सुखमय और दीघार्यु जीवन की मंगलकामनाएं व्यक्त कीं।

समारोह के अंत में संजय कुमार चित्ते ने अपने सेवाकाल के अनुभव साझा करते हुए सभी अधिकारियों, सहकर्मियों और कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# मन की बात के 134वें संस्करण का किसानों के साथ सामूहिक श्रवण

### विधायक मेव ने सुनी किसानों की समस्याएं

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर



भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के १३४वें संस्करण का सामूहिक श्रवण कार्यक्रम रविवार को शाखा सहकारी सोसायटी मर्यादित (बी-पैक्स) कार्यालय, मंडलेश्वर में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक राजकुमार मेव ने किसानों के साथ बैठकर कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा एवं सुना।कार्यक्रम के पश्चात विधायक मेव ने उपस्थित किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं जिज्ञासाओं को जाना। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे तथा शासन की विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा।

इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों में शाखा प्रबंधक कपिल नेगी, राकेश वर्मा एवं जितेंद्र कुशवाह उपस्थित रहे। वहीं जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा पदाधिकारियों में भाजपा के वरिष्ठ नेता सतीश चंद्र मोयदे, मंडल अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र पाटीदार, एल्डरमैन मंजुला मेवाड़े, अनिरुद्ध हलवे, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा, समाजसेवी एवं पार्षद नितिन पाटीदार, युवा नेता विक्की पाटीदार ,हरी गाडगे, ब्रह्मदत्त चौहान, सहित सुरेश व्यास, वीरेंद्र पाटीदार,संदीप हिरवे, जया वर्मा, मौजूद रहे।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों एवं भाजपा कार्यकताओं ने भाग लेकर प्रधानमंत्री के विचारों को सुना और कृषि, ग्रामीण विकास तथा आत्मनिर्भर भारत से जुड़े विषयों पर चर्चा की। विधायक राजकुमार मेव ने कहा कि किसानों की समृद्धि और ग्रामीण विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं।



### बुरहानपुर के लोहार मंडी में रस्सी के गोदाम में भीषण आग, लाखों का सामान जलकर खाक

**बुरहानपुर।** लोहार मंडी क्षेत्र में रविवार सुबह करीब ५ बजे एक रस्सी के गोदाम में भीषण आग लग गई। अज्ञात कारणों से लगी आग ने पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मचा दी और दूर-दूर तक धुआं दिखाई दे रहा था।आग लगने के समय गोदाम के ऊपर बने घर में एक परिवार सो रहा था। स्थानीय लोगों ने आग देखकर चिल्लाकर परिवार को सूचित किया, जिससे सभी की जान बच गई। क्षेत्रवासियों ने अपने घरों से पानी लाकर आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि अग्निशमन वाहन देर से मौके पर पहुंचा, जिससे लोगों में आक्रोश देखा गया। सूचना मिलने पर गणपति नाका थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची, जहां बड़ी संख्या में लोग जमा थे।आग से गोदाम में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। फिलहाल गोदाम के मालिक और ऊपर रह रहे परिवार के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं मिल पाई है।

# डिलीवरी बॉय के जरिए शहर में सप्लाई हो रही थी नशीली गोलियां, 1600 अल्प्राजोलम टैबलेट के साथ 4 आरोपी गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

जिले में नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अल्प्राजोलम नामक प्रतिबंधित नशीली दवा की सप्लाई करने वाले नेटवर्क का पदार्फाश किया है। पुलिस ने 1600 अल्प्राजोलम टैबलेट, दो इलेक्ट्रिक स्कूटर, चार मोबाइल फोन और नगदी जब्त कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार 30 मई की देर रात थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक प्रवीण आर्य को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रेलवे ब्रिज के नीचे कब्रिस्तान के पास दो व्यक्ति नशीली गोलियां बेचने की फिराक में खड़े हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर



पहुंचकर घेराबंदी की और दो संदिग्धों को पकड़ लिया।

तलाशी के दौरान मो. रईस पिता मो. लईक खान (32) निवासी हातमपुरा तथा शेख साहिल पिता शेख महमूद (25) निवासी छीपा कॉलोनी के कब्जे से 100 अल्प्राजोलम टैबलेट, एक इलेक्ट्रिक स्कूटर, दो मोबाइल फोन और एक हजार रुपये नकद बरामद हुए। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी शहर में डिलीवरी बॉय की तरह नशीली गोलियों की सप्लाई कर रहे थे। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने बुरहानपुर में दबिश देकर फारिस पिता छोटे खां (40) निवासी लालबाग और सुभाष पिता फकीरा महाजन (60) निवासी सिकरपुरा को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 1500 अल्प्राजोलम टैबलेट, एक इलेक्ट्रिक स्कूटर और दो मोबाइल फोन जब्त किए गए।

पुलिस ने कुल 1600 अल्प्राजोलम टैबलेट सहित लगभग 1.24 लाख रुपये मूल्य का मशरूका बरामद किया है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है।पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण आर्य, प्रधान आरक्षक इरशाद अली तथा आरक्षक राहुल, आलेश, अरविंद तोमर, पंकज साहू, रूपेश बावने, अभिषेक सन्यास, हेमंत सपकाले, रविंद्र सोलंकी एवं बलवंत राठौर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पावर ग्रिड में हिंदी कार्यशाला आयोजित, राजभाषा के प्रभावी उपयोग पर हुआ मंथन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, खंडवा में शुक्रवार को वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम तिमाही हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप महाप्रबंधक दिगंबर एम. शिंदे ने की। कार्यशाला का उद्देश्य कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा हिंदी के प्रयोग को अधिक सरल, सुगम एवं प्रभावी बनाना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में हिंदी साहित्यकार तथा शासकीय प्राथमिक शाला तलालमाटी के शिक्षक दीपक चाकरे उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग तथा राजभाषा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि हिंदी के सहज और व्यावहारिक उपयोग से कार्य निष्पादन में सरलता के साथ-साथ भाषा के प्रति आत्मीयता भी बढ़ती है।

कार्यशाला के दौरान खंडवा उपकेंद्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपनी स्वरचित कविताओं और रचनाओं का पाठ किया, जिसे उपस्थितजनों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सराहा। इसके बाद मोबाइल क्विज के माध्यम से हिंदी भाषा आधारित रोचक प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें सभी कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आनंद लिया।

कार्यक्रम का आयोजन गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हिंदी के प्रचार-प्रसार तथा कार्यालयीन कार्यों में इसके अधिकाधिक उपयोग का संकल्प लिया।

इस अवसर पर उप महाप्रबंधक दिगंबर एम. शिंदे, उप प्रबंधक संजय रमेश अवचट, अभियंता आलोक सिंह, अरुण कुमार गौतम, उत्तम मिश्रा, मुकेश प्रसाद, रविशंकर गुप्ता, रामपाल सिंह मौर्य, बृजकिशोर समल, धर्मेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बड़वानी में तंबाकू निषेध दिवस पर कार्यक्रम आयोजित, नशा मुक्ति का दिलाया संकल्प

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

बड़वानी में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर एक जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन अखिल विश्व गायत्री परिवार, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, जन अभियान परिषद और शहीद भीमानायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा ध्वज वंदन, गायत्री माता, आचार्य श्रीराम शर्मा और वेदमाता के चित्रों पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। अतिथियों के स्वागत के बाद सामूहिक वंदे मातरम का गान किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला और उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति का संकल्प



दिलाया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सुमेरसिंह सोलंकी ने अपने संबोधन में नशे को सामाजिक और पारिवारिक बिखराव का प्रमुख कारण बताया। उन्होंने कहा कि नशा देश और परिवारों में टूटन पैदा करता है, जिससे व्यक्ति का मस्तिष्क खराब होता है और यह झगड़े व बबार्दी का कारण बनता है।

सांसद सोलंकी ने एक उदाहरण देते हुए कहा कि जब एक व्यक्ति अपनी जर्जर मोटरसाइकिल के इंजन के लिए पेट्रोल की शुद्धता की चिंता करता है, तो हमें भी भगवान द्वारा बनाए गए इस शरीर रूपी इंजन को शुद्ध रखने के लिए नशे से दूर रहना चाहिए। उन्होंने युवा पीढ़ी और समाज के सभी वर्गों से आग्रह किया कि वे स्वयं नशा छोड़ें और अपने रिश्तेदारों, गांव तथा देश के लोगों को भी नशा मुक्ति अभियान से जोड़ें।

नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर बड़वानी में एक वृहद जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अखिल विश्व गायत्री परिवार बड़वानी, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, जन अभियान परिषद जिला बड़वानी तथा शहीद भीमानायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के शुभारम्भ मे अतिथियों ने ध्वज वंदन कर गायत्री माता, आचार्य श्रीराम शर्मा एवं वेदमाता के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन किया, अतिथियों के स्वागत के पश्चात सामूहिक रूप से वन्दे मातरम का गान हुआ। इस अवसर पर वक्ताओं ने नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला और उपस्थित जनसमुदाय को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद श्री सुमेरसिंह सोलंकी ने अपने उद्बोधन में नशे को सामाजिक और पारिवारिक बिखराव का सबसे बड़ा कारण बताया। उन्होंने कहा:नशा ही देश और परिवारों के अंदर टूटन या बिखराव पैदा करता है। नशा व्यक्ति के मस्तिष्क और दिमाग को खराब करता है, जो आगे चलकर झगड़े और बबार्दी का कारण बनता है। जब नशे में धुत व्यक्ति अपनी अत्यंत जर्जर मोटरसाइकिल के इंजन की सुरक्षा के लिए पेट्रोल की शुद्धता की चिंता कर सकता है, तो हमें भी भगवान के बनाए इस पंचतत्व के शरीर रूपी इंजन को शुद्ध रखने के लिए नशे से दूर रहना चाहिए।"

## न्यूज -कॉलम

### गमला फेंकककर युवकों ने फोडा खड़ी आटो का कांच




**उज्जैन।** रामीनगर में घर के बाहर खडी आटो का कांच रविवार दोपहर कुछ युवकों द्वारा गमला फेंककर फोड दिया। आटो चालक दिलीप पिता लक्ष्मीनारायण जाधव की पत्नी अमृता से अभद्रता भी की। घटनाक्रम के बाद दिलीप और उसकी पत्नी माधवनगर थाने पहुंचे। चालक दिलीप ने बताया कि एक माह पहले घर के समाने आटो खडी करने पर क्षेत्र में किराये से रहने वाले विजय बारोड की बाइक गिर गई थी। जिसको लेकर विवाद हुआ था। बाइक का इंडीगेटर टूटा था, जिसे ठीक कराने की बात कहीं थी, लेकिन दूसरे दिन पत्नी की तबीयत खराब होने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराना पडा था। जिसके चलते बाइक का इंडीगेटर ठीक नहीं करा सका था। दोपहर में विजय 3-4 साथियों के साथ आया और आटो का कांच फोड दिया। पुलिस के अनुसार मामले में जांच की जा रही है।

### क्षिप्रा नदी लालपुल से मिला नवजात शिशु का शव

**उज्जैन।** क्षिप्रा नदी लालपुल के पास नवजात (बालक) का शव पानी में दिखाई देने पर कुछ लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। महाकाल थाना एएसआई शंकरलाल कनौजिया मौके पर पहुंचे और शिशु का शव बाहर निकाला गया। शिशु के पेट की नाल पर अस्पतालों में लगने वाला क्लीप लगा हुआ था। मामले में मर्ग कायम किया गया और पोस्टमार्टम के बाद शव को दफना दिया गया। एएसअई कनौजिया के अनुसार आपास लगे कैमरों के फुटेज भी देखे गये, लेकिन कुछ स्पष्ट नहीं हो पाया। संभवाना है कि शिशु पानी में किसी ओर स्थान से बहता हुआ लालपुल क्षिप्रा नदी तक पहुंचा होगा। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

### माधवनगर थाने का एसपी ने किया निरीक्षण



**उज्जैन।** रविवार शाम एसपी प्रदीप शर्मा औचक माधवनगर थाने पहुंचे। उन्होने परिसर की व्यवस्थाओं के साथ अभिलेखों के संधारण, अपराध रजिस्टर, मालखाना और महिला सहायता कक्ष का अवलोकन किया। उसके बाद थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया से लम्बित अपराधों की जानकारी लेकर आमजन की शिकायतों का संवेदनशीलता और तत्परता से निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होने थाना स्टॉफ से चर्चा कर कार्यप्रणाली की जानकारी ली और जनता के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य करने की बात कहीं।

### मकान की दिवार गिरने से दबा 14 साल का बालक

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम नानाखेड़ी में शनिवार को मकान की दिवार गिर गई। जिसके मलबे में बालक दब गया। उसे बाहर निकालकर अस्पताल लाया गया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। एएसआई रामचंद्र व्यास ने बताया कि सूचना मिलने पर मर्ग कायम किया गया। बालक का नाम आकाश पिता मुकेश 14 साल सामने आया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। घटनास्थल की जांच में मकान कच्चा होना सामने आया। आसपास के लोगों को कहना था कि शुक्रवार सुबह हुई बारिश और दिन में चली हवा की वजह से मकान की दीवार गिरी है। एएसआई व्यास के अनुसार परिवार और आसपास रहने वालों के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी।

### तेजगति से आये कार चालक ने युवक को कुचला

**उज्जैन।** ग्राम जहांगीरपुर में रहने वाला विशाल पिता सुरेश परमार 18 साल शाम को घर के बाहर बैठा हुआ था। उसी दौरान तेजगति से नागदा की ओर से आ रहे कार चालक ने उसे कुचल दिया। दुर्घटना के बाद विशाल गंभीर घायल हो गया। चालक कार छोडकर भाग निकला। घायल को परिजन उपचार के लिये अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने पर भर्ती किया। दुर्घटना की खबर मिलने पर इंगोरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर मिली कार को जप्त किया गया और नम्बर के आधार पर चालक की तलाश शुरू की गई। बताया जा रहा है कि कार देपालपुर के रहने वाले व्यक्ति के नाम पर रजिस्टर्ड है। जिसका पता लगाया जा रहा है।

### बीडी नहीं देने पर 3 युवकों ने वृद्ध से की मारपीट

**उज्जैन।** शनिवार रात संजयनगर में रहने वाला केशव प्रसाद पिता बालचंद 65 साल पैदल आगररोड स्थित शराब दुकान गया था। जहां से शराब पीने के बाद वापस लौट रहा था। उसी दौरान गरोठ ब्रिज के नीचे उसे 3 युवकों ने रोक लिया और बीडी मांगने लगे। केशव प्रसाद ने बीडी देने से मना किया तो युवकों ने मारपीट कर पत्थर से सिर फोड दिया। लोगों की मदद से घायल वृद्ध को अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंच गये थे। मामले में घायल के बयान दर्ज कर चिमनगंज थाना पुलिस युवकों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

### उन्हेल में हुई हत्या का पर्दाफाश, टीम को मिलेगा इनाम...

# पत्नी ने रची थी साजिश, प्रेमी ने मारा था जान से

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उन्हेल में शनिवार सुबह खेत में मिली लाश का मामला हत्या का सामने आने के बाद पुलिस ने चंद घंटों में आरोपियों का सुराग लगा लिया और रविवार को मामले का पर्दाफाश कर दिया। पत्नी ने मायके में बैठ साजिश रची थी और प्रेमी ने शराब पिलाने के बाद जान से मार दिया था।



नागदा-उन्हेल सीएसपी विक्रम अहिरवार ने बताया कि शनिवार सुबह ग्राम पिपलिया डाबी स्थित खेत में एक युवक का शव पडा होने की सूचना पर थाना प्रभारी संतोष चौहान टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे। मृतक के सिर पर चोंट का निशान था। मृतक की पहचान भारत पिता भगवानसिंह राजपूत के रूप में हुई। खेत भी उसी का होना सामने आया। एफएसएल जांच के बाद हत्या का प्रकरण दर्ज किया और आरोपियों को सुराग तलाशने के लिये थाना प्रभारी संतोष चौहान के मार्गदर्शन में एसआई एमएल मालवीय, प्रधान प्रधान आरक्षक रामेश्वर पटेल, महेन्द्र मिश्रा, महिला प्रधान आरक्षक शर्मिष्ठा शुक्ला, प्रेम सबरवाल, आरक्षक अखिलेश, संजीव, कृपाशंकर की टीम बनाई गई। शाम को पता चला कि हत्या में मृतक की पत्नी सोनाकुंवर और पडोस में रहने वाला दूर का देवर जितेन्द्र पिता सुरेसिंह राजपूत शामिल है। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चला आ रहा है। मृतक के अंतिम संस्कार के बाद रात में दोनों को हिरासत में लिया गया और पूछताछ की गई तो हत्या के घटनाक्रम का पर्दाफाश हो गया। हत्या की साजिश पत्नी ने रची थी और प्रेमी ने पत्थर से हमला कर जान से मारा था। थाना प्रभारी चौहान के अनुसार फिलहाल दोनों से पूछताछ जारी है। सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश किया जायेगा।

#### चंद घंटे में खुलासे पर इनाम

अंधाकत्ल प्रतीत हो रहे मामले का उन्हेल थाना पुलिस द्वारा चंद घंटे में सुराग तलाशने और साजिश रचने वाली पत्नी के साथ हत्या करने वाले आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर मामले का पर्दाफाश करने वाली टीम को एसपी प्रदीप शर्मा द्वारा 10 हजार का इनाम देने की घोषणा की गई है।

#### हत्या के पहले शराब लेकर आया था जितेन्द्र

थाना प्रभारी चौहान के अनुसार हत्या करने वाला जितेन्द्र उन्हेल में गजराज मेडिकल का संचालन करता है। मृतक की पत्नी के साथ 5 सालों से उसका प्रेम प्रसंग चला आ रहा था। मृतक भारत शराब पीने का आदी था और पत्नी के साथ मारपीट करता था। जिसके चलते पत्नी और प्रेमी ने साजिश रची। 29 मई की देर शाम जितेन्द्र मेडिकल बंद कर पिपलिया डाबी लौट रहा था। रास्ते में उसे भारत मिल गया। इस दौरान शराब पीने की बात हुई। जितेन्द्र शराब लेने उन्हेल गया और भारत को खेत पर रूकने का बोला। कुछ देर बाद 2 बीयर और देशी शराब लेकर लौटे जितेन्द्र ने खेत पर भारत के साथ शराब पी। भारत को नशा अधिक होने के बाद जितेन्द्र ने रात 10 बजे के लगभग पत्थर से हमला कर जान से मार दिया।

#### बच्चों के साथ मायके में थी सोनाकुंवर

दोनों के गिरफ्त में आने पर सामने आया कि सोनाकुंवर 10 और 12 साल के बेटों को लेकर 3 माह पहले मायके मोलीखेडी इंगोरिया चली गई थी और जितेन्द्र के संपर्क में थी। भारतसिंह सोनाकुंवर से मारपीट करता था और जमीन बेचना चाहता था। जिसके चलते सोनाकुंवर ने साजिश रची ताकि जमीन उसके नाम हो जाये और रास्ते का कांटा पति भी निकल जाये। उसने जितेन्द्र को पति का निपटाने की बात कहीं। जितेन्द्र के द्वारा हत्या को अंजाम देने के बाद सुबह सूचना मिलने पर सोनाकुंवर भाईयों के साथ पिपलिया डाबी ससुराल आई और पति की मौत का शौक मनाया। जितेन्द्र पडोसी होने के साथ दूर का रिश्तेदार होने पर भी अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हुआ।

## कुख्यात बदमाश को जेल से लाई नीलगंगा पुलिस

### मौसेरे भाईयों के पास मिली थी 25 ग्राम ड्रग्स

**उज्जैन।** मौसेरे भाईयों को एमडी ड्रग्स उपलब्ध कराने वाले कुख्यात बदमाश रौनक गुर्जर को नीलगंगा पुलिस 2 दिनों की पूछताछ के लिये प्रोटेक्शन रिमांड पर जेल से लेकर आई है। कुख्यात बदमाश को राजस्थान ले जाया गया है। जहां ड्रग्स सप्लायरों की तलाश जारी है।

नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि 19 अप्रैल की रात वाकणकर ब्रिज के पास पार्किंग से नमन उर्फ नवीन पिता हरनामसिंह गुर्जर और उसके भाई चंद्रशेखर गुर्जर को पकड़ा गया था। जिनके पास से 25 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई थी। दोनों नशा करने वालों को बेचने के लिये निकले थे। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर 2 दिनों की रिमांड पर पूछताछ की गई थी। इस दौरान दोनों ने कबूल किया था कि उन्हे ड्रग्स मौसेरा भाई रौनक गुर्जर, अनमोल गुर्जर और रोशन गुर्जर उपलब्ध करते थे।

उस दौरान रौनक गुर्जर फर्जी गोलीकांड में फरार था। वहीं रोशन गुर्जर अपनी पूर्व पत्नी को धमकाने के मामले में फरार चल रहा है। अनमोल गुर्जर ने भी देवासगेट क्षेत्र में गोली चलाई थी, जो फरार चल रहे है। फर्जी गोलीकांड में चिमनगंज थाना पुलिस ने रौनक गुर्जर को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। थाना प्रभारी के अनुसार उसकी तलाश ड्रग्स मामले में थी, जिसके चलते उसे 2 दिनों की प्रोटेक्शन रिमांड पर लाया गया है, उसने ड्रग्स राजस्थान के डग बडौद से लाना बताया। एक टीम राजस्थान भेजी गई है। जहां ड्रग्स सप्लायरों की तलाश जारी है। सोमवार दोपहर प्रोटेक्शन रिमांड खत्म होने पर उसे कोर्ट में पेश कर दोबारा जेल भेजा जायेगा। रोशन और अनमोल की गिरफ्तारी होने पर उनसे भी मादक पदार्थ तस्करी के मामले में पूछताछ होगी।

## जमीन का फर्जी मालिक बन 36 लाख की धोखाधड़ी

### 1.39 करोड में किया था 12 बीघा जमीन का सौदा

**उज्जैन।** जमीन का फर्जी मालिक बनकर एक व्यक्ति ने दलाल के माध्यम से धोखाधड़ी को अंजाम दिया। दोनों ने 1.39 करोड़ में 12 बीघा जमीन का सौदा किया था और अनुबंध के रूप में 35 लाख लिये थे। दोनों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है।

माधवनगर थाना एएसआई लक्ष्मीकांत गौतम ने बताया कि ग्राम मानपुरा के रहने वाले रविन्द्रसिंह तवंर द्वारा शिकायत दर्ज कराई कि उसने कुछ माह पहले अपनी जमीन डेढ़ करोड़ में बेची थी। उसे नई जमीन की तलाश थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात दलाल मंगलसिंह से हुई। उसने घट्टिया तहसील के ग्राम सलामता में जमीन दिखाने के लिये कहा। रविन्द्रसिंह अपने भतीजे के साथ जमीन देखने पहुंचा। जहां मोबाइल पर उक्त जमीन का खसरा नम्बर देखा गया। जो दिलीपसिंह के नाम पर था। जमीन का सौदा तय करने की बात मंगलसिंह से की गई। उसने एक दिन बाद दिलीपसिंह से मुलाकात कराई और सौदा 1 करोड़ 39 लाख में तय हो गया। इस दौरान दिलीपसिंह के खाते में 95 हजार का ट्रांजेक्शन किया गया। 9 मई को रजिस्ट्रार कार्यालय भरतपुरी में अनुबंध कराया गया और 10 लाख रूपये नगद के साथ 25 लाख का चैक दिया गया। जमीन का सौदा होने पर रविन्द्रसिंह के परिवार ने जमीन दिखाने की बात कही। परिवार ग्राम सलामता पहुंचा। जहां गांव वालों से पूछताछ कर दिलीपसिंह के घर पहुंचे। दिलीपसिंह सामने आया तो वह दूसरा व्यक्ति था। उससे जमीन का सौदा करने की बात कही तो उसने जमीन बेचने की बात से इंकार किया। रविन्द्र ने दलाल से संपर्क किया और वह गायब हो गया। अपने साथ फर्जी जमीन मालिक बनकर हुई धोखाधड़ी की शिकायत करने पर फर्जी दिलीपसिंह और दलाल मंगलसिंह के खिलाफ 36 लाख की धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की गई है। बताया जा रहा है कि रात में दोनों की तलाश में एक टीम रवाना की गई थी। संभावना है कि आज दोनों आरोपी गिरफ्त में आ सकते है। जिनसे पूछताछ के बाद मामले का खुलासा किया जायेगा।

## दिल्ली के परिवार से रेलवे वेटिंग रूम में मारपीट

**उज्जैन।** महाकाल दर्शन कर लौट रहे परिवार के साथ रविवार शाम रेलवे स्टेशन पर वेटिंग रूम में 10 से 12 युवको द्वारा मारपीट की गई। परिवार का एक सदस्य घायल हुआ है। जिसका उपचार चरक में जारी है। जीआरपी ने मामले में कुछ युवकों को पकड़ा है।

दिल्ली के नफजगढ़ से देवेन्द्रसिंह अपनी पत्नी गीता और 2 पुत्र हर्ष और हर्षित के साथ महाकाल दर्शन करने शनिवार को उज्जैन आये थे। दर्शन के बाद रविवार शाम वापस लौटने के लिये रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। जहां परिवार वेटिंग रूम में ट्रेन आने का इंतजार कर रहा था। उसी दौरान कुछ युवक वेटिंग रूम में आये और चेयर पर बैठे परिवार से उठने के लिये कहा। इसी बात पर देवेन्द्रसिंह का उनसे विवाद हो गया। युवकों ने पुत्र हर्षित का थप्पड़ मार दिया। यह देख बड़ा भाई हर्ष और पिता देवेन्द्र विरोध के लिये खड़े हो गये। युवकों ने अपने साथियों को बुला लिया और पूरे परिवार के साथ मारपीट शुरू कर दी। वेटिंगरूम में हुई मारपीट से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही आरपीएफ और जीआरपी की टीम पहुंची। मारपीट करने वाले 2 से 3 युवकों को पकड़ा गया, वहीं अन्य भाग निकले थे। घटनाक्रम में हर्ष को सिर में चोंट लगी थी। जिसे जीआरपी ने उपचार के लिये चरक अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने चोंट का परीक्षण करने के बाद उसे भर्ती कर लिया। बताया जा रहा है कि दिल्ली से आये परिवार के साथ मारपीट करने वाले दाहोद गुजरात के युवक है। जिसमें अनुज और एक अन्य को पकड़ा गया है। जीआरपी के अनुसार घायल के अस्पताल पहुंचकर बयान दर्ज किये जायेगें और मामला दर्ज किया जायेगा। मारपीट वेटिंगरूम में लगी चेयर पर बैठने की बात पर होना सामने आई है।

## बुजुर्ग को रौंद टोल बेरियर तोड़ भागी पिकअप

**उज्जैन।** उन्हेल मार्ग पर शनिवार-रविवार रात सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को लोडिंग पिकअप दूध वाहन ने रौंद दिया। दुर्घटना के चालक पिकअप लेकर भाग और टोल बेरियर तोड़ता हुआ फरार हो गया। बुजुर्ग की मौत होने पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। उन्हेल थाना एसआई सलीम खान ने बताया कि रात में उन्हेल मार्ग पर 60 साल के बुजुर्ग को सड़क पार करते समय लोडिंग पिकअप वाहन ने कुचल दिया था। सूचना मिलने पर पुलिस दुर्घटनास्थल पहुंची और बुजुर्ग को चरक अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसकी मौत होना सामने आया। मृतक की पहचान करने पर सामने आया कि मंदसौर के सीतामऊ में रहने वाला लालूराम पिता मोतीलाल काछी था, जो पिछले डेढ़ साल से उन्हेल मार्ग श्रीजी ढाबे पर काम कर रहा था। लालू काछी की दुर्घटना में मौत होने की खबर मिलने पर ढाबा संचालक शंकरलाल पटेल अस्पताल पहुंच गया था। रात में पुलिस ने टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश शुरू की तो पता चला कि आगे टोल पर बेरियर तोड़कर चालक पिकअप लेकर फरार हुआ है। एसआई खान के अनुसार वाहन का नम्बर मिला है। जिसके आधार पर तलाश की जा रही है। मृतक के परिजनों को घटना से अवगत कराया गया था। जिनके आने पर रविवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव सौंपा गया है।

**जिला कार्यालय उप संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, देवास-शाजापुर**
**हाउसिंग बोर्ड कॉम्प्लेक्स, द्वितीय तल जवाहर नगर ए.बी. रोड, देवास**
E-mail:dewas@mptownplan.gov.in दूरभाष-7272-254484

**म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 29 (3) सहपठित म.प्र. भूमि विकास नियम 2012 के नियम 14 (3) के अधीन दी गई अनुज्ञा में उपांतरण की दशा में आपत्तियाँ आमंत्रित करने हेतु सार्वजनिक सूचना।**

जन सामान्य की जानकारी एतद द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री जमना प्रसाद मीणा पिता श्री रामप्रसाद मीणा, श्रीमति शिलाबाई पति लखनलाल मीणा कालोनीविकासकर्ता श्री विनोद कुमार सहगल पिता श्री मदनलाल सहगल पता बी 20, शुजालपुर मण्डी, तहसील शुजालपुर जिला शाजापुर म.प्र., द्वारा दिये गये अभिन्यास में उपांतरण हेतु आवेदन किया गया है।

(क) परियोजना का नामः आदिनाथ रेसीडेसीं,

(ख) अवस्थिति /ग्राम का नाम एवं खसरा क्रमांक पूर्व स्वीकृत ग्राम किशोनी में स्थित सर्वे क्रमांक 1103/1, 1096, 1097, का कुल रकबा 1.359 हे. में से 1.3576 हे. भूमि पर आवासीय कालोनी विकास हेतु अनुमोदित अभिन्यास में संशोधित अभिन्यास का अनुमोदन चाहा गया है।

(ग) विकास का प्रयोजनः- RESIDENTIAL LAYOUT

(घ) स्वीकृत क्रमांकः- SJLLP02052528282/ दिनांक/01/JUL/2025

पूर्व स्वीकृत अभिन्यास में यदि उपांतरण किया जाता है, तो उससे परियोजना से जुड़े व्यक्ति/संस्था के हित प्रभावित होने की संभावना है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति, उपांतरणो से संबंधित अपनी आपत्ति या सुझाव, इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में अथवा https://dtcp.mp.gov.in/alpass/Web/Objection.aspx पर प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अभिन्यास के ब्योरे तथा प्रस्तावित उपांतरित अभिन्यास का निरीक्षण हितबद्ध व्यक्ति द्वारा, उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान अथवा https://dtcp.mp.gov.in/alpass/Web/Objection.aspx पर किया जा सकता है।

**संयुक्त संचालक,**
**नगर तथा ग्राम निवेश, जिला देवास म.प्र.**

**विज्ञप्ति**
**अनुविभागीय अधिकारी महोदय, नागदा -श्रीमती रंजना पाटीदार**

**ऑर्डर 5 नियम 20 सीपीसी 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु**
**प्र.क्र. 0030/अपील/2026-27 आगामी पेशी दिनांक 29/05/2026 दिनांक - 20/05/2026**
**रतनबाई ........... अपीलार्थी**
**विरुद्ध**
**बालचंद आदि .......... प्रत्यर्थीगण**

प्रेषिति- श्यामलता पति स्व. राधेश्याम शर्मा, जाति ब्राह्मण निवासी शुगर मिल, महिदपुर रोड तह. महिदपुर जिला उज्जैन म.प्र. कंचनबाई पति स्व. पन्नालाल निवासी ग्राम भडला तहसील नागदा जिला उज्जैन म.प्र. यह कि, अपीलार्थीगण ने आपके विरुद्ध अपील अंतर्गत धारा 44 (1) एमपीएलआरसी में अपील पेश की है। आपको इस न्यायालय से सूचना प्रकाशन के सात दिवस भीतर न्यायालय में नियत प्रकरण पेशी दिनांक 29/05/2026 को उपसंजात/हाजिर होकर अपना पक्ष रखने के लिए तलब किया जाता है। आप स्वयं या किसी ऐसे मनोनीत अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हो जो इस अपील में संबंधित सभी सवालात बयानों का जवाब दे सके। आपको निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करे और ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करे। जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिवाद आधारित हो सके और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रति दावे के संबंध में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हो तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करे। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई पेशी दिनांक में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो अपील में आपके विरुद्ध एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थता के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत कराए। आज दिनांक 20/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर से व न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। कृपया ध्यान देवे। यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

**(न्यायालय की मुद्रा) (रंजना पाटीदार)**
**कार्यालय - अनुविभागीय अधिकारी महोदय**
**नागदा, जिला-उज्जैन**

## अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही से हुई थी युवक की मौत

### स्वास्थ्य विभाग ने निरस्त किया लायसेंस, पुलिस दर्ज की एफआईआर

**उज्जैन।** सड़क दुर्घटना में घायल युवक की निजी एमपी अस्पताल में एक माह पहले मौत हो गई थी। परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाया था। मामले की जांच स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई थी। जिसमें लापरवाही सामने आने पर माधवनगर थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर अस्पताल प्रबंधन पर केस दर्ज किया है।

इंदौररोड पर 21 अप्रैल की रात सड़क दुर्घटना में प्रताप आंजना निवासी ग्राम करनावद उन्हेल घायल हो गया था। उसे फ्रीगंज स्थित एमपी अस्पताल में भर्ती किया गया था। जिसकी सुबह मौत हो गई थी। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया था और हंगामा किया था। परिजनों की शिकायत पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक पटेल ने अस्पताल प्रबंधन की जांच के आदेश जारी किये थे। इस दौरान सामने आया था कि युवक के उपचार में अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही रही थी। जिसके चलते युवक की मौत हुई है। जांच पूरी होने के बाद 18 दिन पहले स्वास्थ्य विभाग ने एमपी अस्पताल का लायसेंस निरस्त कर दिया था और पुलिस को पत्र लिख प्रकरण दर्ज करने के लिये कहा था। पुलिस ने पत्र मिलने के बाद अपनी जांच शुरू की और शनिवार रात मृतक के भाई नवीन आंजना की शिकायत पर अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ धारा 106 का प्रकरण दर्ज कर लिया।

## अधिक मास में ढाबा रोड निर्माण से हजारों वैष्णव भक्त दर्शन से वंचित

**उज्जैन।** सिंहस्थ के मद्देनजर ढाबा रोड पर चल रहे चौड़ीकरण कार्य के कारण पवित्र अधिक मास में हजारों वैष्णव भक्त श्रीनाथजी सहित अन्य प्रमुख मंदिरों के दर्शन से वंचित हो रहे हैं। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के निर्देशों के बावजूद ठेकेदार की लापरवाही के चलते पूरा मार्ग खुदा पड़ा है और मंदिरों तक पहुंचने के सभी रास्ते लगभग बंद हैं। तीन वर्ष में एक बार एक महीने के लिए आने वाले अधिक मास में दर्शन का विशेष पुण्य माना गया है। कई वैष्णव भक्त तो ऐसे हैं जो प्रभु के प्रत्यक्ष दर्शन के उपरांत ही अन्न-जल ग्रहण करते हैं। ढाबा रोड स्थित श्रीनाथजी की हवेली में सुबह से रात तक विभिन्न मनोरथ के दर्शन होते हैं। वहीं सत्यनारायण मंदिर में नवनारायण की पूजा के चलते दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है। इसके अलावा बद्रीनारायण, शेषनारायण और गोवर्धननाथ जी मंदिर भी इसी मार्ग पर स्थित हैं। उबड़-खाबड़ और खुदे हुए रास्ते के कारण दर्शनार्थियों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। कई बार बड़े-बुजुर्ग और महिलाएं यहां गिरकर चोटिल भी हो चुकी हैं।



# जो आज को पूरी तरह से जिएगा, वही सफलता प्राप्त कर सकेगा

तेजस एक सफल उद्यमी बन गया था। उसकी ऊर्जा और हंसमुख प्रवृत्ति से पूरा ऑफिस प्रभावित था। एक दिन एक मैनेजर ने तेजस से पूछा कि आखिर यह कला उन्होंने कहां से सीखी। तेजस बोला, जब मैं नया-नया इंजीनियर बना था, तब मेरे पास कुछ भी नहीं था, न घर, न गाड़ी, न दोस्त। एक दिन मैं रात में ग्यारह बजे अपने घर लौट रहा था। स्टेशन से घर जाने के लिए मैंने एक ऑटो पकड़ा, जिसमें पहले से चार लोग बैठे हुए थे। मेरा घर स्टेशन से पांच मिनट की दूरी पर था। पर उन पांच मिनटों ने मेरी जिंदगी बदल दी। मैनेजर ने पूछा, वह कैसे? तेजस बोला, उस ऑटो में गुंडे बैठे थे। वे मेरी पिटाई करने लगे। मेरे पास जो भी थोड़ा बहुत पैसा था, वह उन्होंने छीन लिया। वे मेरे हाथ-पैर बांध कर एक तालाब में फेंकने जा रहे थे। मैं सोच रहा था कि अभी अपनी जिंदगी तो मैंने पूरी तरह जी भी नहीं। मैंने अपनी परिवार को कभी नहीं बताया कि मैं उन्हें कितना प्यार करता हूं। मेरे मन में कितनी ही इच्छाएं अभी तक दबी थीं, जो मेरे मर जाने पर हमेशा के लिए दबी रह जातीं। तेजस के साथी ध्यान से कहानी सुन रहे थे।

तेजस बोला, जब उन्होंने मुझे तालाब में फेंका, तो मेरा हाथ वहीं पड़े एक पत्थर पर लगा और मैं उसे पकड़ कर काफी देर तक लटकता रहा। मैं किसी तरह बच तो गया, पर उस दिन से मेरे अंदर काफी कुछ बदल गया। मैं आज भी उस अनुभव को याद करता हूं, तो बस मन में एक ही बात आती है कि अगर आज मैं मर जाऊं, तो क्या खुद को यह कह पाऊंगा कि मैंने अपने समय का भरपूर उपयोग किया है? क्या मेरे अंदर वह संतुष्टि होगी कि मैं जो भी आज तक हासिल करना चाहता था, वह मैंने कर लिया है? यही सोचकर मैं कोई भी काम कल के लिए नहीं छोड़ता।



## सम्पादकीय

# सिद्धारमैया की सिद्धि

कर्नाटक में जितनी शालीनता और शान्ति के साथ कांग्रेस पार्टी के भीतर नेतृत्व परिवर्तन हुआ है उसे भारतीय लोकतन्त्र की जीवन्त ताकत कहा जा सकता है। कांग्रेस आलाकमान ने राज्य में पार्टी के नेताओं के बीच चली लम्बी कसरत और जद्दोजहद के बाद मुख्यमन्त्री सिद्धारमैया को बदलने का फैसला किया। उनके स्थान पर अब उपमुख्यमन्त्री व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार का बैठना निश्चित है क्योंकि वर्ष 2023 में राज्य में कांग्रेस को सत्ता में लाने में उनका भी प्रमुख सांगठनिक योगदान था। उस समय भी ऐसी चर्चा चली थी कि पार्टी हाईकमान ने ढाई-ढाई वर्ष के लिए सिद्धारमैया व शिवकुमार को मुख्यमन्त्री पद पर बैठाने का अन्दरखाने फैसला किया है। इसके बाद ढाई वर्ष पूरे होने पर जिस तरह श्री शिवकुमार ने अपनी अन्तर्दलीय बैठकों में दावेदारी पेश करनी शुरू की उससे ये अटकलें लगनी शुरू हो गई थीं कि पार्टी आलाकमान सही समय पर नेतृत्व परिवर्तन का फैसला ले सकता है। मगर न तो श्रीमती सोनिया गांधी के लिए और न ही खड़गे या राहुल गांधी के लिए सिद्धारमैया को पदमुक्त करने का निर्णय लेना आसान था क्योंकि सिद्धारमैया अपने राज्य में स्व. देवराज अर्स के बाद सबसे अधिक लोकप्रिय नेता माने जाते हैं। वह एक गरीब ग्रामीण गडरिया जाति के परिवार से उठकर मुख्यमन्त्री पद तक पहुंचने वाले नेता रहे हैं। उनकी छवि एक सुयोग्य तथा कर्मठ प्रशासक व ईमानदार लोकप्रिय नेता की है। उन्होंने जिस तरह कर्नाटक राज्य की राजनीति में ग्रामीण, गरीबों व वंचितों को शीर्ष धरातल पर रखा उससे उनकी राजनीतिक दक्षता का परिचय मिलता है।

सिद्धारामैया ने आश्चर्यजनक रूप से दक्षिण के राज्य कर्नाटक से अपनी राजनीतिक यात्रा उत्तर भारत के सबसे बड़े किसान नेता स्व. चौधरी चरण सिंह की पार्टी लोकदल से 1983 में विधायक का चुनाव जीत कर शुरू की थी। इसी से पता चलता है कि उनकी राजनीतिक प्रतिबद्धताएं ग्रामीणोत्थान व गांधीवादी समता मूलक समाज की हैं। सिद्धारमैया ने अपना इस्तीफा को ही राजभवन में जाकर सौंप दिया जबकि राज्यपाल थांवरचन्द गहलौत बेंगलुरू में नहीं थे। वह देर रात राज्य की राजधानी पहुंचे। इससे यही इंगित होता है कि सिद्धारमैया जो फैसला एक बार कर लेते हैं वह अटल होता है।

### रणवीर सिंह का बॉयकॉट या बदलते भारत से भय?

# धुरंधर के बाद क्यों बेचैन हुआ बॉलीवुड का एक वर्ग?

भारत केवल एक राजनीतिक राष्ट्र नहीं, बल्कि हजारों वर्षों पुरानी सांस्कृतिक चेतना का जीवंत स्वरूप है। यहाँ धर्म केवल पूजा-पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने की व्यवस्था है। यही कारण है कि जब भी भारत को वैचारिक रूप से कमजोर करने का प्रयास हुआ, सबसे पहले उसकी संस्कृति, परंपराओं, संतों, मंदिरों और आध्यात्मिक प्रतीकों पर प्रहार किए गए।



राजेश कुमावत (दैनिक अवन्तिका)


बॉलीवुड केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं है। यह वर्षों से समाज की सोच, युवाओं की मानसिकता और सांस्कृतिक दिशा को प्रभावित करने वाला सबसे बड़ा मंच रहा है। इसलिए जब फिल्मों का नैरेटिव बदलता है, तो उसका प्रभाव केवल बॉक्स ऑफिस तक सीमित नहीं रहता, बल्कि समाज की चेतना तक पहुँचता है।

इसी कारण अभिनेता रणवीर सिंह और फिल्म धुरंधर को लेकर उठ रही चर्चाएँ केवल फिल्मी विवाद नहीं मानी जा सकतीं। यह उस वैचारिक संघर्ष का संकेत है, जिसमें एक ओर सनातन चेतना और राष्ट्रवाद के साथ खड़ा नया भारत है, तो दूसरी ओर वह पुराना वैचारिक तंत्र, जिसने वर्षों तक बॉलीवुड को अपनी सोच के अनुसार प्रभावित किया।

#### फिल्मों में सनातन को कैसे प्रस्तुत किया गया?

लंबे समय तक बॉलीवुड की अनेक फिल्मों में हिंदू पुजारी को लालची, पंडित को पाखंडी और साधु-संतों को ढोंगी के रूप में दिखाना एक सामान्य प्रवृत्ति बन गई थी। मंदिरों को अंधविश्वास और पिछड़ेपन का प्रतीक बताया गया, जबकि अन्य मतों के धार्मिक प्रतीकों के प्रति वही फिल्में अत्यधिक संवेदनशील दिखाई देती थीं। कई फिल्मों में भगवान और धार्मिक आस्थाओं का उपहास कॉमेडी के नाम पर किया गया। धार्मिक प्रतीकों को व्यंग्य का माध्यम बनाया गया और धीरे-धीरे इसे क्रिएटिव फ्रीडम का नाम दिया गया। यह कोई एक-दो फिल्मों की बात नहीं थी, बल्कि एक लगातार चलने वाला नैरेटिव था।

PK में हिंदू आस्थाओं और पूजा-पद्धतियों पर तीखे व्यंग्य किए गए। OMG – Oh My God! में धार्मिक व्यवस्थाओं पर कटाक्ष किया गया। वहीं Haider जैसी फिल्मों में राष्ट्रवादी दृष्टिकोण को संदेह की दृष्टि से प्रस्तुत करने के प्रयास दिखाई दिए। प्रश्न यह नहीं कि फिल्मों में प्रश्न क्यों पूछे गए। प्रश्न यह है कि प्रश्न हमेशा सनातन परंपराओं और हिंदू प्रतीकों पर ही क्यों खड़े किए गए?



#### धुरंधर के बाद क्यों बढ़ी बेचैनी?

धुरंधर के आने के बाद बॉलीवुड के एक विशेष वर्ग की बेचैनी स्पष्ट दिखाई देने लगी। कारण केवल फिल्म नहीं, बल्कि वह संदेश है जो ऐसी फिल्में समाज तक पहुँचा रही हैं।

वर्षों तक फिल्मों में राष्ट्रवाद को कट्टरता और सनातन परंपराओं को पिछड़ेपन के रूप में प्रस्तुत किया गया। परंतु अब ऐसी फिल्में सामने आ रही हैं, जिनमें भारत, भारतीय सेना, सनातन संस्कृति और राष्ट्रीय स्वाभिमान को सकारात्मक रूप में दिखाया जा रहा है। धुरंधर को लेकर चर्चा केवल उसकी कहानी की नहीं रही, बल्कि इसे उस मानसिकता को चुनौती देने वाली फिल्म माना जाने लगा, जिसने वर्षों तक भारत विरोधी या सनातन विरोधी नैरेटिव को प्रगतिशीलता का नाम दिया।

#### रणवीर सिंह क्यों निशाने पर?

चर्चाओं के अनुसार अभिनेता रणवीर सिंह नागपुर स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मुख्यालय गए, डॉ. हेडगेवार को श्रद्धांजलि अर्पित की और संघ प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात की। इसके बाद सोशल मीडिया और फिल्मी गलियारों में उनके प्रति दृष्टिकोण बदलता दिखाई देने लगा।

रणवीर सिंह मंदिरों में दर्शन करते, माथे पर त्रिपुंड लगाए और भारतीय संस्कृति से जुड़ते दिखाई दिए। यही वह क्षण था जब बॉलीवुड का तथाकथित लिबरल वर्ग असहज हो उठा। यदि कोई कलाकार अपनी संस्कृति और परंपराओं के प्रति सम्मान व्यक्त करता है, तो इसमें समस्या क्या है?

#### क्या बॉलीवुड का वैचारिक एकाधिकार टूट रहा है?

लंबे समय तक बॉलीवुड में ऐसा वातावरण बनाया गया, जहाँ सनातन संस्कृति का मजाक उड़ाना प्रगतिशीलता माना जाता था। परंतु अब परिस्थितियाँ बदल रही हैं।

द कश्मीर फाइल्स, गदर 2 , द केरला स्टोरी जैसी फिल्मों ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत का दर्शक अब अपनी संस्कृति और राष्ट्रगौरव को सम्मान देने वाले सिनेमा को स्वीकार कर रहा है। धुरंधर को भी इसी बदलते वैचारिक दौर का प्रतीक माना जा रहा है।

#### भारत माता की जय से असहजता क्यों?

हाल ही में अभिनेता अर्जुन रामपाल द्वारा भारत माता की जय कहे जाने पर कुछ तथाकथित बुद्धिजीवियों ने आपत्ति जताई। प्रश्न यह है कि क्या अपने देश के प्रति प्रेम व्यक्त करना भी कट्टरता माना जाएगा?

जिस भारत माता के लिए लाखों क्रांतिकारियों ने बलिदान दिए, उसी भारत माता का जयघोष यदि किसी को खतरनाक लगता है, तो यह वैचारिक असहिष्णुता का उदाहरण है।

#### युवाओं के लिए सबसे बड़ा संदेश

आज भारत का युवा समझ रहा है कि आधुनिकता का अर्थ अपनी संस्कृति से घृणा करना नहीं होता। मंदिर जाना पिछड़ापन नहीं, बल्कि अपनी जड़ों से जुड़ाव है। राष्ट्रवाद कट्टरता नहीं, बल्कि अपने देश के प्रति सम्मान है। यदि कोई कलाकार भारत माता की जय बोलता है, सनातन संस्कृति का सम्मान करता है या राष्ट्रवादी विचारों के साथ खड़ा होता है, तो यह उसका अधिकार है – और यही नए भारत की पहचान भी बनती जा रही है।

धुरंधर जैसी फिल्मों और रणवीर सिंह जैसे कलाकारों को लेकर उठ रहे विवाद इसी बात का संकेत हैं कि भारत का सांस्कृतिक नैरेटिव बदल रहा है। अब भारत लौट रहा है – अपनी संस्कृति की ओर, अपने राष्ट्रगौरव की ओर, और अपनी सनातन चेतना की ओर।

### आशिकी के चक्कर में बकरा हलाल

इश्क जब परवान चढ़ता है तो मजनू लैला के लिए तारे तोड़ लाता है। लेकिन जब यही इश्क बेंगलुरु के किसी लॉ कॉलेज की कैंटीन में कड़क चाय और समोसे के साथ पकता है, तो कानून की किताबें सिर्फ कोर्ट में गवाही मुकरने के काम आती हैं, साहब। कहानी शुभा नाम की उस इक्कीस साल की कन्या की है, जिसका दिल उन्नीस साल के अपने जूनियर अरुण वर्मा पर ऐसा आया कि लगा दुनिया के सारे ट्रैफिक सिग्नल हरे हो गए हैं। अब माता-पिता तो ठहरे पुराने जमाने के रेडियो, जिनमें सिर्फ सामाजिक सुरक्षा के गाने बजते हैं। उन्होंने अरुण को देखा तो कहा कि बेटा, इस लौंडे की मूंछें ठीक से उगी नहीं हैं, यह तुम्हें क्या खिलाएगा। उन्होंने शुभा के लिए एक सीधा-साधा, संस्कारी और मोटी तनख्वाह वाला बकरा ढूंढा। नाम था बी. वी. गिरीश। सत्ताइस साल का बढ़िया सॉफ्टवेयर इंजीनियर, जिसका काम सिर्फ कंप्यूटर के की-बोर्ड पर उंगलियां नचाना और महीने की आखिरी तारीख को खाते में गिरते रुपयों को गिनना था।

तीस नवंबर की उस ठंडी शाम को जब सगाई के ढोल बज रहे थे, तो पूरा खानदान रसगुल्ले खाकर डकार ले रहा था। सबको लग रहा था कि लड़की का भविष्य अब सीधे स्वर्ग के हाईवे पर दौड़ने लगा है। कैमरे फ्लैश चमका रहे थे, पर शुभा के चेहरे की बत्ती गुल थी। वह ऐसे बैठी थी मानो सगाई की अंगूठी नहीं, तिहाड़ जेल का वारंट थमा दिया गया हो। वीडियो कैमरे वाले ने बार-बार कहा कि मैडम थोड़ा मुस्कुराइए, पर वह तो अंदर ही अंदर अपने अरुण के साथ जुदाई के आंसू पी रही थी।

खैर, शादी पक्की होने के ठीक तीन दिन बाद, शुभा के भीतर अचानक एक आदर्श मंगेतर की आत्मा जाग उठी। उसने गिरीश को फोन घुमाया। आवाज में मिश्री घोलकर बोली कि सुनो जी, शादी से पहले थोड़ा एक-दूसरे को समझ लेते हैं।

### पञ्चांग राशिफल

दिनांक 01 जून 2026, सोमवार सूर्योदय - 05:47 सूर्यास्त 19:01 ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष प्रतिपदा, सिद्धार्थि संवत्सर विक्रम संवत 2083, शक संवत 1948 (पराभव संवत्सर), ज्येष्ठ प्रतिपदा तिथि 04:37 शाम तक उपरांत द्वितीया नक्षत्र ज्येष्ठा 07:08 शाम तक उपरांत मूल सिद्ध योग 06:18 सुबह तक उसके बाद साध्य योग करण कौलव 04:37 शाम तक, बाद तैतिल जून 01 सोमवार को राहु 07:24 सुबह से 09:04 सुबह तक है

**मेष-** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें।

**वृषभ-** मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवेक से कार्य करें।

**मिथुन-** शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**कर्क-** उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। मान-सम्मान मिलेगा। मित्रों की सहायता करने का मौका मिलेगा।

**सिंह-** समय अच्छा व्यतीत होगा। प्रसन्नता रहेगी। थकान व कमजोरी रह सकती है। घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी।

**कन्या-** नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति पर व्यय होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के काम में दखल न दें।

**तुला-** मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। जल्दबाजी न करें। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक-** यात्रा मनोरंजक रहेगी। सामाजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। व्यापार ठीक चलेगा। परिवार के साथ समय सुखमय व्यतीत होगा।

**धनु-** दूर से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें।

**मकर-** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। मनोरंजन के साधन प्राप्त होंगे। तीर्थदर्शन की योजना बनेगी।

**कुंभ-** धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। परिवार के साथ रहने का अवसर प्राप्त होगा। लाभ होगा।

**मीन-** किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मित्रों का सहयोग व साथ मिलेगा।

## व्यंग्य

### भीषण गर्मी

ये चिलचिलाती भीषण गर्मी और प्यास तन-मन,
अधीर थका मांदा रूखा-सुखा सा हुआ है जीवन,
नौ तपा ने भी दिखाया अब ज्वलंत हाय तौबा रंग,
चुभती सूरज की किरणें और लू कर रही है तंग ।
अधिक मास और जेठ की लम्बी खटकती दुपहरी,
जैसे लगता सजीवता कुछ पल के लिए हो ठहरी,
प्यासे पशु-पक्षी जीव-जंतु बेहाल हुई सारी नगरी,
व्याकुल हुए वृक्ष इंसान जीवनयापन बना मजबूरी ।
बड़ी तीव्रता से गर्मी बढ़ रही है दिन दुना रात चौगुनी,
नभ से बरसे अंगारे झुलसी काया लपटों से भूनी,
वृक्षों की शाखाएं भी हो रही है सूखी खगवृंदों से सूनी,
पल-पल सता रहीं अजीब सी बढ़ती बेचैनी अंदरूनी ।
इंसानी फितरत स्वार्थ में शुद्ध पर्यावरण से बनाई दूरी,
अनदेखी से जिन्दगी हुई आनंद रहित आधी-अधूरी,
पर प्रकृति का पर्यावरण संतुलन चक्र घूमें अपनी धूरी,
सब सहयोगी बन कर्म करें जो सर्व हितकर हो जरूरी ।
थामें एक दूसरे का हाथ इंसानियत की रीत अपनाएँ,
पेड़ लगाएँ, पेड़ो की सुरक्षा करे और जंगल बचाएँ
पानी का उचित इस्तेमाल करें और बूँद बूँद बचाएँ,
बेजुबान बेसहारों का सहारा बन जीवन सफल बनाएँ ।



मोनिका डागा (दैनिक अवन्तिका)

### कथा- व्यथा

विधवा माँ का इकलौता बेटा आज सीबीएसई की बारहवीं कक्षा का अन्तिम पर्चा देकर घर लौटा तो बहुत खुश था। माँ उसके चेहरे को देख कर समझ गई कि उसका आज का पेपर बहुत अच्छा गया है। उसे खाना खिला कर वह अपने काम पर चली गई । आज वह बहुत खुश थी। उसने गुनगुनाते हुए जल्दी जल्दी लोगों के घरों में बर्तन मांजे और काम निपटाया ताकि घर जाकर बेटे की पसंद का हलवा और खाना बना कर खिला सके। अपनी प्रसन्नता व्यक्त करने का उसके पास यही सबसे अच्छा माध्यम था। अच्छे रिजल्ट के इंतजार में दिन व्यतीत होने लगे। माँ ने भी आगे की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कुछ बचत और कुछ उधार लेकर कोचिंग की फीस जमा की। बेटा अर्पण फिर से पढ़ने में व्यस्त हो गया।

रिजल्ट का दिन आ गया। पर यह क्या? फिजीक्स के जिस पेपर में उसे 95 से 98 नंबर की उम्मीद थी उसमें सिर्फ 11 नंबर ही आए थे।उसने रि-इवेल्यूवेशन? का फार्म भरा लेकिन अंको में कोई परिवर्तन नही हुआ। उसके बाद उसनें आनलाइन स्कैन कापी देखनी चाही तो उसके होश उड़ गए। उत्तर पुस्तिका? का प्रथम पृष्ठ उसी का था लेकिन अंदर के पृष्ठ उसके नहीं थे। उसने फिर आवेदन किया कि अंदर के पृष्ठो की लिखावट उसकी नही है। सारा मामला आश्वासन और विचाराधीन है। निश्चित ही अंदर के पृष्ठ किसी रईस पिता के बेटे की कापी में लगा दिए होगें। सिस्टम की लापरवाही, भ्रष्टाचार और अधिकारियों के अंतहीन लालच का मुकाबला एक निर्धन प्रतिभावान विद्यार्थी कहाँ तक कर पाएगा? अभी भी नीट परीक्षा का पेपर लीक होने, नर्सिंग की परीक्षा निरस्त होने और कई प्रतियोगी परीक्षाओं के साक्षात्कार टल जाने से युवा अपने जीवन में कई साल पीछे चले गए हैं। समय और पैसा ही नहीं बल्कि आज युवाओं का जीवन दांव पर लगा है। पहले भी व्यवसायिक परीक्षा मंडल भोपाल का कारनामा हम देख चुके हैं जब अनेक प्रतिभाशाली बच्चों का डाक्टर बनने का सपना चूर- चूर हो गया था। क?ई ने आत्महत्या कर ली थी, कई जेल में सजा काट रहे है और क?ई के माता पिता बच्चों की याद में डिप्रेशन में पागलों सा जीवन जी रहे हैं। परीक्षा मंडल के असली गुनाहगार कुछ दिन जेल मे रह कर छूट गए है और अब इज्जत के साथ शानदार जीवन जी रहे है। पारदर्शी परीक्षा प्रणाली और पारदर्शी प्रशासन पर लच्छेदार भाषण तो बहुत हो गए, अब हमे सचमुच पारदर्शी सिस्टम चाहिए।

**- कुसुम जैन शाजापुर**

# गर्मी में मटके का पानी क्यों है अमृत समान

भीषण गर्मी के दिनों में जब सूर्य की तपिश धरती को झुलसाने लगती है, तब एक घूंट ठंडा पानी जीवन का सबसे बड़ा सुख प्रतीत होता है। आधुनिक जीवनशैली में फ्रिज, एयरकंडीशनर और बोतलबंद पानी ने हमारे घरों में स्थायी जगह बना ली है, लेकिन इन सबके बीच मिट्टी के मटके का महत्व आज भी कम नहीं हुआ। गाँवों की चौपालों से लेकर शहरों की बालकनियों तक, मटके का पानी आज भी अपनी सौंधी खुशबू और प्राकृतिक ठंडक के कारण लोगों के दिलों में बसा हुआ है। यह केवल पानी रखने का साधन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, वैज्ञानिक समझ और प्रकृति से जुड़ी जीवनशैली का प्रतीक है।



डॉ सत्यवान सौरभ (दैनिक अवन्तिका)

भारतीय समाज में मटके का इतिहास अत्यंत प्राचीन है। सिंधु घाटी सभ्यता से लेकर आज तक मिट्टी के बर्तनों का उपयोग हमारे जीवन का हिस्सा रहा है। हमारे पूर्वजों ने प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर जीवन जीना सीखा था। वे जानते थे कि हर समस्या का समाधान प्रकृति में ही छिपा है। इसलिए गर्मी से राहत पाने के लिए उन्होंने मिट्टी के घड़ों का प्रयोग आरंभ किया। उस समय न बिजली थी, न फ्रिज और न आधुनिक तकनीक, फिर भी लोग स्वस्थ रहते थे क्योंकि उनकी जीवनशैली प्राकृतिक थी।

मटके का पानी वैज्ञानिक दृष्टि से भी अत्यंत उपयोगी माना गया है। मिट्टी के घड़े में सूक्ष्म छिद्र होते हैं जिनसे पानी का थोड़ा-थोड़ा वाष्पीकरण होता रहता है। वाष्पीकरण की प्रक्रिया में ऊष्मा बाहर निकलती है और पानी स्वाभाविक रूप से ठंडा हो जाता है। यह ठंडक कृत्रिम नहीं होती, बल्कि शरीर के अनुकूल होती है। फ्रिज का अत्यधिक ठंडा पानी अचानक शरीर के तापमान को प्रभावित करता है, जिससे गला खराब होना, खांसी, जुकाम और पाचन संबंधी समस्याएँ हो सकती हैं। इसके विपरीत मटके का पानी शरीर को धीरे-धीरे शीतलता प्रदान करता है। मिट्टी में प्राकृतिक क्षारीय तत्व पाए जाते हैं, जो पानी के साथ मिलकर शरीर के स्त्रळ स्तर को संतुलित रखने में सहायता करते हैं। आज के समय में लोगों का खानपान अधिकतर अम्लीय हो गया है। फास्ट फूड, तले हुए पदार्थ, कोल्ड ड्रिंक्स और अनियमित जीवनशैली के कारण एसिडिटी, गैस और अपच जैसी समस्याएँ सामान्य हो गई हैं। मटके का पानी इन समस्याओं को कम करने में सहायक होता है। यह पेट को ठंडक देता है और पाचन क्रिया को मजबूत बनाता है।

डॉक्टरों का मानना है कि गर्मी के मौसम में शरीर से पसीने के माध्यम से बड़ी मात्रा में पानी और खनिज बाहर निकल जाते हैं। यदि समय पर इनकी पूर्ति न हो तो शरीर में कमजोरी, थकान और चक्कर आने जैसी समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं। मटके का पानी शरीर को प्राकृतिक रूप से हाइड्रेट रखता है और आवश्यक खनिजों की पूर्ति में मदद करता है। यही कारण है कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों में काम करने वाले किसान आज भी मटके का पानी पीना पसंद करते हैं।

मटके के पानी की सबसे बड़ी विशेषता इसकी प्राकृतिक शुद्धता है। आधुनिक समय में प्लास्टिक की बोतलों का उपयोग तेजी से बढ़ा है। गर्मी में जब ये बोतलें धूप के संपर्क में आती हैं, तो इनमें मौजूद हानिकारक रसायन पानी में मिल सकते हैं। वैज्ञानिक शोधों में यह बात सामने आई है कि प्लास्टिक में मौजूद BPA जैसे तत्व स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। इसके अलावा, बोतलबंद पानी की गुणवत्ता भी हमेशा विश्वसनीय नहीं होती। दूसरी ओर, मिट्टी का घड़ा पूरी तरह प्राकृतिक होता है और उसमें किसी प्रकार का रासायनिक खतरा नहीं होता। फ्रिज के पानी की तुलना में मटके का पानी अधिक स्वास्थ्यवर्धक माना जाता है। अत्यधिक ठंडा पानी कई बार शरीर के पाचन तंत्र को प्रभावित करता है। भोजन के तुरंत बाद बहुत ठंडा पानी पीने से पाचन धीमा हो जाता है। वहीं मटके का पानी संतुलित तापमान पर रहता है, जिससे शरीर को कोई नुकसान नहीं होता।

### 1 जून विश्व दूध दिवस

# दूध उत्पादन में भारत विश्व में शीर्ष पर होने से निर्यात की संभावना बनेगी

हर घर में बच्चें से लेकर वृद्धजनों के लिए दुग्ध की जरूरत बनी रहती है, क्योंकि हम सभी दूध या इससे बने उत्पादों जैसे दही, छाछ, लस्सी, पनीर, घी, मक्खन, आइसक्रीम, मिठाई आदि का किसी न किसी रूप में उपयोग करते हैं। देशी गायों का दूध हमारे लिए बेहद उपयोगी है, क्योंकि इसमें बीमारियों से लड़ने की क्षमता काफी अधिक होती है। वैसे तो यहां गाय भैंस दोनों के ही दुग्ध का अध्ययन किया गया है। दूध के अंदर विटामिन, कैल्शियम, फैट्स, मिनरल जैसे सारे पोषक तत्व मिलते हैं। इसलिए इसे संपूर्ण आहार भी कहा जाता है।



डॉ. बी.आर. नलवाया, (दैनिक अवन्तिका)

देश में दूध, दही, बटर, पनीर जैसे दुग्ध उत्पादों का इन दिनों बड़े पैमाने पर उत्पादन हो रहा है। आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश बन चुका है। अब सरकार सहकारिता के माध्यम से इस क्षेत्र का विस्तार कर रही है। इसके लिए जहां प्राथमिक स्तर पर समितियां बनाई जाएगी वहीं नए दूध संघ भी बनाए जा रहे हैं। मध्य प्रदेश में 7000 ग्रामीण दूध सहकारी समितियां और 6 सहकारी दूध संघ है राज्य स्तर पर राज्य सहकारी दूध महासंघ है। जो सब पर नियंत्रण करता है। अभी तक देश में दूध संग्रहण में प्रतिवर्ष लगभग 6% की दर से वृद्धि हो रही है ,इससे बढ़कर 9% करना है। देश में दूध का उत्पादन बढ़ेगा तो घरेलू मांग की आपूर्ति हो सकेगी और निर्यात करने की क्षमता में भी वृद्धि होगी। विश्व के दुग्ध उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। वर्ष 2014 में भारत में 14.6 करोड़ टन दूध का उत्पादन होता था वहीं 2022 में यह बढ़कर 21 करोड़ टन पर पहुंच गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार 2025 में देश में दूध उत्पादन 24.8 करोड़ टन के उच्चतर स्तर पर पहुंच गया है , पिछले 11 सालों में इसमें 69.4 प्रति शत की वृद्धि देखने को मिलती है । उल्लेखनीय है कि वर्ष 1974 में दूध का उत्पादन 2.3 करोड़ टन था। रोजगार की दृष्टि से 8 करोड़ से अधिक लोगों की आजीविका पशुधन से ही चल रही है।

गौरतलब है, कि पिछले वर्षों में गुजरात के बनासकांठा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा , कि दुग्ध उत्पादन में भारत दुनिया में शीर्ष पर है, इस लिहाज से मध्यप्रदेश का योगदान भी उल्लेखनिय हैं। देश में दूध उत्पादन में मध्य प्रदेश का 9.12 प्रतिशत का योगदान है । देश में मध्य प्रदेश का तीसरा स्थान है। इसे अगले 5 वर्षों में बढ़कर 20 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य है। आज की स्थिति में 9 लाख समितियाँ दूध का संग्रहण करती हैं । इसे 55 लाख तक पहुंचाने का लक्ष्य है। अभी हाल ही में प्रदेश में 2453 सहकारी समितियां को चालू किया गया ,जो बंद की स्थिति में थी ' मध्य प्रदेश में बीते 7 वर्षों में दूध उत्पादन के क्षेत्र में मजबूती दर्ज की गई। मध्य प्रदेश में वर्तमान में प्रतिदिन 967000 किलोग्राम दूध एकत्रित हो रहा है 'वही देश में दूध संग्रह का रिकार्ड बताता है कि 2025- 26 में 780 लाख लीटर ,2026 -27 में 847 लाख लीटर , 2027 -28 में 923 लाख लीटर होगा और 2028- 29 में 1007 लाख लीटर होने की संभावना है।

विश्व का 25% दुग्ध भारत में उत्पादित होता है, लेकिन मांग 28% तक बढ़ गई है। दूध की मांग बढ़ने और सप्लाई सीमित होने के कारण ,अब दूध ?40/प्रति लीटर से बढ़कर ?60/ से ?80 / प्रति लीटर तक पहुंच गया है। दूसरी तरफ पिछले वर्षों चारे के संकट में खेती का रकबा कम हुआ और जानवरों को खिलाने वाला बाजरा अतिवृष्टि से जड़ों से उखड़ कर खेतों में पानी से सड़ने लगा, इससे देश में पशुचारे की कीमतें भी बढ़ी है। दुग्ध उत्पादक को .75 पैसे न्यूनतम मिलते है ,जब हम 1/ के दुग्ध की खरीदी करते हैं।

देश की अर्थव्यवस्था में डेयरी उद्योग का 5% योगदान है। भारतीय दूध उद्योग में आई इस क्रांति को श्वेत क्रांति, दुग्ध क्रांति जैसे नामों से जाना जाता है, लेकिन वास्तविक अर्थों में तो यह स्त्री उद्यम की क्रांति है। ग्रामीण जीवन का अनुभव रखने वाले पाठक इस बात से भली-भांति परिचित है, कि दुधारू पशुओं का पालन मूल रूप से महिलाएं ही करती है। वर्ष 1955 से महिला डेयरी सहकारी नेतृत्व कार्यक्रम की शुरूआत की गई थी, और इसके परिणाम आज पूरे भारत में स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं। आज सहकारी दुग्ध के उत्पादन का यह नेटवर्क भारत के 418 जिलों में 1,55,634 ग्राम स्तरीय समितियों तक फैला हुआ है और इसमें लगभग 1.51 करोड सक्रिय दुग्ध सदस्यों में 43 लाख महिलाएं हैं।

### इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5800 से 5900 विशाल 5800 से 5850 मसूर 6050 से 6100 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई यह तुअर 6000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7600 से 7700 मूंग नी बेस्ट बोल्ड 8200 से 8500 मीडियम बोल्ड 7600 से 7800 में एवरेज गर्मी 7000 से 7200 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 8700 उड़द गर्मी 7700 से 8300 हल्का - उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5800 से 6000 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 7300 से 7500 निमाड़ी 7500 से 7600 रायडा 6400 से 6600 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 से 7400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7600 से 7800 मीडियम 8800 से 9000 बेस्ट 10200 से 10400 रुपए।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 12500 से 13000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारिक 4000 रुपए क्विंटल।

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूं- 1450-2850, चना देशी- 4999-5760, डालर चना- 4400-7990, उड़द- 7621, मूंग- 7576, सोयाबीन- 1215-8900, मैथीदाना- 1340, सरसो- 6500, धनिया- 10930-13306, बटला- 2860, मसूर- 6201, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेंर्ड- 1,50,400 रवा- 1,50,200 चांदी- टंच- 2,53,500 पाट- 2,53,000।

### उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

### आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com



## महंगाई एवं पेट्रोल-डीजल की कीमतों ने परिवार का बजट बिगाड़ा - युवक कांग्रेस

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में युवक कांग्रेस के तत्वाधान में पचोर में बढ़ती महंगाई एवं पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ रही कीमतों के विरोध में राजगढ़ सांसद रोडमल नागर को युवा कांग्रेस के साथियों के साथ सांकेतिक रूप से साइकिल भेंट की। रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल एवं दैनिक उपयोग की वस्तुओं की बढ़ती कीमतों ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। किसान, मजदूर, व्यापारी, युवा एवं मध्यम वर्ग सभी महंगाई की मार से परेशान हैं। जनता को राहत देने के बजाय लगातार बढ़ती कीमतों ने हर परिवार का बजट बिगाड़ दिया है। युवा कांग्रेस सदैव आमजन की आवाज बनकर जनता के हितों के लिए संघर्ष करती रहेगी। जनता महंगाई की मार से परेशान है और आमजन के हितों की आवाज उठाना सभी की जिम्मेदारी है। राजगढ़ पूर्व विधायक बापू सिंह तंवर ने युवा कांग्रेस के सभी साथियों द्वारा जनहित अभियान में सक्रिय सहभागिता की सरहाना की।

## युवक को जान से मारने की धमकी, 8 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप

**सुसनेर।** देहरिया सुसनेर निवासी एक व्यक्ति को जान से मारने की धमकी देने और अवैध रूप से रुपयों की मांग करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस थाना प्रभारी को आवेदन देकर सुरक्षा और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित रमेश ने सुसनेर थाना प्रभारी को सौंपे लिखित शिकायती पत्र में बताया कि ग्राम सारंग्याखेड़ी की रहने वाली मनीषा पिता रमेश करीब दो महीने पहले कोटा निवासी शिवलाल के साथ घर से चली गई थी और वर्तमान में उसी के साथ रह रही है। इस मामले में कोर्ट में बयान भी दर्ज हो चुके हैं। शिवलाल पीड़ित रमेश की बड़ी सास का बेटा है और उसका रमेश के घर (ग्राम देहरिया) आना-जाना था। इसी बात को लेकर लड़की मनीषा के पिता रमेश, उसके मामा कालू और गोविंद पीड़ित पर लगातार दबाव बना रहे हैं। आरोपियों का कहना है कि रमेश उन्हें 8 लाख रुपये लाकर दे अन्यथा वे उसे जान से मार देंगे। पीड़ित ने आवेदन में यह गंभीर आरोप भी लगाया है कि आरोपियों ने उसे रास्ते से हटाने के लिए कुछ लोगों को फिरौती (सुपारी) भी दे रखी है। पीड़ित ने अंदेशा जताया है कि आरोपी उसके साथ कभी भी किसी बड़ी अनहोनी घटना को अंजाम दे सकते हैं। पुलिस से कार्रवाई की गुहार सुरक्षा के लिहाज से पीड़ित रमेश ने शनिवार को सुसनेर थाने में लिखित आवेदन प्रस्तुत किया। उसने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए आरोपियों के खिलाफ तत्काल ठोस कानूनी कार्रवाई की जाए। पुलिस ने आवेदन पर जांच शुरू कर दी है। देहरिया सुसनेर निवासी रमेश मालवीय का आवेदन प्राप्त हुआ है आवेदन में कुछ लोगों के द्वारा फि रौती मांगने की बात कही गई है । आवेदन की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## उद्योग परिसर में मेंटेनेंस कार्य के दौरान दो श्रमिक घायल, हालत सामान्य

**नागदा।** लेनक्सेस उद्योग परिसर में बेसिक मेंटेनेंस कार्य के दौरान दो कॉन्ट्रैक्ट श्रमिक मिनी लिफ्ट पर कार्य करते समय लगभग 3 से 3.5 मीटर की ऊंचाई से गिर गए। जानकारी के अनुसार दोनों श्रमिकों ने निर्धारित सुरक्षा उपाय (सेफ्टी प्रिकॉशंस) अपनाए हुए थे। घटना के बाद दोनों श्रमिकों को प्राथमिक उपचार हेतु स्थानीय जन सेवा अस्पताल पहुंचाया गया। इनमें से एक श्रमिक को पैर में मोच जैसी तकलीफ होने के कारण बेहतर जांच एवं उपचार के लिए उज्जैन रेफर किया गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घायल श्रमिकों के नाम ओंकार सिंह यादव एवं हकम सिंह पवार बताए जा रहे हैं। राहत की बात यह है कि किसी भी श्रमिक को गंभीर चोट नहीं आई है तथा किसी प्रकार के फ्रैक्चर की पुष्टि नहीं हुई है। दोनों श्रमिकों की स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

## देवास में अघोषित कचरा पॉइंट्स पर सीसीटीवी से निगरानी शुरू

देवास। शहर की स्वच्छता व्यवस्था सुधारने के लिए नगर निगम ने एक नई पहल की है। पहली बार शहर के उन अघोषित कचरा पॉइंट्स पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जहां लोग लगातार कचरा फेंकते थे। नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार के निर्देश पर यह विशेष अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत शहर के लगभग 20 चिन्हित स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों में कैद होने वाली रिकॉर्डिंग के आधार पर कचरा फेंकने वाले लोगों की पहचान की जाएगी। इसके बाद उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी, जिसमें जुमार्ना भी शामिल है। निगम अधिकारियों के अनुसार, स्वच्छता को लेकर यह पहली बार है जब इस तरह की तकनीकी निगरानी व्यवस्था लागू की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य उन लोगों पर अंकुश लगाना है जो सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंककर शहर की स्वच्छता को प्रभावित करते हैं। नगर निगम ने बताया कि लगातार समझाइश के बावजूद कुछ स्थानों पर लोग कचरा डालना बंद नहीं कर रहे थे, जिसके कारण ये स्थान अघोषित कचरा पॉइंट्स बन गए हैं। अब कैमरों की मदद से निगरानी कर कचरा फेंकने वालों के खिलाफ जुमार्ना सहित अन्य कार्रवाई की जाएगी। स्वच्छ भारत मिशन के नोडल सौरभ त्रिपाठी ने जानकारी दी कि सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग के आधार पर अब कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि नगर निगम की टीम स्वच्छता के लिए लगातार काम कर रही है और लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। नगर निगम को उम्मीद है कि इस पहल से शहर में गंदगी फैलाने वालों पर रोक लगेगी और देवास स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर सकेगा।

## शाजापुर में आंधी-बारिश से पारा 5 डिग्री गिरा


शाजापुर में शनिवार को रात में अचानक बदले मौसम से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। रात में करीब 11 बजे तेज आंधी चली, जिसके बाद तापमान में 5 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई। आंधी के कारण शहर के कई हिस्सों में आधे घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। तेज हवाओं के चलते सड़कों पर दोपहिया वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि, इस घटना में किसी के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है। बस स्टैंड क्षेत्र में भी आंधी का व्यापक असर देखा गया। तेज हवाओं के कारण दुकानों के बाहर रखा सामान उड़ने लगा। व्यापारियों ने तुरंत अपना सामान सुरक्षित स्थानों पर रख लिया, जिससे किसी बड़े नुकसान से बचा जा सका।

# सुसनेर में गीता ज्ञान यज्ञ की तैयारियां पूर्ण, आज से बहेगी ज्ञान और भक्ति की गंगा

## ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धालुओं के बीच विशेष उत्साह का वातावरण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर





अध्यात्म, संस्कार और आत्मिक शांति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विश्वगीताप्रतिष्ठानम् के तत्वावधान में गीता स्वाध्याय मंडल शाखा सुसनेर द्वारा त्रिदिवसीय ह्यगीता ज्ञान यज्ञह्न का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजन 1 जून से 3 जून 2026 तक स्थानीय माहेश्वरी धर्मशाला में संपन्न होगा। आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धालुओं के बीच विशेष उत्साह का वातावरण बना हुआ है।

आयोजन समिति के अनुसार अधिक मास के पावन अवसर पर आयोजित होने वाले इस ज्ञान यज्ञ में प्रसिद्ध वक्ता डॉ. विष्णु नारायण जी तिवारी श्रीमद्भगवद्गीता के दिव्य संदेशों का सरल एवं प्रेरणादायी व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे। उनके प्रवचनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को गीता के कर्म, भक्ति, ज्ञान और जीवन प्रबंधन से जुड़े महत्वपूर्ण सिद्धांतों को समझने का अवसर मिलेग। कार्यक्रम के अंतर्गत 1 जून से 3 जून तक प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक गीता स्वाध्याय एवं प्रवचन आयोजित किए जाएंगे। वहीं आयोजन के अंतिम दिन 3 जून को प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक अखंड गीता पाठ एवं हवन का विशेष आयोजन होगा, जिसमें श्रद्धालु वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आहुतियां अर्पित कर धर्म लाभ अर्जित करेंगे।

आयोजकों ने बताया कि अधिक मास (पुरुषोत्तम मास) सनातन धर्म में अत्यंत पुण्यदायी और दुर्लभ माना गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस अवधि में किए गए जप, तप, दान, स्वाध्याय और भगवान के स्मरण का फल कई गुना अधिक प्राप्त होता है। इसी उद्देश्य से क्षेत्रवासियों को धर्म, संस्कृति और आध्यात्मिक ज्ञान से जोड़ने के लिए इस विशेष आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई है। गीता ज्ञान यज्ञ के माध्यम से समाज में नैतिक मूल्यों, सदाचार और आध्यात्मिक चेतना का प्रसार करने का प्रयास किया जाएगा। आयोजन समिति का मानना है कि वर्तमान समय में गीता का ज्ञान व्यक्ति को जीवन की चुनौतियों का सामना करने, मानसिक तनाव से मुक्ति पाने तथा सकारात्मक जीवन जीने की प्रेरणा देता है।

आयोजन से जुड़े पदाधिकारियों द्वारकाधीश लड्डा एवं रूपनारायण श्रीवास्तव ने समस्त क्षेत्रवासियों, माताओं-बहनों, युवाओं एवं धर्मप्रेमी नागरिकों से सपरिवार अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ज्ञान यज्ञ का लाभ लेने तथा धर्ममय वातावरण का हिस्सा बनने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि आयोजन में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि सभी श्रद्धालु शांतिपूर्वक कथा, स्वाध्याय एवं हवन कार्यक्रम में सहभागी बन सकें।

## गर्मी में बन रहीं पक्षियों का सहारा

# पार्षद स्नेहलता परमार वर्षों से निभा रहीं पक्षी संरक्षण का दायित्व

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



भीषण गर्मी के दौर में जहां इंसानों के साथ-साथ पशु-पक्षियों को भी पानी की कमी का सामना करना पड़ता है, वहीं नगर के वार्ड क्रमांक 5 की पार्षद स्नेहलता युगल परमार पिछले कई वर्षों से पक्षियों के लिए पानी और दाने की व्यवस्था कर एक सराहनीय सामाजिक पहल का निर्वहन कर रही हैं। उनकी इस पहल से प्रतिदिन बड़ी संख्या में पक्षियों को राहत मिल रही है।

स्नेहलता परमार द्वारा अपने निवास की छत पर विशेष रूप से जल पात्र रखे गए हैं, जिनमें प्रतिदिन स्वच्छ पानी भरा जाता है। इसके साथ ही पक्षियों के लिए नियमित रूप से दाना भी रखा जाता है, जिससे उन्हें भोजन और पानी दोनों आसानी से उपलब्ध हो सके। गर्मी के मौसम में जब जल स्रोत सूखने लगते हैं और पक्षियों को पानी की तलाश में भटकना पड़ता है, ऐसे समय में यह व्यवस्था उनके लिए जीवनदायिनी साबित हो रही है। पार्षद स्नेहलता परमार का मानना है कि पर्यावरण संरक्षण और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। इसी सोच के साथ वे वर्षों से लगातार यह सेवा कार्य कर रही हैं। उनके घर की छत पर प्रतिदिन विभिन्न प्रजातियों के पक्षी पहुंचते हैं और पानी पीकर तथा दाना चुगकर अपनी प्यास और भूख मिटाते हैं।

क्षेत्र के नागरिकों ने भी उनकी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि समाज में ऐसे प्रयासों से लोगों को प्रेरणा मिलती है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने घर, दुकान या प्रतिष्ठान पर एक छोटा जल पात्र रख दे तो गर्मी के मौसम में हजारों पक्षियों को राहत मिल सकती है।

सामाजिक सरोकारों से जुड़ी स्नेहलता परमार का यह प्रयास न केवल पक्षियों के संरक्षण में योगदान दे रहा है, बल्कि लोगों को जीवों के प्रति दया, करुणा और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का संदेश भी दे रहा है। उनकी इस मुहिम को देखकर कई अन्य लोग भी अपने घरों में पक्षियों के लिए पानी और दाने की व्यवस्था करने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

## डीजीपी का रिश्तेदार बताकर नौकरी लगवाने के नाम पर लाखो की ठगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर

अपने को डीजीपी का रिश्तेदार बताकर पुलिस में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने नौकरी लगवाने का झांसा देकर लाखों रुपए ठगने के मामले में आरोपी बालूसिंह पिता भेरूलाल वाड़िया निवासी झारखेडी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायतकताओं ने एसपी कार्यालय उज्जैन में आवेदन देकर आरोप लगाया था कि आरोपी ने स्वयं को पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना का रिश्तेदार बताकर पुलिस विभाग में नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाया। शिकायत के अनुसार आरोपी ने अलग-अलग 10 लोगों से तीन से चार लाख रुपए लेकर कुल करीब 25 लाख रुपए वसूल किए लेकिन किसी की नौकरी नहीं लगवाई। जब पीड़ितों ने रुपए वापस मांगे तो आरोपी द्वारा गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी गई। एसडीओपी जेंडर लिंगजेरपा ने बताया बालूसिंह के खिलाफ 25 लाख की ठगी का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

**जमीन गिरवी रखी, किसी ने जमा पूंजी दी** - बालूसिंह के खिलाफ 10 लोगों ने शिकायत की है। इसमें जितेंद्र पिता रणजीत, फतेसिंह पिता अंबाराम, बलराम पिता रमेश, रमेश बोड़ाना, विकास पिता अंतरसिंह, विक्रम पिता रमेश, मुकेश पिता रामेश, मुकेश, लालूबाई पति स्व. अनिल, कमलाबाई पति स्व. सत्यनारायण निवासीगण उज्जैन, हेमंत पिता रणजीत, विकास यादव पिता वासुदेव निवासी देवास शामिल है। उक्त राशि देने में कई शिकायतकताओं ने जमीन गिरवी रखी व लोन तक ले लिया।

### ग्राम मोड़ी में पोक्सो अधिनियम पर जागरूकता शिविर आयोजित

**सुसनेर।** तहसील विधिक सेवा समिति सुसनेर एवं पुलिस विभाग जिला आगर-मालवा के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम मोड़ी में पोक्सो अधिनियम पर विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में न्यायिक मजिस्ट्रेट सुसनेर अरुंधति परस्ते ने ग्रामीणों, महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध होने वाले लैंगिक अपराधों की जानकारी देते हुए विभिन्न प्रावधानों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा एवं उनके अधिकारों की रक्षा करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। किसी भी प्रकार के शोषण, दुर्व्यवहार की जानकारी मिलने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने की समझाइश दी गई।

## ग्रामीणों ने किया हाईवे पर चक्काजाम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।




राजगढ़ जिले में करोड़ों की लागत से बनाए गए मोहनपुरा, कुंडलिया, कुशलपुरा और पार्वती डेम यदि क्षेत्रवासियों के प्यासे कंठ तर नहीं कर पाये तो यह उनके लिए सबसे बड़े दुर्भाग्य की बात और किया हो सकती है ग्राम पीपलबे, कलालपुरा के पास ग्रामीणों ने पानी की किल्लत से परेशान होकर नेशनल हाइवे 52 पर बैठ कर चक्काजाम करते हुए हंगामा कर दिया, नेशनल हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी लम्बी कतारें लग गई जाम से यात्री और आने -जाने वाले लोग काफी परेशान होते रहे। ग्रामीणों ने पेयजल समस्या के समाधान की मांग उठाई, मटका बर्तन लेकर सड़को पर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया, मौके पर प्रशासन और पुलिस नही पहुंची।

## मांगलिक भवन में बाधक बनी विद्युत लाइन, हटाने के लिए भेजा प्रस्ताव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



जनपद पंचायत सुसनेर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कायरा में सांसद निधि से निमार्णाधीन मांगलिक भवन के कार्य में 11 केवी विद्युत लाइन बाधा बन रही है। विद्युत तार भवन निर्माण स्थल के ऊपर से गुजरने के कारण निर्माण कार्य लंबे समय से प्रभावित हो रहा था, जिससे भवन का कार्य पूर्ण नहीं हो पा रहा था।

ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायत कायरा के सरपंच बलराम चौहान एवं सचिव युगल किशोर द्वारा इस समस्या के निराकरण के लिए पहल की गई।

दोनों जनप्रतिनिधियों ने विद्युत लाइन को अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने हेतु आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सौंपा है। साथ ही विद्युत विभाग से आवश्यक स्वीकृति दिलाने की मांग भी की गई है, ताकि भवन निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा किया जा सके। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायतों में ग्रामीण जनों के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजनों के लिए मांगलिक भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत कायरा में भी सांसद निधि से मांगलिक भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है, लेकिन भवन परिसर के ऊपर से गुजर रही 11 केवी विद्युत लाइन के कारण सुरक्षा संबंधी चिंताएं उत्पन्न हो रही हैं तथा निर्माण कार्य में तकनीकी बाधाएं आ रही हैं। प्रस्ताव प्राप्त होने के बाद संबंधित अधिकारियों की एक टीम ने मौके पर पहुंचकर निमार्णाधीन मांगलिक भवन एवं विद्युत लाइन की स्थिति का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने स्थल का अवलोकन कर आवश्यक तकनीकी जानकारी जुटाई और समस्या के समाधान के लिए आगे की प्रक्रिया प्रारंभ करने का आश्वासन दिया।

विद्युत लाइन को शीघ्र स्थानांतरित कर मांगलिक भवन का निर्माण कार्य पूरा कराया जाएगा, जिससे क्षेत्र के लोगों को सामाजिक एवं पारिवारिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। कायरा खेल मैदान,सामुदायिक भवन, सांसद निधि से मांगलिक भवन, फैंसिंग स्थल का मौके पर जाकर निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए।



## अधिक मास में हो रह विभिन्न धार्मिक आयोजन

**महिदपुर रोड।** ज्येष्ठ मास के महिने में अधिक मास होने से नगर में पूरे महिने विशेष धार्मिक गतिविधियां मंदिरों तथा घरों में आयोजित हो रही है कल शनिवार को पूर्णिमा होने से विशेष रूप से धार्मिक गतिविधियों का आयोजन विभिन्न समाजों के समाज जनों ने अपने घरों और मंदिरों में किया श्री राम हनुमान मंदिर के पुजारी पं पुरुषोत्तम भट्ट शेष शायी विष्णु मंदिर के पुजारी पं अशोक पाडे गणेश मंदिर के पुजारी पं बद्री प्रसाद शर्मा तथा ज्योतिष तथा धार्मिक गतिविधियों के जानकारी पंडित ओम प्रकाश शर्मा ने बताया अधिक मास में पूजा अर्चना का विशेष महत्व है अन्नदान ,जल दान ,गौ माता की सेवा जगह-जगह गर्मी से परेशान राहगीरों के लिये पेयजल की व्यवस्था तथा परिंदों के लिये परिंडे लगाने से अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक मास में कई गुना अधिक पुण्य फल प्राप्त होता है।

## देवास में बिजली गुल होने से भड़के रहवासी, किया चक्काजाम



**देवास।** जमुना नगर और आवास नगर क्षेत्र में शुक्रवार रात बिजली कटौती से परेशान रहवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में महिला-पुरुष मक्सी रोड पर बैठ गए और करीब आधे घंटे तक चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। रहवासियों का आरोप है कि क्षेत्र में लगे ट्रांसफार्मर (डीपी) में बार-बार खराबी आने के कारण नियमित बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही है। समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन इसके स्थायी समाधान के लिए अब तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। कई बार शिकायत करने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। चक्काजाम की सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार कपिल गुर्जर सहित प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शन कर रहे लोगों से चर्चा कर समस्या के स्थायी समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद रहवासियों ने जाम समाप्त कर दिया और यातायात बहाल हो गया। स्थानीय रहवासी कविता बाई ने बताया कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र के लोग बिजली संकट से परेशान हैं। ट्रांसफार्मर में बार-बार फॉल्ट आने से घंटों बिजली गुल रहती है। उनका कहना है कि अस्थायी मरम्मत से समस्या का समाधान नहीं होगा, इसके लिए स्थायी व्यवस्था की जरूरत है। मौके पर बिजली कंपनी के कर्मचारी भी पहुंचे और ट्रांसफार्मर सुधारने का प्रयास किया। हालांकि मरम्मत कार्य के दौरान ही दोबारा फॉल्ट आ गया, जिससे समस्या की गंभीरता सामने आ गई। रहवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द स्थायी समाधान नहीं किया गया तो वे दोबारा आंदोलन करेंगे।

## खातेगांव में 20 मिनट तक तेज बारिश:नौतपा में मौसम ने ली करवट, गर्मी से मिली राहत



**देवास।** नौतपा के दौरान खातेगांव क्षेत्र में शुक्रवार तक 42 से 43 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा था। शनिवार को यहां मौसम ने अचानक करवट ली। सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे, जिससे मौसम में बदलाव के संकेत मिलने लगे थे। सुबह करीब 9 बजे हल्की हवाओं और बादलों की गड़गड़ाहट के साथ बूंदाबांदी शुरू हुई। कुछ ही देर में बारिश ने तेज रूप ले लिया और लगभग 20 मिनट तक जोरदार वर्षा होती रही। इस बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों को नौतपा की भीषण गर्मी से काफी राहत मिली। पिछले कई दिनों से पड़ रही तेज गर्मी के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा था। अचानक हुई इस बारिश ने मौसम को सुहावना बना दिया और लोगों को चिलचिलाती धूप से राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार, आगामी कुछ दिनों तक क्षेत्र में इसी तरह का मौसम बने रहने की संभावना है। हालांकि, बारिश से गर्मी से राहत मिलने के बावजूद, स्थानीय लोगों का मानना है कि अब वातावरण में नमी बढ़ने से उमस की समस्या बढ़ सकती है। नौतपा के बीच हुई इस बारिश ने फिलहाल क्षेत्रवासियों को तेज गर्मी से राहत प्रदान की है।

बारिश ने आम लोगों को गर्मी से भले ही राहत दी, लेकिन एमजी रोड के व्यापारियों के लिए यह परेशानी का सबब बन गई। दरअसल, एमजी रोड पर इन दिनों निर्माण कार्य चल रहा है। बारिश के कारण खुदाई वाले और अधूरे कार्यस्थलों पर पानी भर गया। दुकानों के ठीक सामने जलभराव होने से व्यापारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# बेंगलुरु लगातार दूसरी बार आईपीएल चैंपियन

## गुजरात को 5 विकेट से हराया; कोहली ने छक्का लगाकर जीत दिलाई, रसिख को 3 विकेट

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार को बेंगलुरु ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। गुजरात ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 155 रन बनाए। जवाब में विराट कोहली के नाबाद 75 रन की बदौलत बेंगलुरु ने 18 ओवर में 161 रन बनाकर टारगेट हासिल कर लिया।

गुजरात-शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, जोस बटलर (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, राहुल तेवतिया, निशांत सिंधु, जेसन होल्डर, राशिद खान, कगिसो रबाडा, अरशद खान और मोहम्मद सिराज। बेंगलुरु-विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, रजत पाटीदार, जितेश शर्मा, टिम डेविड, क्रुणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, रोमारियो शेफर्ड, जैकब डफी, जोश हेजलवुड और रसिख सलाम।





इनिंग ब्रेक के दौरान म्यूजिकल शो हुआ। इसमें कैलाश खेर ने परफॉर्म किया। इनिंग ब्रेक के दौरान म्यूजिकल शो हुआ। इसमें कैलाश खेर ने परफॉर्म किया। विराट कोहली ने फाइनल में विजयी छक्का लगाकर को लगातार दूसरा खिताब जिताया। 156 रन के टारगेट का पीछा करते हुए आरसीबी ने 18 ओवर में 5 विकेट पर 161 रन बनाए। कोहली 42 गेंदों में 75 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने 18वें ओवर में पहले चौका लगाकर स्कोर बराबर किया और फिर अगली ही गेंद पर छक्का जड़कर मैच खत्म कर दिया। विराट कोहली को 16वें ओवर में जीवनदान मिला। अरशद खान की गेंद पर कोहली का शॉट हवा में गया और शुभमन गिल ने आगे की ओर डाइव लगाकर कैच लेने का दावा किया। मामला थर्ड अंपायर के पास गया, जहां रिप्ले में गेंद का कुछ हिस्सा जमीन को छूता हुआ दिखा। इसके बाद कोहली को नॉट आउट करार दिया गया। गुजरात टाइटंस को 14वें ओवर की आखिरी गेंद पर सफलता मिली। अरशद खान ने टिम डेविड को 24 रन पर आउट कर आरसीबी को एक और झटका दिया। शॉर्ट ऑफ लेंथ गेंद पर डेविड ने ऑफ साइड में शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले का बाहरी किनारा लेकर विकेटकीपर जोस बटलर के दस्तानों में समा गई। मैदान पर अंपायर ने शुरुआत में आउट नहीं दिया, लेकिन गुजरात ने तुरंत रिव्यू लिया। अल्ट्राएज में साफ स्पाइक दिखने के बाद फैसला पलट गया और डेविड को पवेलियन लौटना पड़ा। 17 गेंदों में 24 रन बनाए। विराट कोहली ने फाइनल में सिर्फ 25 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। यह ढ्ढक्क फाइनल में कोहली का सबसे तेज अर्धशतक है। कोहली ने अरशद की शॉर्ट गेंद पर पुल शॉट खेला, जो शॉर्ट मिडविकेट के फील्डर के बाईं ओर से बाउंड्री के पार चला गया। पचासा पूरा करने के बाद कोहली ने बल्ला उठाकर दर्शकों का अभिवादन स्वीकार किया। पारी के दौरान विराट कोहली को थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा। दो रन पूरा करने के तुरंत बाद उन्होंने फिजियो को मैदान पर बुलाया।

## समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के संबंध में जनपरामर्श बैठक आयोजित

**गुना।** समान नागरिक संहिता (यूनिफॉर्म सिविल कोड) के संबंध में अध्ययन एवं परीक्षण हेतु गठित उच्च स्तरीय समिति के सदस्य एवं शिक्षाविद प्रो. गोपाल शर्मा की अध्यक्षता में जनपरामर्श बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं विभिन्न वर्गों के लोगों को यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) के उद्देश्य एवं महत्व की जानकारी दी गई। इस दौरान उपस्थितजनों द्वारा विषय से संबंधित अपने सुझाव एवं विचार भी साझा किए गए। बैठक में बताया गया कि प्रदेश सरकार द्वारा यूनिफॉर्म सिविल कोड के संबंध में आमजन से सुझाव प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन व्यवस्था भी की गई है। इच्छुक नागरिक अपने सुझाव एवं सुझावात्मक टिप्पणियां वेबसाइट के माध्यम से प्रेषित कर सकते हैं। जनपरामर्श बैठक का उद्देश्य विभिन्न वर्गों की राय प्राप्त कर उन्हें अध्ययन एवं परीक्षण की प्रक्रिया में सम्मिलित करना है, ताकि व्यापक जनभागीदारी के साथ विषय पर विचार किया जा सके।

## मोदी की मन की बात कार्यक्रम सामूहिक रूप से श्रवण किया

**गुना।** हर माह के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम 134 वा संस्करण को भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न माध्यमों से श्रवण किया। पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने नानाखेड़ी मंडी पर किसान, बूथ कार्यकर्ताओ और पदाधिकारियों के साथ वहीं पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया ने म्याना के प्रेम पंचायत टकनेरा स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में सहरिया समुदाय के लोगों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ उपस्थित रह कर सुना। सिकरवार ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने ओडिशा के युवा किसान हिरोद पटेल का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे उन्होंने खेती, फल उत्पादन, सब्जी उत्पादन और मत्स्य पालन को एक साथ जोडकर आय बढ़ाने का सफल मॉडल विकसित किया। वही पूर्व मंत्री सिसोदिया ने कहा कि मोदी के प्रेरणादायक विचार समाज के हर वर्ग के लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का काम कर रहे हैं। इस मौके पर किसान मोर्चा के अध्यक्ष मुरारी लाल धाकड़, जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव, जिला मंत्री वीरबहादुर यादव, जिला कोषाध्यक्ष मोहित नामदेव, म्याना मंडल अध्यक्ष शुभम रघुवंशी पार्षद कैलाश धाकड़ सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नगरीय निकाय पेंशनर्स का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन 3 जून को

**शुजालपुर।** प्रदेश के नगरीय निकायों के पेंशनर्स का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन 3 जून को उज्जैन में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके साथ ही प्रदेश की नगर निगमों और नगर पालिकाओं से सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों को सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। प्रांतीय सचिव गंगाधर शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सम्मेलन की सूचना प्रदेश के सभी जिलों में भेज दी गई है। सम्मेलन के दौरान विभिन्न जिलों के अध्यक्षों तथा संभागीय उपाध्यक्षों का मनोनयन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में सेवा निवृत्त संयुक्त संचालक, उप संचालक तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। सम्मेलन के माध्यम से पेंशनर्स से जुड़े मुद्दों पर चर्चा कर उनके समाधान के लिए आवश्यक सुझाव एवं प्रस्ताव तैयार किए जाएंगे। शर्मा ने प्रदेशभर के पेंशनर्स से अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

## एसीएस व आयुक्त ने की महाविद्यालय की समीक्षा

**शुजालपुर।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रविवार को उच्च शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन एवं आयुक्त प्रबल सिपाहा ने समीक्षा बैठक लेकर शैक्षणिक, प्रशासनिक और अधोसंरचनात्मक गतिविधियों का जायजा लिया। अधिकारियों ने स्टाफ से चर्चा कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने तथा आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान भूगोल विभाग के सेवानिवृत्त प्रयोगशाला तकनीशियन सुरेश सक्सेना का सम्मान किया गया। वर्ष 2023 में सेवानिवृत्त होने के बाद भी वे महाविद्यालय में स्वैच्छिक सेवाएं दे रहे हैं। अधिकारियों ने उन्हें श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। बैठक में प्राचार्य डॉ. आर के शर्मा, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. बी के त्यागी सहित महाविद्यालय का समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा।

## मां ने 3 बेटियों को कीटनाशक खिलाया, फिर खुद भी खाया



**शहडोल।** शहडोल में महिला ने अपनी तीन बेटियों को कीटनाशक खिला दिया, फिर खुद भी निगल लिया। इससे चारों की तबीयत बिगड गई। बडी बेटी ने घर से बाहर आकर पडोसियों को पुकारा। सारी बात बताई। पडोसी चारों को लेकर ब्यौहारी अस्पताल भागे। जहां डॉक्टरों ने महिला और छोटी दो बेटियों को मृत घोषित कर दिया जबकि बडी बेटी ने इलाज के दौरान दम तोड दिया। मामला हिरवार गांव में रविवार का है। मृतकों की पहचान अनिता सिंह (32) और उसकी बेटियों- रितिका (7), कृष्णकुमारी (4) और अर्पिता (2) के रूप में हुई है। पडोसियों ने बताया कि अनिता का पति ड्राइवर है। रोजी-रोटी कमाने दूसरे शहर गया है। घटना के समय घर में मां-बेटियां ही थीं। सूचना मिलते ही पपौंध थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पडोसियों के बयान दर्ज किए। महिला के पति को फोन कर जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि मौके से अल्मोनियम सल्फाइड का पैकेट मिला है। मामले की सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है।

# शुजालपुर को मिली 388 करोड़ की सौगात

दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर

मुख्यमंत्री डां. मोहन यादव ने रविवार को शुजालपुर में आयोजित जनसेवा संकल्प कार्यक्रम में लगभग 388 करोड़ रुपए की लागत के 42 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने शुजालपुर में इंजीनियरिंग कॉलेज, पुलिस आवास निर्माण सहित कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं।



मां शारदा सांदीपनि विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 196.70 करोड़ रुपए की लागत के 15 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन तथा 190.91 करोड़ रुपए की लागत से पूर्ण हुए 27 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने 70 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले आयुर्वेद महाविद्यालय का भूमि पूजन किया तथा शुजालपुर, अकोदिया, सुंदरसी और पोचानेर में निर्मित सांदीपनि विद्यालयों का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शुजालपुर जिले की सबसे सक्षम और समृद्ध तहसीलों में से एक है। प्रदेश सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना के विकास को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि शाजापुर जिले के सर्वांगीण विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी।

कार्यक्रम में जेएनएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय के नवीनीकरण, 50 बिस्तरीय आयुष चिकित्सालय, रेलवे ओवरब्रिज, पुल निर्माण, छात्रावास एवं विभिन्न शैक्षणिक और स्वास्थ्य परियोजनाओं के लिए भी भूमिपूजन किया गया। वहीं छह उप स्वास्थ्य केंद्रों, क्रिटिकल हेल्थ केयर ब्लॉक, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और विभिन्न सड़क निर्माण कार्यों का लोकार्पण भी हुआ।

### प्रदर्शनी का किया अवलोकन

मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों और मोटे अनाज से बने व्यंजनों की सराहना की तथा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए गए कार्यों की जानकारी ली।

### ये बड़ी घोषणाएं कीं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुजालपुर क्षेत्र के लिए कई नई घोषणाएं कीं। इनमें शुजालपुर में इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना, अकोदिया में शासकीय महाविद्यालय, शुजालपुर बायपास निर्माण, गौलाना बायपास, गौलाना को नगर पंचायत का दर्जा, पुलिस कर्मियों के लिए आवास निर्माण तथा शुजालपुर मंडी थाने में 50 अतिरिक्त पुलिस बल की स्वीकृति प्रमुख हैं। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह, परमार, प्रभारी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शाजापुर में जलाई गई तंबाकू उत्पादों की होली

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जिला मुख्यालय स्थित बस स्टैंड परिसर में रविवार को जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामाजिक न्याय विभाग के निर्देशानुसार और स्वयंसेवी संस्था अंकुर प्रगतिशील महिला केंद्र द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं और आमजन को तंबाकू के जानलेवा दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर उन्हें नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना था। संस्था की अध्यक्ष गायत्री विजयवर्गीय की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण तंबाकू उत्पादों की प्रतीकात्मक होली रहा। समाज को यह संदेश देने के लिए कि जिस प्रकार होलिका दहन बुराइयों के अंत का प्रतीक है, उसी प्रकार नशे की आदतों का भी दहन होना चाहिए। सिगरेट, बीड़ी, गुटखा, खैनी, जर्दा और पान मसाला के खाली रैपरों व प्रतीकात्मक सामग्री को एकत्रित कर उन्हें आग के हवाले किया गया।

**नशामुक्ति की दिलाई गई शपथ**-कार्यक्रम में नागरिकों को जगदीश भावसार द्वारा तंबाकू निषेध की शपथ दिलाई गई। उन्होंने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि तंबाकू का सेवन कैंसर, हृदय रोग और फेफड़ों की गंभीर बीमारियों का प्रमुख कारण है। यह न केवल व्यक्ति के शारीरिक स्वास्थ्य को नष्ट करता है, बल्कि परिवारों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति पर भी गहरा प्रतिकूल प्रभाव डालता है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से नशे से दूर रहकर एक स्वस्थ व सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का आग्रह किया।

**फिल्म प्रदर्शन और नि:शुल्क परामर्श**-जागरूकता बढ़ाने के लिए एलईडी टीवी के माध्यम से एक फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिसमें तंबाकू से होने वाली बीमारियों, सामाजिक दुष्परिणामों और नशा छोड़ने के उपायों को प्रभावी ढंग से दर्शाया गया। फिल्म देखने के बाद कई लोगों ने मौके पर ही नशा छोड़ने का संकल्प लिया। इसके साथ ही, संस्था के परामर्शदाता रवि बैरागी, रवि कुमार, सीमा शर्मा द्वारा नशे की लत से पीड़ित लोगों को नि:शुल्क व्यक्तिगत परामर्श दिया गया। उन्होंने नशामुक्त जीवन के लाभ बताए और आवश्यकता पड़ने पर उपचार व पुनर्वास सेवाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई।

## नींद की झपकी आने से डिवाइडर से टकराई कार, 5 घायल

**शाजापुर।** चालक को नींद की झपकी आने से कार अनियंत्रित होकर डिवाईडर से जा टकराई। इस घटना में पांच लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार जिले के सुनेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे-52 पर रविवार सुबह करीब 7 बजे उत्तर प्रदेश के ललितपुर से इंदौर लौट रही एक तेज रफ्तार कार चालक को नींद की झपकी आ गई जिससे अनियंत्रित होकर कार डिवाइडर से जा टकराई। इस भीषण दुर्घटना में कार में सवार पांच लोग घायल हो गए हैं, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना में कार चालक जयराम, उर्मिला, संजय आदि घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम फौरन घटनास्थल पर पहुंची। टीम में शामिल पायलट संजीव सूर्यवंशी, विजय और पुलिसकर्मी अशोक व मुकेश दांगी ने बिना समय गंवाए राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। उन्होंने क्षतिग्रस्त कार में फंसे सभी घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला और डायल-112 वाहन की मदद से तुरंत शाजापुर के जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है।

## लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 301 वीं जयंती पर भव्य आयोजन

**शुजालपुर।** पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 301वीं जयंती के अवसर पर युवा धनगर महासभा जिला शाजापुर द्वारा 2 जून को शुजालपुर में भव्य आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार, विशेष अतिथि पंकज जोशी, घनश्याम चन्द्रवंशी, राजेन्द्र चौधरी तथा अध्यक्षता धनसिंह धनगर करेंगे। कार्यक्रम के तहत सामाजिक जागरूकता, बौद्धिक विमर्श एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। आयोजन को लेकर समाज के युवाओं एवं वरिष्ठजनों में उत्साह का माहौल है। युवा धनगर महासभा के संयोजक हुकुमसिंह धनगर ने बताया कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने तथा समाज में शिक्षा, जागरूकता और संगठन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। समारोह 2 जून मंगलवार को आष्टा रोड स्थित रुद्राक्ष गार्डन में होगा। कार्यक्रम में समाज को जागरूक करने, कुरीतियों के उन्मूलन और युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के लिए प्रबुद्धजनों द्वारा बौद्धिक मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। वहीं शिक्षा, खेल, सामाजिक एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं और प्रतिभाओं का सम्मान भी किया जाएगा। संयोजक हुकुमसिंह धनगर ने समाज के सभी स्वजातीय बंधुओं, माताओं एवं युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर का जीवन त्याग।

## रीवा में तंबाकू की अर्थी निकाली गई, किया अंतिम संस्कार

**रीवा।** रीवा में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर रविवार को तंबाकू और नशे के खिलाफ जन-जागरूकता का अनूठा कार्यक्रम आयोजित किया गया। शहीद भगत सिंह सेवा समिति के तत्वावधान में तंबाकू की प्रतीकात्मक अर्थी सजाकर उसका विधिवत अंतिम संस्कार किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व समिति के अध्यक्ष सुजीत द्विवेदी ने किया।

दुष्परिणामों की दी जानकारी-कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं और स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस दौरान तंबाकू उत्पादों को प्रतीकात्मक अर्थी में रखकर यह संदेश दिया गया कि तंबाकू मानव जीवन का सबसे बड़ा शत्रु है और इसका समाज से अंत होना चाहिए।जागरूकता अभियान के तहत लोगों को तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों जैसे कैंसर, हृदय रोग और फेफड़ों की समस्याओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही इसके सामाजिक दुष्प्रभावों पर भी प्रकाश डाला गया।

## टी राजा बोले- जिहादी अंडे, तुम्हारी भाषा में जवाब देंगे

**भोपाल।** भोपाल में रविवार को प्रस्तावित धर्मसभा को पुलिस प्रशासन से अनुमति नहीं मिलने के कारण रद्द कर दिया गया। कार्यक्रम निरस्त होने के बाद तेलंगाना के विधायक टी राजा भडक गए। उन्होंने कुछ समुदाय विशेष के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए कहा कि जिहादी अंडे फुदकने लगे हैं। दावा किया कि कुछ लोग धर्मसभा रद्द होने का श्रेय ले रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, तुम लोगों को तुम्हारी भाषा में अच्छे से जवाब भी दिया जाएगा। टी राजा ने कहा कि तुम्हारे ये जीजा राजा इस महीने के एंडिंग तक भोपाल आएंगे और आपकी बहनों से भी मिलेंगे। उन्होंने कहा कि वे सरकार, न्यायालय और पुलिस प्रशासन का सम्मान करते हैं, इसलिए विरोध नहीं करेंगे। कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों के मामले में भोपाल के तलैया थाने में आदर्श इनवाते ने एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें दो इंस्टाग्राम आईडी संचालकों पर धमकी, अभद्र भाषा और भड़काऊ टिप्पणियां करने के आरोप लगाए गए हैं।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी श्रीमती शबाना बी पति शहजाद खान, निवासी-खजराना जिला इन्दौर (म. प्र.) के एकल मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-384/3 (एस)रकबा 1.0000 हेक्टर ग्राम पंथ पिपलई प. ह. नं.-00031 तहसील उज्जैन जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण को क्रय करने सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना है। उपरोक्त कृषि भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हों। इति दिनांक-31.05.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय- ए -1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मो. 94259-46659**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार श्री धर्मेन्द्रसिंह पिता उमरावसिंह निवासी ग्राम चिरोला तहसील बड़नगर जिला उज्जैन के भूमिस्वामित्व व आधिपत्य की भूमि सर्वे क्र. 237 रकबा 1.17 हे., सर्वे क्र. 527 रकबा 0.01 हे., सर्वे क्र. 876 रकबा 2.61 हे. तथा सर्वे क्र. 879 रकबा 3.33 हे. कुल किता 4 कुल रकबा 7.12 हे. ग्राम चिरोला तहसील बड़नगर जिला उज्जैन में स्थित है। उक्त भूमि मेरे पक्षकार की पैतृक भूमि है। अधिकार अभिलेखों में त्रुटिवश सुरेकुवंरबाई पति स्व. अर्जुनसिंह नाम दर्ज हो गया है। इसके कारण मेरे पक्षकार द्वारा राजस्व न्यायालय एवं सिविल न्यायालय मे कार्यवाही कर दी गई थी वर्तमान में भी उक्त भूमि के संबंध मे न्यायालय जिला जज महोदय बड़नगर जिला उज्जैन के समक्ष प्रकरण क्रमांक आरसीए/33/2026 विचाराधीन है एवं राजस्व न्यायालय में भी प्रकरण विचाराधीन है। मेरे पक्षकार को जानकारी लगी है कि सुरेकुवंरबाई अधिकार अभिलेखों में त्रुटिवश दर्ज उनके नाम का फायदा उठाकर उक्त भूमि को स्वंय की भूमि बताकर बाले-बाले विक्रय किये जाने का प्रयास कर रही है। इनको उक्त भूमि के विक्रय करने के अधिकार उपलब्ध नही है और न ही उक्त भूमि को किसी भी रूप में हस्तांतरित करने के अधिकार उपलब्ध है। अत: इस जाहिर सूचना के माध्यम से हर खास व आम को सूचित किया जाता है कि उपर उल्लेखित भूमि को कोई भी व्यक्ति सुरेकुंवरबाई पति अर्जुनसिंह निवासी ग्राम नजरपुर तहसील घट्टिया जिला उज्जैन से क्रय, विक्रय अनुबंधित या अन्य प्रकार से हस्तांतरण ग्रहण करने का प्रयास न करे व ना ही किसी प्रकार का लेन-देन करे अन्यथा होने वाली परेशानियो व परिणामो का उत्तरदायित्व उनका स्वयं का होगा व ऐसा हस्तांतरण व्यवहार व लेन-देन विलेख शुन्यवत् होगा। सो सूचित हो।
दिनांक 31-05-2026

**राजपाल सिंह बैस ( एडवोकेट )**
**कार्यालय- 25 ए, मोहन नगर, आगर रोड़ उज्जैन**
**मो. 98277-35354**
**समय-सुबह 9 से 10 एवं शाम 7 से 10**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी 01-श्रीमती संगीता नागर पति श्री मुकेश नागर, 02-श्री मुकेश नागर पिता श्री कचरूसिंह नागर, दोनो निवासी उज्जैन (म. प्र.) के संयुक्त मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-180 रकबा 1.7000 हेक्टर एवं सर्वे नं.-182 रकबा 1.8600 हेक्टर कुल किता 02 कुल रकबा 3.5600 हेक्टर ग्राम चंदेसरी, प. ह. नं.-00086 तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण रकबे 3.5600 हेक्टर मेसे पश्चिम / उत्तर दिशा की रकबा 2.0000 हेक्टर को क्रय करने सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामीयो से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना है। उपरोक्त कृषि भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हों। इति दिनांक-31.05.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय- ए- 1 भरतपुरी काम्पलेक्स,**
**देवास रोड उज्जैन**
**मो. 94259-46659**

## प्रसिद्ध शायर बशिष्ट बद्र की याद में दशपुर रंगमंच पर गूंजी गजलें

**मंदसौर।** प्रतिष्ठित सांस्कृतिक संस्था दशपुर रंगमंच द्वारा पद्मश्री डॉ. बशीर बद्र की याद में एक विशेष श्रद्धांजलि संध्या आयोजित की गई, जिसमें नगर के कलाकारों ने उनकी कालजयी रचनाओं की प्रस्तुतियां दीं। आबिद भाई ने च्न जी भर के देखा न कुछ बात की, सतीश सोनी ने च्वो नहीं मिला तो मलाल क्या और राजा भैया सोनी ने च्जिस दिन से चला हूं, मंजिल पर नजर हैच गजल सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा ललिता मेहता, रौनक मिंडा और पायल कियावत ने भी काव्य पाठ व गायकी से समां बांधा। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अभय मेहता ने बशीर बद्र के साहित्यिक योगदान और उनकी सरल भाषा की सराहना की। अंत में ललिता मेहता ने आभार व्यक्त किया।

## 40 लाख की लागत से मिलेगी अत्याधुनिक कार्डियक एम्बुलेंस

**मंदसौर।** रोटरी क्लब मंदसौर ने अपने स्वर्णिम वर्ष (50वें वर्ष) में सेवा का नया कीर्तिमान रचते हुए रोटरी फाउंडेशन से लगभग 40 लाख रुपये का श्ग्लोबल ग्रांट प्रोजेक्टश स्वीकृत कराया है। इसके तहत अंचल के नागरिकों के लिए एक अत्याधुनिक श्कार्डियक एम्बुलेंसश (आईसीयू सुविधाओं युक्त) उपलब्ध कराई जा रही है। यह अंतर्राष्ट्रीय प्रोजेक्ट रोटरी क्लब ऑफ मेट्रो कुआलालंपुर (मलेशिया) के सहयोग और गृह दाता प्रदीप गनेड़ीवाल के सौजन्य से संभव हुआ है। क्लब अध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ने बताया कि यह एम्बुलेंस श्सर्वजनहित श्री गौतम मुनि जैन समितिश को सौंपी जा रही है, जिसका संचालन श्अनुयोग हॉस्पिटलश के तकनीकी सहयोग से होगा। सचिव कपिल भंडारी ने इस प्रोजेक्ट की सफलता के लिए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुशील मल्होत्रा, संजय गोठी और नितिन डफरिया सहित सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## कांग्रेस संगठन का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर कल से

**मंदसौर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत मंदसौर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 2 एवं 3 जून को दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सिंधु महल रिसोर्ट में किया जा रहा है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर ने बताया कि इस शिविर में जिले के सभी ब्लॉक, नगर और मंडलम अध्यक्ष सहभागी होंगे। इसका मुख्य उद्देश्य कार्यकताओं को कांग्रेस की रीति-नीति, विचारधारा और संगठनात्मक संरचना से अवगत कराना है। इस ऐतिहासिक आयोजन में मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन, संगठन महामंत्री संजय कामले और प्रशिक्षण प्रभारी महेन्द्र जोशी सहित वरिष्ठ नेता मार्गदर्शन देंगे। शिविर में संगठनात्मक मजबूती, नेतृत्व विकास, जनसंपर्क और सोशल मीडिया प्रबंधन जैसे विषयों पर सत्र आयोजित होंगे।

## श्राविका संघ की धार्मिक बैठक में धर्म चर्चा और जीव दया का संदेश

**मंदसौर।** सकल स्थानकवासी श्राविका संघ मंदसौर द्वारा आयोजित धार्मिक बैठक में श्राविकाओं ने धर्म और जीवन दर्शन पर चिंतन किया। कार्यक्रम में श्रीमती शशि मारू ने 225 बोलज् जैसे जटिल धार्मिक विषयों को सरल कहानियों के माध्यम से समझाया। अगले क्रम में मीनाक्षी मेहता ने च्पंडित मरणज् के महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि रेखा रातडिया ने भीषण गर्मी में बेजुबान जीवों की रक्षा के लिए व्यावहारिक उपाय बताए। इस अवसर पर जैन दिवाकर संगठन समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष संगीता जारोली विशेष रूप से उपस्थित रहीं और आयोजन की सराहना की। पाठ्यक्रम मार्गदर्शन के लिए गुलाबपुरा से शशि दुग्गड और सुनीता सुराणा भी पधारीं। भीषण गर्मी के बावजूद लगभग १६० महिलाओं ने इसमें भाग लिया। अंत में प्रभावना वितरित की गई और रेखा रातडिया ने आभार माना।

## 3 जून से नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण शिविर होगा

**नीमच।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (क्रस्वञ्जह्न), हवाई पट्टी के सामने, विश्राम भवन के पास, चीताखेड़ा मेन रोड, नीमच द्वारा 3 जून 2026 से महिलाओं के लिए नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया जा रहा है।

# विकास कार्यो के लिए समर्पण का भाव होना अति आवश्यक -मंत्री श्री चेतन्य काश्यप

## वार्ड 9 की 4 अनाधिकृत कॉलोनी की सड़क निर्माण का भूमि पूजन संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



विकास कार्य करवाये जाने हेतु नगर के प्रति समर्पण का भाव होना अति आवश्यक है, यह भावना नगर के प्रत्येक नागरिकों में होना चाहिये ताकि रतलाम नगर ओर अधिक तेजी से विकसित हो।उक्त उद्गार सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री माननीय श्री चेतन्य जी काश्यप ने वार्ड क्रमांक ९ की अनाधिकृत कॉलोनी क्रमशः तिरूपति नगर, दीपक नगर, प्रियदर्शनी नगर व कस्तुरबा नगर गृह निर्माण समिति में 1.50 करोड़ की लागत से सड़क निर्माण कार्य के भूमि पूजन के अवसर पर व्यक्त किये।

उन्होने कहा कि ऐसे नागरिक जिन्होने अवैध व अनाधिकृत कॉलोनियों में मकान बनाने हेतु प्लॉट क्रय किये है उसमें नागरिक की गलती नहीं है, उन्होने अपनी खून-पसीने की कमाई उसे खरीदा है, अवैध-अनाधिकृत कॉलोनी बनाना कॉलोनाईजर की गलती है। कॉलोनाईजर द्वारा काटी गई अवैध/अनाधिकृत कॉलोनी के निवासी वर्षो से मूलभुत सुविधाओं के अभाव में रह रहे थे जो अनुचित है। अब इन कॉलोनीवासियों को सभी मूलभुत सुविधाऐं उपलब्ध होगी।

मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि 1500 हेक्टेयर में इण्डस्ट्रीयल कॉरीडोर 450 करोड़ की लागत से विकसित हो रहा है साथ ही इस हेतु २०० करोड़ की लागत पावर सब वे स्टेशन भी बनेगा। साथ ही सज्जन मिल की सभी देनदारियां शीघ्र पूर्ण की जाकर इस भूमि को शासन के अधीन लिया जायेगा।

महापौर प्रहलाद पटेल ने इस अवसर पर कहा कि केबिनेट मंत्री श्री काश्यप के नेतृत्व रतलाम नगर दिन दोगुनी व रात चौगुनी तरक्की कर रहा है, रतलाम नगर के नागरिकों नित नई सौगाते मिल रही है। अवैध व अनाधिकृत कॉलोनियों में सड़क निर्माण के कार्य 6 माह में पूर्ण कर दिये जायेंगे।

उन्होने इस अवसर पर नागरिकों से आव्हान किया कि वे विकास व्यय नगर निगम में अवश्य जमा करायें यह राशि आपकी कॉलोनियों में ही विकास कार्यो में व्यय की जायेगी साथ ही रतलाम नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने में भी अपना योगदान दें। भाजपा जिलाध्यख प्रदीप उपाध्याय ने इस अवसर पर कहा कि केबिनेट मंत्री श्री काश्यप व महापौर श्री पटेल 1 ओर 1 ग्यारह की तर्ज पर कार्य करते हुए रतलाम नगर का तेजी से विकास कर रहे हैं जो प्रशंसनीय है। पूरे नगर में पक्की सड़कों का जाल सा बिछ गया है, रतलाम नगर में विकास की गंगा बह रही है।

निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि अवैध व अनाधिकृत कॉलोनियों की कोई भी सड़कें अधूरी नहीं रहेगी। नगर की 80 प्रतिशत कॉलोनी में मूलभुत सुविधाऐं सड़क, पानी व बिजली उपलब्ध हो चुकी है शेष 20 प्रतिशत कॉलोनियों में भी तेजी से कार्य किया जायेगा।भाजपा जिला कोषाध्यक्ष पवन सोमानी ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि वार्ड 9 की अनाधिकृत कॉलोनियों के निवासी विगत लम्बे समय से मूलभुत सुविधाओं की राह देख रहे थे। सड़क निर्माण का भूमि पूजन होने से नागरिकों में हर्ष व्याप्त है। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित ने किया व आभार क्षेत्रिय पार्षद श्रीमती निशा सोमानी ने माना।

## 20 किलो ब्राउन शुगर के साथ अंतर्राज्यीय गिरोह के 5 आरोपी गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर



नईआबादी मंदसौर थाना पुलिस ने सुनियोजित तरीके से कार्रवाई करते हुए एक अंतर्राज्यीय ड्रग्स तस्कर गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने इस कार्रवाई के दौरान गिरोह के पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी फिलहाल फरार है।

पकड़े गए तस्करों के कब्जे से 20 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ (ब्राउन शुगर/स्मैक), तस्करी में इस्तेमाल की जा रही दो चार पहिया गाड़ियाँ और सात मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। एसपी विनोद कुमार मीणा ने प्रेसवार्ता में उक्त मामले का खुलासा किया। जिस अनुसार नई आबादी पुलिस को 31 मई को इस तस्करी के संबंध में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही एसपी श्री मीणा द्वारा एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस विशेष टीम ने रणनीतिक रूप से घेराबंदी करते हुए संदिग्ध वाहनों को रोका और तलाशी ली, जिसमें भारी मात्रा में यह अवैध ड्रग्स बरामद हुआ। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने तस्करी और पायलटिंग में प्रयुक्त कुल दो चार पहिया वाहन (एक सुजुकी एस क्रॉस कार और एक हुंडई क्रेटा कार) व सात मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। पुलिस अब इन मोबाइलों का तकनीकी और साइबर विश्लेषण करवा रही है, ताकि गिरोह से जुड़े अन्य लोगों का पता लगाया जा सके।

पकड़े गए आरोपियों में गिरफ्तार आरोपियों में हेमंत (50) पिता पूनम चंद्र वर्मा निवासी सृष्टि परिसर भानगढ़ का रोड इंदौर, मोना (48) पति स्व. रमेश सेन निवासी नंदा नगर पाटनीपुरा इंदौर, राहुल (३६) पिता लक्ष्मण लाल मीणा, जितेंद्र उर्फ कारू (35) पिता मांगीलाल मीणा दोनों निवासी माली खेड़ा प्रतापगढ़ राज., सुभाष उर्फ पिंटू (46) पिता भंवरलाल नाहर जाति गुर्जर निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी प्रतापगढ़ राज है। इस मामले में प्रतापगढ़ का ही रहने वाला एक अन्य आरोपी अजीज उर्फ एजाज फिलहाल फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में यह बात सामने आई है कि यह गिरोह अंतर्राज्यीय स्तर पर सक्रिय होकर बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थों की तस्करी में संलिप्त था।



## लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की जयंती कांग्रेस ने श्रद्धा के साथ मनाई

**मल्हारगढ़।** लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की जयंती ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने रविवार को पूर्ण श्रद्धा के साथ मनाई।सर्वप्रथम देवी अहिल्याबाई की प्रतिमा की पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती हर साल 31 मई को मनाई जाती है। 18 वी शताब्दी में मालवा साम्राज्य की यह महान ओर न्यायप्रिय रानी अपनी प्रजा के कल्याण महिला सशक्तीकरण ओर देशभर में मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए भारतीय इतिहास में सदैव एक आदर्श ब प्रेरणा स्त्रोत मानी जाती है। ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर को समझने के लिए हमे आज से तीन शताब्दी पीछे अपने मानस में एक ग्रामीण धनगर जाती की बालिका को लाना पड़ेगा।धनगर यह भारतीय जाती है जो मुख्यतः महाराष्ट्र में निवास करती है जिसका मुख्य पेशा भेड़, बकरियो को पालना है।१८ वी सदी में पूर्वार्द्ध 31 मई 1725 में महाराष्ट्र के अहमद नगर के जिले के चोंडी नामक ग्राम में मानकों के शिंदे व पत्नी सुशीला बाई शिंदे के घर इस तेजस्वी कन्या का जन्म हुवा।मानकों जी उस समय गांव के पटेल थे।वह आर्थिक रूप से समृद्ध नही थे लेकिन वह अच्छे नैतिक,चरित्र,धर्मपरायण ओर सुसंस्कृत व्यवहार जैसे गुणों से समृद्ध थे अपने नाम के अनुरूप ही अहिल्याबाई समस्त के दोष से रहित थी।कार्यक्रम को जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष लियाकत मेव,महामंत्री ईशरत शेख ने भी संबोधित किया। इस मौके पर गोपाल सोनावत,जिला कांग्रेस के सचिव हाजी मजीद खान पठान,पार्षद दीलिप तिवारी,मंडलम अध्यक्ष अनवर भाई मंसूरी,रमेशचंद्र गुर्जर,छोटेलाल सैनी,अनिल मुलासिया,भेरूपप्पू गुर्जर,शिवप्रकाश मांदलिया सहित बड़ी संख्या कांग्रेसजन मौजूद थे।

## ग्राम पंचायत कनघट्टी में भारी जल संकट नल का गंदा पानी पीने को मजबूर

**पिपलियामंडी।** समीप गांव कनघट्टी में ग्राम पंचायत द्वारा ग्रामवासियों को नदी का गंदा पानी नल में पीने के लिए दिया जा रहा है उक्त जानकारी मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष अजय नागरिया ने देते हुए बताया है कि गंदा मेला पानी लोगो के लिए जानलेवा साबित हो सकता है ऐसा ही इंदौर के भगीरथ पूरा में हुआ। एक तरफ नल ऋण के नाम पर ग्रामवासियों से मोटी रकम पंचायत द्वारा वसूल की जाती है और इसके बदले नल में गंदा पानी दिया जा रहा है मल्हारगढ़ तहसील में अत्यधिक आबादी वाला गांव कनघट्टी है इतने बड़े गांव में ग्रामवासियों को गंदा पानी पिलाना बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण है कनघट्टी सरपंच महेश पाटीदार द्वारा चुनाव में स्वच्छ जल देने को लेकर बड़े वाले किए गए लेकिन चुनाव जीतने के बाद ग्रामवासियों की सुध लेने तक नहीं जाते है। ग्रामवासियों ने कई बार इस भारी समस्या से जनप्रतिनिधियों को अवगत करवाया लेकिन इनके कान पर झु तक नहीं रेंगती है। सवाल ये है कि क्या कनघट्टी को भागीरथपुरा बनाने का कार्य यहां के जनप्रतिनिधि कर रहे है ये बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है इतने बड़े गांव में एक वायरप्लांट तक नहीं लगा पाए यहां के सरपंच। पूरे ग्रामवासियों के इस जल संकट को लेकर भारी आक्रोश है। नल चालक इस भीषण गर्मी में संघर्ष कर रहे है कि ग्रामवासियों को स्वच्छ जल मिले लेकिन इस समस्या की ओर जनप्रतिनिधि का ध्यान न होने के कारण उनके सारे प्रयास विफल होते जा रहे है।

# सेवादल का ध्वज वंदन कार्यक्रम संपन्न, कार्यकर्ताओं का किया सम्मान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



कांग्रेस सेवादल रतलाम द्वारा मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम का आयोजन श्री रजनीकांत व्यास एवं सेवा दल जिला अध्यक्ष राजनाथ यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में पूर्व शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ,प्रदेश महिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष संगीता काकरिया, पूर्व उपमहापौर सतीश पुरोहित एवं राजीव रावत थे! कार्यक्रम में अतिथियों एवं कांग्रेस जनों की उपस्थिति में सेवादल कार्यकताओं द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई !!तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। इस अवसर पर सेवादल कार्यकताओं का सम्मान किया गया तथा संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने एवं समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया गया।अतिथियों ने अपने संबोधन में संगठन की मजबूती, जनसेवा एवं कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया। वक्ताओं ने कहा कि सेवादल कांग्रेस संगठन की रीढ़ है, जिसने हमेशा सामाजिक सरोकारों एवं जनहित के मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाई है। कार्यक्रम में सेवादल कार्यकताओं का पुष्पमालाओं से स्वागत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

# ग्वालटोली तलैया बनेगा शहर का सबसे सुंदर पर्यटक स्थल-श्रीमती चोपड़ा

## नपा अध्यक्ष ने सीएमओ व पार्षदों के साथ किया कार्य का निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच



वर्तमान समय में नीमच शहर के विकास मे जहाँ शहर के सिटी फोर लेन सडक सहित अन्य सड़कों का विकास कार्य द्रुत गति से जारी है द्य वही अब नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा के नेतृत्व में शहर में चल रहे विकास कार्यों मे इंदिरा नगर के समीप स्थित ग्वाल टोली तालाब ऐसे आकर्षक स्थल के रूप में तैयार होने जा रहा है जो शहर का सबसे खूबसूरत पर्यटक स्थल होगा।

शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा ने सीएमओ श्रीमती दुर्गा बामनिया व पार्षदों के साथ अमृत योजना के अंतर्गत सवा करोड रुपए की लागत से निमार्णाधीन इस वाटर बॉडी प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया और नपा इंजीनियर तथा ठेकेदार को कार्य गुणवत्तापूर्ण तथा समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान पार्षद श्री हरगोविंद दीवान,श्री दुर्गा शंकर दशाना ,श्री मुकेश पोरवाल,नपा इंजीनियर श्री दीपक मुवेल भी निरीक्षण में साथ थे।

नपा अध्यक्ष श्रीमती चोपड़ा ने बताया कि अमृत योजना के अंतर्गत सवा करोड रुपए की लागत से बनने वाले वाटर बॉडी प्रोजेक्ट के तहत यहां पर आकर्षक फव्वारा, रिटनिंग वॉल,पिचिंग वर्क,पाथवे निर्माण, पेवर ब्लॉक,सुंदर लाइटिंग, वृक्षारोपण के तहत विभिन्न प्रजाति व फूलों वाले 700 पौधो का रोपण, रेलिंग, सुंदर कुर्सियां सहित अनेक सुविधाए उपलब्ध कराई जाएगी जिससे शहर वासियों को मॉर्निंग वॉक एवं परिवार सहित समय बिताने के लिए बहुत ही सुंदर रमणीय स्थल उपलब्ध हो सकेगा। श्रीमती चोपड़ा ने बताया कि इसी के पास रिक्त पड़ी जमीन पर नमो पार्क भी प्रस्तावित है, इसके टेंडर भी निकल चुके हैं जिससे शहर वासियों को इस पर्यटक स्थल के साथ-साथ सुंदर गार्डन की भी सौगात मिल सकेगी. श्रीमती चोपड़ा ने बताया कि तालाब का गहरीकरण भी चल रहा है, अगर तालाब में पानी अच्छा रहा तो हम मोटर बोट चलाने का भी प्रयास करेंगे, श्रीमती चोपड़ा ने बताया कि वाटर बॉडी प्रोजेक्ट के तहत रिटनिंग वॉल एवं पिचिंग का कार्य पूर्ण होकर पाथवे निर्माण का काम चालू हो चुका है और हमारा पूरा प्रयास है कि 2 माह के अंदर वाटर बॉडी प्रोजेक्ट का कार्य पूर्ण होकर जल्द ही शहर वासियों को खूबसूरत पर्यटक स्थल की सौगात प्राप्त हो सके।

## न्यूज कालम



## ग्वालियर चम्बल परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा का शंखनाद हुआ

**नीमच।** ग्वालियर चंबल परिवार के तत्वाधान मेंश्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा का शंखनाद रोटरी क्लब के सामने स्थित गंगेश्वर महादेव मंदिर से सुबह ९बजे अमृत मंगल कलश यात्रा से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य प्रमुख मार्गो से होते हुए स्कीम नंबर ३६ ए में स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पहुंची जिसमें महिलाओं ने लाल चुनरी एवं पुरुष सदस्यों द्वारा सफेद कुर्ता पजामा एवं केसरिया साफा बांधकर निकाली गई जिससे पूरा शहर भगवा रंग में रंगकर भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा में सम्मिलित हुई नगर की प्रथम नागरिक श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा, संतोष चोपड़ा, समाजसेवी, वासुदेव गर्ग, समाजसेवी, आदित्य मालू, सांसद प्रतिनिधि एवं उपाध्यक्ष अतिथि के रूप में सम्मिलित रहे ।ग्वालियर चंबल परिवार के सदस्यगण राधा मोहन शर्मा, पुष्पेंद्र शर्मा,उमेश चौहान, गौरव राजपूत, रवि यादव, धनंजय शर्मा, सचिन शर्मा, सौरभ शर्मा, सुनील माहोर, सुभाष चंद्र शर्मा, निशांत यादव, दीवान सिंह चौहान, शिशुपाल गौड़, सचिंद्र शर्मा, वीरेंद्र दुबे, सुरेंद्र सोनी, अनुराग गुप्ता, सुधांशु खरे, विनोद त्रिपाठी मनोज त्रिपाठी, लाखन सिंह मौर्य, एवं ग्वालियर चंबल परिवार के अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

## सामाजिक संस्था कृति का चित्रकला प्रशिक्षण शिविर आज से

**नीमच।** शहर व क्षेत्र की प्रसिद्ध साहित्यिक, सांस्कृतिक, सामाजिक संस्था 'कृति'द्वारा बच्चों की रचनात्मकता को नए पंख देने के लिए सात दिवसीय चित्रकला प्रशिक्षण शिविर,का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार 1 जून 2026 से 7 जून 2026 तक नन्हे बच्चों को रंगों से खेलना और अपनी कल्पनाओं को कागज पर उतारने का विशेष प्रशिक्षण देने हेतु प्रशिक्षक ज्योतिका अग्रवाल,दीपक भट्ट,,तोषी वाघे खान, एवम रचना ओझाचित्रकला के गुर सिखाएंगे । शिविर 1 जून से 7 जून तके प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से 10 बजे तके प्रज्ञा माध्यमिक विद्यालय गायत्री शक्तिपीठ पर आयोजित किया जाएगा। शिविर व्यवस्था प्रमुख कमलेश जायसवालने सभी अभिभावकों व चित्रकला प्रेमी परिजनों से अनुरोध किया है कि इन छुट्टियों में बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए अपने बच्चों को रंग और ड्राइंग बुक लेकर अवश्य भेजें । नन्हे बच्चों की कल की विकास और उसमें निखार आयेगा द्य संस्था के इस प्रयास में बच्चों के अभिभावक सहयोगी बने।

## शुद्धिकरण अभियान के 126वें दिन नदी से निकाली गंदगी



**मंदसौर।** शिवना शुद्धिकरण जनअभियान के 126वें दिन श्रमदानियों ने उत्साह के साथ नदी किनारे से गाजर घास हटाई और जल से एक ट्रॉली कचरा बाहर निकाला। इस अवसर पर विधायक श्री विपिन जैन ने कहा कि 126 दिनों के निरंतर श्रमदान से शिवना नदी अब स्वच्छ और सुंदर दिखने लगी है। उन्होंने बताया कि आगामी वर्षा ऋतु में नदी तट पर व्यापक पौधारोपण किया जाएगा। विधायक जैन ने शहरवासियों से प्रत्येक रविवार प्रातः 7 से 9 बजे के बीच श्रमदान करने की अपील की। अभियान के दौरान समाजसेवी भूपेंद्र गोराना और ममता गोराना ने विधायक को उनका बनाया रेखाचित्र भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान रमेश सोनी, राकेश जैन, इष्टा भाचावत, राखी सत्रावाला, विकास दशोरा, संजय नाहर, दिलीप देवड़ा, राजनारायण लाड़, योगेश जोशी सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी और कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कांग्रेस सेवादल का मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम संपन्न



**मंदसौर।** कांग्रेस सेवादल द्वारा माह के अंतिम रविवार को देशव्यापी परंपरा के तहत प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा के समक्ष मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रगीत वंदेमातरम के बाद वरिष्ठ गांधीवादी नेता प्रकाश रातड़िया ने ध्वजारोहण किया। अपने संबोधन में रातड़िया ने आजादी की लड़ाई में सेवादल के योगदान को याद किया। जिला अध्यक्ष दिलीप देवड़ा ने स्थानीय स्तर पर की जा रही गतिविधियों की जानकारी दी। शहर ब्लॉक अध्यक्ष इष्टा भाचावत ने कहा कि सेवादल और कांग्रेस देश की मजबूती के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर मोहनपुरी, राजेंद्र छाजेड़, राखी सत्रावाला, संजय नाहर, सादिक गोरी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रमेश ब्रिजवानी ने किया और आभार ब्लॉक अध्यक्ष राकेश सेन सम्राट ने माना।

## केमिस्ट्री प्रोफे. दानगढ़ हूए सेवानिवृत,

**नीमच।** शासकीय विवेकानंद पीएम श्री महाविद्यालय मे केमिस्ट्री प्रो. डॉ. बालकृष्ण दानगढ़ ( रसायन शास्त्र) 30 मई को सेवानिवृत हूए द्य आपने 41 वर्षो से अधिक समय रसायन शास्त्र के प्रोफेसर के रूप में सेवाएं दी द्य सरलता , सहजता से अपने विद्यार्थिओ को मार्गदर्शन प्रदान किया। विक्रम विश्व विद्यालय के अंतर्गत सेवानिवृत्ति पूर्व अंतिम सेवा काल स्वामी विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय (पीजी) कॉलेज, नीमच मे समर्पित भाव से सेवाये दी। जिसके पश्चात स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच से शनिवार 30 मई 2026 को सेवानिवृत्ति के अवसर पर एक कार्यक्रम मे उपस्थित,परिजनों,इष्टमीत्रो,ने बधाई देकर शुभकामनाए दी।

## न्यूज कालम



### कृषि उपज मंडी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना पीएम मोदी के मन की बात

**सारंगपुर।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल सारंगपुर द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रसिद्ध मन की बात कार्यक्रम के 134वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम कृषि उपज मंडी परिसर सारंगपुर में टेलीविजन के माध्यम से सीधा प्रसारण (लाइव) देखकर सुना गया। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों, बूथ अध्यक्षों, ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ-साथ बडी संख्या में स्थानीय किसानों, मंडी के पदाधिकारियों, मंडी समिति के सदस्यों और सब्जी मंडी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के बाद संगठन एप पर फोटो भी अपलोड किए गए। कार्यक्रम में ये रहे प्रमुख रूप से उपस्थित नगर मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, मंडल महामंत्री कमल राठौर, दिनेश सिसोदिया, आशुतोष वैद्य, संतोष कुम्भकार, सुनील बागवान, रामबाबू पुष्पद, वीरू धनगर, जाकिर भाई एवं अन्य वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी मोहन लववंशी द्वारा प्रदान की गई।

### केज स्थापना/संचालन के लिए आवेदन 7 जून तक आमंत्रित

**देवास/ टोंकखुद।** सहायक संचालक मत्स्योद्योग देवास ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश स्तर पर लागू की गई मध?य प्रदेश एकीकृत मत्स्योद्योग नीति-2026 अन्तर्गत केज स्थापना/संचालन के लिए आवेदन 7 जून तक आमंत्रित किये गये है। इच्छुक निवेशक/उद्यमी 7 जून तक कार्यालयीन दिवस समय में आवेदन डी.पी.आर. व अन्य समस्त वांछित दस्तावेजों सहित मत्स्योद्योग विभाग कार्यालय मे प्रस्तुत कर सकते हैं, योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी मत्स्योद्योग विभाग के जिला कार्यालय व विभाग की वेबसाईट से भी प्राप्त की जा सकती हैं। अधिक जानकारी के लिए सहायक संचालक मत्स्योद्योग देवास श्री एस मण्डलोई मोबाइल नम्बर 88392-53572 से सम्पर्क कर सकते है।सहायक संचालक मत्स्योद्योग देवास ने बताया कि जिले में मत्स्योद्यो विभाग, जिला पंचायत एवं निकाय के 100 हेक्टेयर से उपर के चयनित दतुनी जलाशय तथा मत्स्य महासंघ के अधिन जलाशयों का समूचित उपयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शासन द्वारा हितग्राही व समिति/संस्था मूलक योजना अंतर्गत पात्र व चयनित हितग्राहियों को उनकी पात्रता के अनुसार अनुदान सहायता दी जायेगी।

### उद्यानिकी विभाग की योजनाओं का लाभ लेने हेतु पोर्टल पर पंजीयन करें

**टोंकखुर्द।** उपसंचालक उद्यान ने बताया कि वर्ष 2026-27 में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं ड्रिप, पोर्टेबल स्प्रिंकलर, मिनीस्प्रिंकलर, शेडनेट हॉउस, पॉली हॉउस एवं आम, अमरूद, नींबू, संतरा आदि के नवीन बगीचों की स्थापना आदि का लाभ लेने के लिए एमपीएफएसटीएस पोर्टल पर कृषक पंजीयन प्रारंभ हो चुके हैं। नवीन पंजीयन के लिए आधार कार्ड, बैंक पासबुक, ऋण पुस्तिका अथवा खसरा नकल, पासपोर्ट साइज फोटो, एसटी एवं एससी कृषकों के लिए जाति प्रमाण-पत्र, मोबाइल नंबर आवश्यक हैं। उन्होंने जिले के किसानों से अनुरोध किया है कि उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने के लिए अतिशीघ्र पंजीयन कराए। अधिक जानकारी के लिए क्षेत्र के वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी कार्यालय अथवा कार्यालय उपसंचालक उद्यान (बालगढ़ रोड़) देवास पर संपर्क कर सकते हैं।

### संकल्प से समाधान अभियान के तहत टोंकखुर्द में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**टोंकखुद।** शुप्राप्त जानकारी के अनुसार संकल्प से समाधान अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टोंकखुर्द में संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

### हर्षोल्लास से हुआ भगवान देव नारायण का विवाह, जमकर नाचे बाराती



**सारंगपुर।**समीप ग्राम दिग्वाड में सात दिवसीय भगवान देव नारायण की कथा के पांचवे दिन भगवान देवनारायण (भगवान विष्णु के अवतार) और धार की राजकुमारी पीपलदे का विवाह का आयोजन प्रतीकात्मक रूप से सम्पन्ना हुआ। अत्यंत पवित्र और चमत्कारी विवाह में कथा व्यास सूरज सिंह बन्ना सा ने बताया कि श्री देवनारायण भगवान के आयुर्वेद ज्ञान और दैवीय शक्तियों का भंडार था। वहीं धार के राजा जयसिंह की पुत्री पीपलदे के माथे पर जन्म से ही सींग था और उनके पूरे शरीर पर कोढ (कुष्ठ रोग) था। अपनी इस स्थिति के कारण वे बहुत दुखी थीं। तभी देवनारायण जी आए जब भगवान देवनारायण गोठा अपने पिता की भूमि जा रहे थे, तब उन्होंने रास्ते में महाकाली की आराधना की। उसी दौरान उन्हें राजा जयसिंह की बीमार पुत्री पीपलदे के बारे में सूचना मिली।भगवान देवनारायण ने अपनी अलौकिक शक्तियों और आयुर्वेद के ज्ञान से पीपलदे के सभी रोगों को दूर कर दिया। पीपलदे पूरी तरह से स्वस्थ, सुंदर और रोगमुक्त हो गई। पुत्री के जीवन को नया रूप मिलते ही राजा जयसिंह अत्यंत प्रसन्न होते हैं। वे कृतज्ञता स्वरूप पीपलदे का विवाह भगवान देवनारायण के साथ धूमधाम से तय करते हैं। इस विवाह में भगवान देवनारायण की बरात में नाग कन्याओं और दैत्यों द्वारा बारात की शोभा बढाने का भी सुंदर वर्णन किया। इस दौरान ग्राम इकलेरा, डैडी, खासपुरा, बरुखेडी, धनोरा, अमलावता, झरनिया, बिलोदा पाल, पलासी आदि गांव से बडी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित रहे।

# ब्रह्माकुमारी द्वारा आयोजित समर कैंप का समापन कार्यक्रम आयोजित हुआ

'दैनिक अवन्तिका' ›› महिदपुर







प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय महिदपुर द्वारा आयोजित बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक दिनेश जैन बोस, सामाजिक कार्यकर्ता पारस लुणावत तथा वरिष्ठ पत्रकार अरुण बुरड़ की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ 4 वर्षीय बालक मानवेंद्र के द्वारा राष्ट्रगान प्रस्तुत करते हुए किया गया तत्पश्चात अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। अतिथियों का संस्था की ओर से मधु दीदी व सोनू दीदी द्वारा स्वागत सत्कार किया गया।

कार्यक्रम में पधारे अतिथि विधायक दिनेश जैन बोस ने अपने संबोधन में कहा कि सही मार्गदर्शन हेतु इस प्रकार के शिविर आयोजित होते रहना चाहिये। बच्चों के पेरेंट्स को उनकी रुचि अनुसार उनके कैरियर की ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने संस्था की दीदी को इस प्रकार के शिविर आयोजित करने के लिये साधुवाद दिया।

पारस लुणावत ने कहा कि गुरुकुल प्रणाली की तरह यहां संस्कार प्रदान करने का कार्य किया जाता है। पत्रकार अरुण बुरड़ ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों का विकास निश्चित ही इस प्रकार के आयोजन से होगा। ब्रह्मकुमारी सोनू दीदी ने कहा कि बच्चों को सही उम्र में दिया गया मार्गदर्शन ही उनके उज्जवल भविष्य का निर्माण करता है। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों में देशभक्ति से भरे गीतों पर डांस की प्रस्तुति,राधा कृष्ण बनकर बाल लीला पर नृत्य की प्रस्तुति दी तथा जल के महत्व को बताते हुए ड्रामा प्रस्तुत किया गया। कई बच्चों ने तरह-तरह की गीतों पर सुंदर प्रस्तुति प्रदान की साथ ही इन पांच दिनों में क्या सिखाया गया ,उन्हें कैसा लगा इस विषय पर कुमारी गीता पोरवाल ने भाषण दिया। अंत में सभी बच्चों को अतिथियों के कर कमलों से पुरस्कार वितरित किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में अभिभावक गण और बच्चे उपस्थित रहे। अंत में सभी को स्वल्पाहार दिया गया।

# सारंगपुर में रात तेज बारिश, ठंडी हवाएं भी चली

## नौतपा के सातवे दिन भीषण गर्मी से मिली राहत, कई दिनों बाद तापमान गिरा

'दैनिक अवन्तिका' ›› सारंगपुर



सारंगपुर में नौतपा के छठे दिन शनिवार रात्रि में मौसम ने अचानक करवट ली। तेज बारिश के साथ ठंडी हवाएं चलीं। कई दिनों बाद तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। रात में अचानक बदले मौसम से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। रात में करीब 11 बजे तेज आंधी चली, जिसके बाद तापमान में 5 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई।

आंधी के कारण शहर के कई हिस्सों में आधे घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। मगरान, रामपुरिया, पड़ाना सहित आसपास के क्षेत्र में रात भर बिजली नहीं चल पाई और सुबह 10 बजे के बाद लोटी।

इधर रात्रि में तेज हवाओं के चलते सडकों पर दोपहिया वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पडा। धूल भरी आंधी के कारण दृश्यता कम हो गई, जिससे दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हालांकि, इस घटना में किसी के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आगामी 24 घंटों में भी मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रह सकता है। इस दौरान तेज हवाओं, गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है। पिछले एक सप्ताह से जिले का अधिकतम तापमान 40 से 43 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ था, जो रविवार को घटकर लगभग 36 डिग्री सेल्सियस पर आ गया।

# बिजली गुल होने से भड़के रहवासी, किया चक्काजाम

**देवास।** देवास के जमुना नगर और आवास नगर क्षेत्र में शुक्रवार रात बिजली कटौती से परेशान रहवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में महिला-पुरुष मक्सी रोड पर बैठ गए और करीब आधे घंटे तक चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ भी किया।रहवासियों का आरोप है कि क्षेत्र में लगे ट्रांसफार्मर (डीपी) में बार-बार खराबी आने के कारण नियमित बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही है। समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन इसके स्थायी समाधान के लिए अब तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। कई बार शिकायत करने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है।चक्काजाम की सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार कपिल गुर्जर सहित प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शन कर रहे लोगों से चर्चा कर समस्या के स्थायी समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद रहवासियों ने जाम समाप्त कर दिया और यातायात बहाल हो गया।स्थानीय रहवासी कविता बाई ने बताया कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र के लोग बिजली संकट से परेशान हैं। ट्रांसफार्मर में बार-बार फॉल्ट आने से घंटों बिजली गुल रहती है।

# देवास में अघोषित कचरा पॉइंट्स पर सीसीटीवी से निगरानी शुरू, कचरा फेंकने वालों पर होगा जुर्माना

'दैनिक अवन्तिका' ›› देवास

देवास शहर की स्वच्छता व्यवस्था सुधारने के लिए नगर निगम ने एक नई पहल की है। पहली बार शहर के उन अघोषित कचरा पॉइंट्स पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जहां लोग लगातार कचरा फेंकते थे।नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार के निर्देश पर यह विशेष अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत शहर के लगभग 20 चिन्हित स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

इन कैमरों में कैद होने वाली रिकॉर्डिंग के आधार पर कचरा फेंकने वाले लोगों की पहचान की जाएगी। इसके बाद उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी, जिसमें जुमार्ना भी शामिल है।

निगम अधिकारियों के अनुसार, स्वच्छता को लेकर यह पहली बार है जब इस तरह की तकनीकी निगरानी व्यवस्था लागू की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य उन लोगों पर अंकुश लगाना है जो सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंककर शहर की स्वच्छता को प्रभावित करते हैं।

नगर निगम ने बताया कि लगातार समझाइश के बावजूद कुछ स्थानों पर लोग कचरा डालना बंद नहीं कर रहे थे, जिसके कारण ये स्थान अघोषित कचरा पॉइंट्स बन गए हैं। अब कैमरों की मदद से निगरानी कर कचरा फेंकने वालों के खिलाफ जुमार्ना सहित अन्य कार्रवाई की जाएगी।

स्वच्छ भारत मिशन के नोडल सौरभ त्रिपाठी ने जानकारी दी कि सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग के आधार पर अब कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि नगर निगम की टीम स्वच्छता के लिए लगातार काम कर रही है और लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। नगर निगम को उम्मीद है कि इस पहल से शहर में गंदगी फैलाने वालों पर रोक लगेगी और देवास स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर सकेगा।

# ऑटो चालक और यात्री के बीच झगड़ा 66 रुपए को लेकर मारपीट, डंडे से हमला किया

'दैनिक अवन्तिका' ›› देवास



देवास में ऑटो चालक और एक यात्री के बीच 66 के किराए को लेकर हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ऑटो चालक सहित छह लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, फरियादी धनराज ने रैपिडो के माध्यम से एक ऑटो बुक किया था। इसका किराया 166 तय हुआ था। यात्री नागदा पहाड़ी के पास जाना चाहता था, लेकिन चालक ने वहां जाने से इनकार कर दिया। इस दौरान यात्री ने चालक को 100 दिए थे, जबकि 66 बकाया रह गए थे।इसी शेष राशि को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि ऑटो चालक बार-बार बकाया राशि की मांग कर रहा था। इस पर यात्री ने उसे कैला देवी क्षेत्र में आने के लिए कहा। कैला देवी चौराहे पर पहुंचने पर ऑटो चालक और उसके साथियों ने यात्री के साथ मारपीट की। यह घटना शुक्रवार देर शाम को हुई थी।

मारपीट की इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिसके बाद मामला सुर्खियों में आया। औद्योगिक थाना पुलिस ने फरियादी धनराज की शिकायत पर ऑटो चालक सनी और उसके पांच अन्य साथियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। औद्योगिक थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया ने बताया कि किराए के लेनदेन को लेकर ऑटो चालक और यात्री के बीच विवाद हुआ था।

# ओवर हाइट भारी वाहनों की इंट्री से चरमरा रही यातायात व्यवस्था

'दैनिक अवन्तिका' ›› सारंगपुर



नगर के बीच से गुजरने वाले ओवर-हाइट (निर्धारित ऊंचाई से अधिक) वाहन यातायात नियमों और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। ऐसे वाहन संकरे रास्तों में फंस जाते हैं, जिससे जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। बिजली के तारों और केबल को नुकसान होता है। लोगों का कहना है कि ओवरहाइट ट्रकों की चपेट में आने से अक्सर बिजली के तार टूट जाते हैं, जिससे क्षेत्र में ब्लैकआउट हो सकता है। कई बार वाहनों के ऊपर रखा सामान गिरने की आशंका रहती है यदि ऐसा हुआ तो राहगीरों सहित बाइक चालकों के साथ दुर्घटना का अंदेशा रहेगा इसलिए इन पर सख्त कार्रवाई जरूरी है। शहरों में भारी और बडे वाहनों के प्रवेश के लिए निश्चित समय और नो एंट्री के नियम होते हैं ये सारंगपुर में बनाए भी गए है लेकिन लागू नहीं हो पा रहे है। इनका उल्लंघन करने वालों पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत भारी जुमार्ने का प्रावधान है, लेकिन कार्रवाई तो दूर कोई रोकटोक नहीं होती। हाइट बेरिकेड लगवाने की व्यवस्था होना चाहिए जिससे इस तरह के वाहन शहर में नियमानुसार ही प्रवेश कर सकें।

ओवरहेड वाहनों की आवाजाही नियमानुसार हो इसके लिए प्रयास करेंगे। आम लोगों को होने वाली परेशानी पर कार्रवाई होगी।

# प्रतीक्षालय के अभाव में हाइवे के डिवाइडर पर बैठकर यात्री करते है बसों का इंतजार

## सर्विस रोड पर भी अतिक्रमण से होती है आवागमन में परेशानी

'दैनिक अवन्तिका' ›› सारंगपुर

नेशनल हाइवे क्रमांक 52 पर बसे उदनखेड़ी गांव दर्जनों बसें रुकती हैं। यहां से रोज बडी संख्या में यात्री इनमें सवार होते हैं। कहीं भी प्रतीक्षालय नहीं होने से लोगों को धूप में खडे रहकर या फिर हाइवे के डिवाइडर पर बैठकर बस का इंतजार करना पड़ता है। लेकिन ग्राम पंचायत एवं नेशनल हाइवे के अधिकारियों की लापरवाही से अब तक बस स्टैंड पर प्रतीक्षालय नहीं बनाया गया है। इस मार्ग परं पर चलने वाली बसों के लिए गांव के प्रमुख स्थानों पर सवारी लेने के लिए वर्षों से स्टॉपेज हैं। नौकरीपेशा, स्कूल-कॉलेज सहित जिला व निजी अस्पतालों के मरीज व परिजन आदि इन्हीं स्थानों से विभिन्ना जगहों के लिए बसों में चढते हैं। गर्मी हो या बारिश यात्रियों को आसमान तले खडे रहकर बसों का इंतजार करना पडता है। गर्मी व बारिश इंतजार करना काफी मुश्किल होता है। ऐसे में कोई दुकानों के छप्पर या कोई पेड की छांव तलाशता नजर आता है। ग्रामीणों ने मांग करते हुए कहा कि लोगों को दिक्कतों को देते हुए प्रतीक्षालय पंचायत को बनाना चाहिए ताकि दिक्कते न आए।

हाइवे के सर्विस रोड पर हो रहा अस्थाई अतिक्रमण, राहगीर परेशान

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या ५२ के गांव में स्थिति सर्विस रोड सड़क भी पूरी तरह से अस्थाई अतिक्रमण की चपेट में आ चुकी है यही कारण है कि कस्बा में हाईवे पर आए दिन जाम की स्थित देखी जाती है। आलम यह है कि सर्विस रोड तो अतिक्रमण के कारण दिखाई भी नहीं देती है ऐसे में हाईवे की सड़क पर खड़े होने वाले हथ ठेलों ये हाईवे से गुजरने वाले वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। शाम के समय तो सर्विस रोड पर आए दिन जाम जैसी स्थित बन जाती है। जिससे वाहन चालकों को तो परेशानी का सामना करना पड़ता ही है साथ ही दुर्घटनाओं की भी आशंका बनी रहती है।

लेकिन एनएचएआई के अधिकारियों की ओर से इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कस्बा के लोगों ने बताया कि एनएचएआई की ओर से बनाई गई सर्विस रोड वाहनों के निकलने के लिए है लेकिन सर्विस रोड पर अस्थाई अतिक्रमण होने के कारण सर्विस रोड पर आवागमन नहीं होने से लोगों को परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है। वही सड़क पर भी सब्जी एवं अन्य हथठेला खड़े होने से ग्राहकों को सड़क पर खड़े होकर खरीदारी करते देखा जा सकता है। ऐसे में दुर्घटनाएं भी होती रहती है। छापरा टोल प्रबंधक मनन तिवारी ने कहा कि सर्विस रोड पर फैले अतिक्रमण को पुलिस की मदद से हटवाया जाएगा।.

# सारंगपुर के करीब एक हजार बुनकर परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे

## महंगाई की मार, पर चार साल से नहीं बढी बुनकरों की मजदूरी

'दैनिक अवन्तिका' ›› सारंगपुर ,

मध्य प्रदेश नहीं बल्कि देशभर के प्रमुख हथकरघा केंद्रों में से एक सारंगपुर के करीब एक हजार बुनकर परिवार इन दिनों गहरे आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। आसमान छूती महंगाई के इस दौर में जहां हर चीज के दाम दोगुने हो चुके हैं, वहीं शासकीय वस्त्र उत्पादन के काम में लगे इन बुनकरों की मजदूरी पिछले चार वर्षों से जस की तस बनी हुई है।

संत रविदास मध्य प्रदेश हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम लिमिटेड भोपाल द्वारा जारी आधिकारिक रेट लिस्ट के दस्तावेजों से साफ है कि बुनकरों को आज भी साल 2022 में तय की गई दरों पर ही काम करने को मजबूर होना पड रहा है। बुनकरों का कहना है कि सरकार एक तरफ कुटीर उद्योगों को बढावा देने के बडे-बडे दावे करती है, लेकिन हकीकत में जमीन पर उनका खून-पसीना एक करने वाले कारीगरों की सुध लेने वाला कोई नहीं है।

हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम कार्यालय सारंगपुर से प्राप्त आंकड़ा के अनुसार सारंगपुर में बडे पैमाने पर बनाए जाने वाले गाज क्लॉथ ग्रे और बैंडेज क्लॉथ ग्रे के काम में लगे बुनकरों का सबसे ज्यादा शोषण हो रहा है। स्थानीय बुनकरों का कहना है कि एक थान को तैयार करने में कई घंटों की कडी मेहनत, ताना बनाई, साईजिंग और गुंडी फिराई जैसे जटिल काम शामिल होते हैं। इतने लंबे और थकाऊ काम के बदले मिलने वाली यह राशि आज के समय में ऊंट के मुंह में जीरे के समान है।



सरकारी आंकडों का विश्लेषण करें तो साफ पता चलता है कि कपडे की कुल उत्पादन लागत और बुनकर को मिलने वाले हिस्से में जमीन-आसमान का अंतर है। उदाहरण के लिए जिस गाज और बैंडेज क्लॉथ को तैयार करने के लिए बुनकर को दिनभर की हाड-तोड मेहनत के बाद 131 से 182 रुपए मिलते हैं, वही कपडा जब स्वास्थ्य विभाग और अन्य सरकारी विभागों को सप्लाई किया जाता है, तो उसकी प्रशासनिक और अंतिम बाजार कीमत कई गुना अधिक होती है। बुनकरों का आरोप है कि बजट का एक बडा हिस्सा अधिकारियों की यात्राओं, कार्यालयीन खर्चों और बिचौलियों के कमीशन में चला जाता है, जबकि कडकडाती ठंड और चिलचिलाती धूप में लूम (करघा) चलाने वाले असली कारीगर के हिस्से में सिर्फ सूखी रोटियां आती हैं।

पिछले चार सालों में सिर्फ दाल-चावल के दाम ही नहीं बढे, बल्कि हथकरघा उद्योग में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल की कीमतों में भी आग लगी हुई है। स्थानीय बुनकर बताते हैं पिछले 4 वर्षों में सूत के बंडल की कीमतों में 35 से 40 फीसदी तक का उछाल आया है। ताना-बाना तैयार करने, मांड (साईजिंग) लगाने और लेबर को दिए जाने वाले छोटे-मोटे खर्च भी दोगुने हो चुके हैं। चूंकि मजदूरी साल 2022 के रेट पर ही फिक्स है, इसलिए लागत बढने के कारण बुनकरों का शुद्ध मुनाफा घटकर आधा रह गया है। मामले में हथ करघा विभाग राजगढ़ सहायक संचालक दिव्या पंवार ने कहा कि मजदूरी दरों का निर्धारण भोपाल आयुक्त मुख्यालय स्तर पर बनी समिति द्वारा किया जाता है। महंगाई को देखते हुए दरों में संशोधन का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है, लेकिन इस पर कोई अंतिम निर्णय नहीं हो सका है। मंहगाई बढ़ी है इसलिए मजदूरो के हितों को ध्यान में रखते हुए पुनः प्रस्ताव भेजा जाएगा।

चार साल पहले जो मजदूरी मिलती थी, उसमें जैसे-तैसे घर चल जाता था। आज किराना, बिजली का बिल और बच्चों की स्कूल फीस दोगुनी हो गई है, लेकिन हमारी उंगलियों की कीमत घट गई है। अगर यही हाल रहा, तो हमें यह पुश्तैनी काम छोडकर मजदूरी के लिए पलायन करना पडेगा।सारंगपुर की इस हथकरघा कला ने कभी प्रदेश को एक विशिष्ट पहचान दिलाई थी।

# स्पाइसजेट को 125 करोड़ का टैक्स नोटिस मिला

## कई महीनों से रिटर्न फाइल नहीं किया, कंपनी का जीएसटी-रजिस्ट्रेशन हो सकता है रद्द

एजेंसी ▶▶ मुंबई

गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) डिपार्टमेंट ने बजट एयरलाइन स्पाइसजेट को करीब 125 करोड़ का टैक्स डिमांड नोटिस जारी किया है। अधिकारियों के मुताबिक, आर्थिक तंगी से जूझ रही इस एयरलाइन पर कई महीनों से जीएसटी रिटर्न फाइल नहीं करने का आरोप है।

इसके साथ ही विभाग ने स्पाइसजेट का जीएसटी रजिस्ट्रेशन रद्द करने की कार्रवाई भी शुरू कर दी है। जीएसटी डिपार्टमेंट ने रिटर्न फाइल करने में बार-बार हो रही देरी और नियमों का पालन न करने पर स्पाइसजेट को एक शो-कॉज (कारण बताओ) नोटिस भेजा है।

इस नोटिस में एयरलाइन का जीएसटी रजिस्ट्रेशन रद्द करने का प्रस्ताव भी रखा गया है। अधिकारियों का कहना है कि तय समय सीमा के भीतर रिटर्न दाखिल न करने के बाद सीजीएसटी और जीएसटी एक्ट, 2017 की धारा 62 के तहत एक प्रोविजनल असेसमेंट किया गया था, जिसके बाद यह टैक्स डिमांड निकाली गई है।



### रजिस्ट्रेशन रद्द होने का असर

यदि किसी कंपनी का जीएसटी रजिस्ट्रेशन रद्द हो जाता है, तो वह कानूनी रूप से कॉमर्शियल एक्टिविटीज या टैक्स कलेक्शन का काम सुचारू रूप से नहीं कर पाती है, जिससे बिजनेस पूरी तरह प्रभावित हो सकता है।

### 25 मई को जारी हुआ था नोटिस, कार्रवाई की चेतावनी

अधिकारियों ने बताया कि एयरलाइन का जीएसटी रजिस्ट्रेशन रद्द करने के संबंध में 25 मई, 2026 को ही शो-कॉज नोटिस जारी कर दिया गया था। इसके बावजूद कंपनी ने अभी तक पेंडिंग कंप्लायंस (नियमों के पालन) की शर्तों को पूरा नहीं किया है। एक अधिकारी ने कहा है कि अगर स्पाइसजेट जल्द ही अपने पेंडिंग रिटर्न फाइल नहीं करती है और जीएसटी कानून के तहत अपनी वैधानिक जिम्मेदारियों को पूरा नहीं करती है, तो नियमों के मुताबिक आगे सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### क्या होती है धारा 62?

इसके तहत अगर कोई रजिस्टर्ड टैक्सपेयर समय पर अपना रिटर्न फाइल नहीं करता है, तो अधिकारियों के पास यह अधिकार होता है कि वे उपलब्ध डेटा के आधार पर खुद ही टैक्स का असेसमेंट (आकलन) कर लें और डिमांड नोटिस जारी कर दें।

# देश की इकोनॉमी 2026-27 में 6.9 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी साल 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया भर में जारी तनाव और आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद साल 2026-27 में भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार मजबूत बनी रहेगी। इस दौरान देश की रियल जीडीपी ग्रोथ रेट 6.9% रहने का अनुमान लगाया गया है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि भारत के मजबूत फंडामेंटल्स, लगातार बनी हुई घरेलू मांग, निर्यात पर कम निर्भरता और स्थिर पॉलिसी माहौल की वजह से भारतीय इकोनॉमी विपरीत वैश्विक परिस्थितियों का डटकर सामना करने में सक्षम है।

आरबीआई ने वैश्विक हालातों पर चिंता जताते हुए कहा कि साल 2026 में भू-राजनीतिक (जियोपॉलिटिकल) जोखिम दुनिया की आर्थिक ग्रोथ के लिए सबसे बड़ा रोड़ा बन गए हैं। विशेष रूप से फरवरी 2026 में शुरू हुए पश्चिम एशिया संकट ने दुनिया की विकास दर और महंगाई के अनुमानों को काफी प्रभावित किया है। रिपोर्ट में इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) के बेसलाइन परिदृश्य का हवाला दिया गया है। इसके अनुसार, वैश्विक अर्थव्यवस्था की ग्रोथ रेट साल 2026 में घटकर 3.1% रहने का अनुमान है, जो पहले 3.3% आंकी गई थी। इसी तरह वैश्विक व्यापार (ग्लोबल ट्रेड) की ग्रोथ भी धीमी होकर 2.8% पर आने की आशंका है। आरबीआई ने आगाह किया है कि यदि यह तनाव आगे और बढ़ता है, तो वैश्विक आर्थिक आउटलुक और ज्यादा कमजोर हो सकता है। केंद्रीय बैंक ने दुनिया भर में बढ़ती महंगाई के खतरों की ओर भी इशारा किया है। एनर्जी की बढ़ती कीमतों और सप्लाई चेन में आ रही रुकावटों की वजह से वैश्विक स्तर पर कीमतों का दबाव काफी अधिक है। साल 2026 में वैश्विक महंगाई दर 4.4% रहने का अनुमान लगाया गया है, जो पहले के 3.8% के अनुमान से ज्यादा है। आरबीआई का मानना है कि यदि वैश्विक परिस्थितियां और बिगड़ती हैं, तो शेयर बाजारों (इक्विटी मार्केट्स) में बड़ी गिरावट और भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

# एंटी-ड्रोन सिस्टम बना रही भारतीय कंपनी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जिस स्वदेशी वेपनाइज्ड ड्रोन नागास्त्र ने दुश्मन की साजिश को नाकाम किया, उसे सोलर इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड ने बनाया है। अब यह कंपनी वेपनाइज्ड डॉग रोबोट और इंसानों जैसा दिखने वाला ह्यूमनॉइड रोबोट भी बना रही है।

कंपनी के फॉउंडर और चेयरमैन पद्मश्री सत्यनारायण नुवाल ने बताया कि देश की सुरक्षा के लिए इन रोबोट्स को माइनस 40 डिग्री सेल्सियस तापमान में भी तैनात किया जा सकेगा। कंपनी माइक्रो मिसाइल पर आधारित एंटी-ड्रोन सिस्टम भार्गवास्त्र जैसे स्वदेशी प्रोजेक्ट्स पर भी काम कर रही है। 2020 में अजरबैजान और आर्मेनिया युद्ध में ड्रोन के इस्तेमाल ने पारंपरिक युद्ध का स्वरूप ही बदल दिया। दुनिया के सामने हथियारों का बिल्कुल नया रूप आया। हमने भी 2020 के बाद अनमैन्ड एरियल सिस्टम बनाने का फैसला किया। तीन साल की मेहनत के बाद हमने देश का पहला वेपनाइज्ड ड्रोन नागास्त्र-1 बनाया, जिसकी आपूर्ति हमारी सेना को की गई।

ऑपरेशन सिंदूर में इसका सटीक इस्तेमाल होना मैं केवल दैवीय कृपा मानता हूं। नागास्त्र-1 की रेंज 15 किलोमीटर है। इसके बाद हमने नागास्त्र-1अ, नागास्त्र-1इ और नागास्त्र-2 सहित अन्य वेरिएंट्स तैयार किए हैं। इन्हें कामिकेज ड्रोन या सुसाइड ड्रोन भी कहा जाता है। यह लक्ष्य के ऊपर काफी देर तक मंडरा सकता है, दुश्मनों का पता लगा सकता है और सटीक संकेत मिलते ही विस्फोटक वॉरहेड के साथ सीधे उससे टकराकर हमला कर सकता है। हमने सेना को इसकी सप्लाई भी शुरू कर दी है। इनकी रेंज 25 से 50 किलोमीटर है और इनमें 1 से 5 किलोग्राम तक का विस्फोटक लगाया जा सकता है।

# 6 करोड़ की इलेक्ट्रिक फेरारी पर उठे सवाल

एजेंसी ▶▶ इटली

फेरारी की पहली इलेक्ट्रिक कार ह्यल्यूसह्ल की करीब 6 करोड़ कीमत को लेकर दुनियाभर में बहस छिड़ गई है। लॉन्चिंग के बाद कंपनी के शेयरों में 8% तक गिरावट आई। निवेशकों ने सवाल उठाए और इटली के राजनीतिक गलियारों से लेकर ऑटो इंडस्ट्री तक आलोचना शुरू हो गई। लेकिन फेरारी के सीईओ बेनेडेटो विग्ना इस कीमत को जायज ठहरा रहे हैं। उनका कहना है कि यह सिर्फ एक इलेक्ट्रिक कार नहीं, बल्कि नायाब रियल इनोवेशन है। मोडेना में एक राउंड टेबल बैठक में विग्ना ने कहा कि ल्यूस की तुलना बाजार में मौजूद चीनी या अन्य इलेक्ट्रिक कारों से नहीं की जा सकती।




19 साल के कोन्सेका ने 5 घंटे चले मैच में हराया

# फ्रेंच ओपन- जोकोविच तीसरे दौर में हुए उलटफेर का शिकार, कैमरामैन पर भड़के

एजेंसी ▶▶ पटना



24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में उलटफेर का शिकार हो गए। उन्हें शुक्रवार रात को 19 साल के ब्राजीली खिलाड़ी जोआओ फोन्सेका ने लगभग पांच घंटे चले मैच में दो सेट से पिछड़ने के बाद 4-6, 4-6, 6-3, 7-5, 7-5 से हराया। 39 साल के जोकोविच मैच के दौरान शारीरिक रूप से संघर्ष करते नजर आए। भीषण गर्मी में उन्हें कई बार आइस पैक का इस्तेमाल करना पड़ा। एक मौके पर वे टेलीविजन कैमरा क्रू पर भी नाराज हो गए और कैमरा पीछे हटाने को कहा।

जोकोविच 2 सेट जीतने के बाद हारे जोकोविच शुरूआती दो सेट जीतने के बावजूद बढ़त कायम नहीं रख सके। फोन्सेका ने चौथे सेट में हार के करीब पहुंचने के बाद शानदार वापसी की और निर्णायक सेट में भी पीछे रहने के बावजूद मुकाबला पलट दिया। 19 वर्षीय खिलाड़ी ने मैच का अंत लगातार तीन ऐस लगाकर किया और अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की।

फोन्सेका बोले- यह करियर का सबसे खास पल इस जीत के साथ फोन्सेका ग्रैंड स्लैम में जोकोविच को हराने वाले पहले किशोर खिलाड़ी बन गए हैं। साथ ही वे रोलैंड गैरोस में दो सेट से पिछड़ने के बाद जोकोविच को हराने वाले इतिहास के केवल दूसरे खिलाड़ी हैं। मैच के बाद फोन्सेका ने जोकोविच को अपना आदर्श बताते हुए कहा कि उनके खिलाफ खेलना और जीत हासिल करना उनके करियर का सबसे खास पल है।

# वैभव सूर्यवंशी के फैन हुए अमिताभ बच्चन

## वैभव झारखंड स्वास्थ्य विभाग के ब्रांड एंबेसडर बनेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमिताभ बच्चन बिहार के 15 साल के क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी के फैन हो गए हैं। उन्होंने पर वैभव की तारीफ करते हुए लिखा- 15 साल की उम्र का अद्भुत सूर्या। इस उम्र में तो हम बंटों और गुल्ली-डंडा भी ठीक से नहीं खेल पा रहे थे। वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल -2026 में शुक्रवार को 440 गेंद में अपने 1000 रन पूरे किए। वे क्र्छ में सबसे कम गेंद में हजार रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने आंद्रे रसेल का रिकॉर्ड ध्वस्त किया, जिन्होंने हजार रन बनाने के लिए 545 गेंद खेली थीं।

इससे पहले एक सीजन में 65 छक्के लगाकर उन्होंने क्रिस गेल का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। क्रिस गेल ने 2012 में 59 छक्के लगाए थे। आईपीएल 2026 में वैभव ने कुल 72 छक्के लगाए हैं। इस सीजन में सबसे ज्यादा रन भी वैभव सूर्यवंशी के ही नाम है। झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान



अंसारी ने वैभव सूर्यवंशी को झारखंड स्वास्थ्य विभाग का ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की है। उन्होंने पर लिखा, वैभव, भले ही तुम्हारी टीम मैच हार गई हो, लेकिन तुम करोड़ों भारतीयों का दिल जीत चुके हो। मैं स्वयं क्रिकेट का खिलाड़ी रहा हूं, लेकिन इतनी कम उम्र में बड़े-बड़े अंतरराष्ट्रीय स्तर के गेंदबाजों का जिस आत्मविश्वास और आक्रामकता से सामना करते हुए लगातार धुनाई करना, यह असाधारण प्रतिभा का प्रमाण है। तुमने

### भविष्य में उत्तराखंड कर सकता है मेजबानी

देहरादून। उत्तराखंड की खेल मंत्री रेखा आर्या ने शनिवार को राजधानी देहरादून में दो बड़े खेल आयोजनों में शिरकत की। परेड ग्राउंड में उन्होंने वार्षिक प्रतियोगिता का शुभारंभ किया, वहीं आमवाला में '7वीं राज्य स्तरीय पेंचक सिलाट चैंपियनशिप' के समापन समारोह में विजेताओं को सम्मानित किया।

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**ए-वन मेरिज ब्यूरो**
हिन्दु युवक-युवती विवाह एवं मुस्लिम युवक-युवती निकाह के लिए संपर्क करें।
पंजीयन क्रमांक RATL220413SE002931
पता- कालु कासम कालोनी, एकता नगर, ऊंकाला रोड, रतलाम (म.प्र.)
मोबाइल 8871909809 9054036759

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन) मो. 9425094114

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार (समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30) नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.) मो. 9575279117

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बॉय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9981248359

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की। कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है। प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

न्यूज कॉलम

## खुद को फौजी बताकर महिला बाउंसर और पति को पीटा

**इंदौर।** इंदौर में खुद को फौजी बताने वाले कार सवार पांच युवकों ने महिला बाउंसर और उसके पति के साथ मारपीट कर दी। झगड़ा होते देख जब कुछ लोग दंपती को बचाने आए तो युवकों ने उनसे भी झड़प की। आरोप है कि भागते समय उन्होंने भीड़ पर कार चढ़ाने की कोशिश की। कुछ कार को भी टक्कर मार दिए, जिससे उनके शीशे टूट गए। इस बीच कार अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर में जा घुसी। इसके बाद युवक वहां से भाग गए। विजय नगर थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल के मुताबिक, महिला बाउंसर रिमझिम बारोसा ने बताया कि शनिवार रात वे पति शिखर के साथ महालक्ष्मी नगर मेले से घर लौटी रही थी, तभी बॉम्बे हॉस्पिटल के पास कार सवारों ने उन्हें कट मारा। ऑब्जेक्शन लेने पर वे विवाद करने लगे। फिर सत्यसाईं चौराहे पर रोक लिया और मारपीट शुरू कर दी। मारपीट होते देख आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और दंपती को बचाने का प्रयास किया। विवाद बढ़ने पर भीड़ और युवकों के बीच भी झड़प हो गई। इस दौरान कार सवार युवकों ने वाहन दौड़ाकर निकलने का प्रयास किया।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, युवकों ने कार से लोगों को टक्कर मारने की कोशिश की। इसी दौरान कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर में घुस गई। बाद में क्रेन की मदद से कार को हटाया गया। वहीं, पुलिस ने कार को जब्त कर थाने पहुंचा दिया है। टीआई ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। पुलिस यह भी सत्यापित कर रही है कि कार में सवार युवक वास्तव में सैन्यकर्मी हैं या नहीं। मामले में संबंधित पक्षों के बयान लिए जा रहे हैं और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पुरानी रंजिश में युवतियों ने लिया बदला लड़की पर ब्लेड और बोतल से हमला

**इंदौर।** एमआईजी थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात पुरानी रंजिश के चलते तीन युवतियों ने एक युवती पर ब्लेड और कांच की बोतल से हमला कर दिया। हमले में युवती घायल हो गई, जिसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। एमआईजी पुलिस के अनुसार नेहरू नगर निवासी आरूषि ने शिकायत दर्ज कराई है कि शनिवार रात करीब 11:30 बजे वह अपने दो दोस्तों के साथ सरपंच कैफे पर चाय पीने गई थी। इसी दौरान वैष्णवी, नेहा और अच्छू वहां पहुंचीं और पुराने विवाद को लेकर उससे बहस करने लगीं। आरूषि के मुताबिक विवाद बढ़ने पर तीनों युवतियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि वैष्णवी ने ब्लेड से उसके चेहरे और हाथ पर वार किया, जबकि नेहा ने जूस की कांच की बोतल उसके सिर पर मार दी। घटना में उसे गंभीर चोटें आईं। हमले के दौरान मौके पर मौजूद एक युवती और युवक ने आरूषि का बचाव किया। इसके बाद उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका उपचार कराया गया। आरूषि ने पुलिस को बताया कि कुछ समय पहले वैष्णवी का उसकी एक सहेली के साथ मारपीट को लेकर विवाद हुआ था। इसी मामले को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई थी। इसके बाद उसने तीनों युवतियों से बातचीत बंद कर दी थी। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते उस पर हमला किया गया। एमआईजी पुलिस ने आरूषि की शिकायत पर वैष्णवी, नेहा और अच्छू के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ड्रिंक एंड ड्राइव कार्रवाई के बाद बीए के स्टूडेंट ने होस्टल में की आत्महत्या

**इंदौर।** भंवरकुआ क्षेत्र स्थित एक होस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहे छात्र ने शनिवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शुरूआती जानकारी के अनुसार दो दिन पहले उसकी बाइक ड्रिंक एंड ड्राइव कार्रवाई में जब्त हुई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। भंवरकुआ पुलिस के अनुसार ग्राम कवटी, थाना महू निवासी 21 वर्षीय राजू पुत्र दिनेश निनामा भील निजी कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष का छात्र था। वह करीब एक महीने पहले भंवरकुआ क्षेत्र के एक होस्टल में रहने आया था। शनिवार को जब वह कमरे से बाहर नहीं निकला तो होस्टल संचालक सिद्धांत को संदेह हुआ। दरवाजा खुलवाने पर राजू का शव कमरे में पंखे से लटका मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक के भाई शुभम ने बताया कि 27 मई की रात राजू की बाइक ड्रिंक एंड ड्राइव कार्रवाई में पुलिस ने जब्त कर ली थी। परिजनों का कहना है कि संभवतः वह यह बात घर पर नहीं बता पा रहा था और इसी तनाव में उसने यह कदम उठाया। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। एक अन्य मामले में परदेशीपुरा क्षेत्र में रहने वाले 30 साल के मयंक पुत्र रवि तिवारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रविवार सुबह परिजनों ने उसे घर में फंदे पर लटका देखा और पुलिस को सूचना दी।

## सड़े आलू से बनते मिले बेक समोसे खाद्य विभाग ने बंद कराई बेकरी

**इंदौर।** खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने शहर के विभिन्न बेक समोसा बनाने वाले प्रतिष्ठानों पर जांच अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान छोटा बांगड़दा स्थित आदित्य राज बेकरी में गंभीर अनियमितताएं मिलने पर प्रतिष्ठान का खाद्य कारोबार मौके पर ही बंद करा दिया गया। खाद्य विभाग की टीम ने बेक समोसा, क्रीम रोल, चटनी, नमकीन और व्हिप क्रीम के नमूने जांच के लिए लिए। निरीक्षण के दौरान बेकरी में बेहद अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य सामग्री तैयार होती पाई गई। टीम को मौके पर प्रतिष्ठान का वैध खाद्य लाइसेंस भी उपलब्ध नहीं मिला। परिसर में चारों ओर गंदगी फैली हुई थी और काम कर रहे कर्मचारियों के मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र भी नहीं पाए गए। जांच में बिना लेबल लगी सॉस और ग्रीन चटनी का उपयोग होते मिला। वहीं बेक समोसे में इस्तेमाल होने वाला आलू का मसाला सड़ा हुआ पाया गया। खाद्य विभाग ने मौके पर ही लगभग 300 बेक समोसे, सड़ा आलू मसाला, 10 बोतल चटनी और केक नष्ट करवाए। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि परिसर की टाइल्स टूटी हुई थीं और कच्ची खाद्य सामग्री गंदगी वाले स्थान पर जमीन पर रखी गई थी। पीछे के हिस्से में खराब और अनुपयोगी सामग्री पड़ी मिली, जहां से तेज दुर्गंध आ रही थी। गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए विभाग ने तत्काल प्रतिष्ठान का संचालन बंद करवा दिया। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत संबंधित प्रतिष्ठान को नोटिस जारी किया जा रहा है। निर्धारित समय में सुधार नहीं किए जाने पर खाद्य लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान स्कीम नंबर-103 स्थित सुख सिस्टर बेकरी से भी बेक समोसे का सैंपल जांच के लिए लिया गया। इसके अलावा अन्य प्रतिष्ठानों से बेक समोसा, क्रीम रोल, चटनी, नमकीन और व्हिप क्रीम के नमूने लेकर राज्य खाद्य परीक्षण लैब भेजे जा रहे हैं।

# धमाके के साथ फटी नर्मदा-क्षिप्रा पाइप लाइन

## 150 फीट उछला पानी, कच्चा घर बहा, लोग बोले- पहले से लीकेज था, अफसरों ने ध्यान नहीं दिया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के पास महू में रविवार सुबह 7:30 बजे नर्मदा-क्षिप्रा पाइप लाइन फट गई। इससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना इंदौर-खंडवा रोड स्थित भेरूघाट के पास की है। पाइप लाइन फटते ही तेज धमाके जैसी आवाज सुनाई दी और पानी का विशाल फव्वारा करीब 150 फीट ऊंचाई तक उठने लगा।

पाइपलाइन में पानी का दबाव इतना अधिक था कि फव्वारा पास से गुजर रही हाईटेंशन बिजली लाइन की ऊंचाई तक पहुंचता दिखाई दिया।

**घरों में घुसा पानी, हजारों का नुकसान**

भेरूघाट क्षेत्र में रहने वाले विजय कोहली और सुगंध बाई कोहली ने बताया कि उनके परिवार के पांच मकान हैं। रविवार सुबह करीब 7:30 बजे अचानक जोरदार धमाके जैसी आवाज सुनाई दी। कुछ ही मिनटों में तेज रफ्तार से पानी उनके घरों की ओर बढ़ने लगा। स्थिति को देखते हुए परिवार के लोग जान बचाकर घरों से बाहर निकल आए।

उन्होंने बताया कि पानी का बहाव इतना तेज था कि घरों में रखा घरेलू सामान, राशन और अन्य सामग्री पानी में भीग गई। कई सामान बह भी गए, जिससे हजारों रुपए का नुकसान हुआ है।



### लीकेज की शिकायत के बावजूद नहीं हुई कार्रवाई

स्थानीय निवासी रवि कोहली का आरोप है कि पाइपलाइन में कई दिनों से लीकेज की समस्या थी। इसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को भी दी गई थी। इसके बावजूद समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई। उनका कहना है कि यदि शिकायतों पर ध्यान दिया जाता तो यह बड़ा हादसा टाला जा सकता था। अब स्थानीय लोग पूरे मामले की जांच और नुकसान के आकलन की मांग कर रहे हैं।

### तेज बहाव में बह गया चौकीदार का कच्चा मकान

घटना स्थल के पास वन विभाग की रोपणी भी स्थित है। यहां चौकीदार रमेश कोहली का कच्चा मकान बना हुआ था। स्थानीय लोगों के अनुसार पानी का बहाव इतना तेज था कि पूरा कच्चा मकान सामान सहित बह गया। वहीं भेरू बाबा मंदिर के समीप स्थित बाबा ढाबा का टीन शेड भी पानी में बह गया। स्थानीय निवासी सचिन कोहली ने बताया कि यह पाइपलाइन ओंकारेश्वर से उज्जैन तक जाने वाली नर्मदा-क्षिप्रा परियोजना का हिस्सा है। सुबह अचानक पाइपलाइन फटने से पानी का तेज फव्वारा उठने लगा और आसपास के क्षेत्र में पानी फैल गया। लगभग एक घंटे तक पानी का तेज बहाव जारी रहा, जिसके बाद करीब 8:30 बजे सप्लाई बंद होने पर स्थिति सामान्य हुई। सचिन के अनुसार पानी के साथ बड़े-बड़े पत्थर भी उछलकर घरों तक पहुंच रहे थे।

### इंदौर में मसाला निर्माण फैक्टरियों पर छापा

## मौके से करीब 9 लाख का संदिग्ध स्टॉक जब्त

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत इंदौर में संभागीय खाद्य फ्लाइंग स्क्वाड ने शनिवार को मसाला निर्माण फैक्टरियों पर कार्रवाई की है। टीम ने खंडवा रोड स्थित विभिन्न मसाला निर्माण प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर नमूने एकत्रित किए और संदिग्ध खाद्य सामग्री का बड़ा भंडार जब्त किया।

टीम ने खंडवा रोड स्थित कैलोद करताल क्षेत्र में संचालित राठौर ट्रेडर्स का निरीक्षण किया। यहां मिर्च पाउडर और धनिया पाउडर का निर्माण होते पाया गया।

जांच के दौरान मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, खड़ा धनिया और धनिया दाल के कुल चार नमूने लेकर परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण लैब भेजे गए।

इसके बाद टीम ने सौरभ स्पाइसेस प्राइवेट लिमिटेड का निरीक्षण किया। यहां से हल्दी पाउडर, मिर्च पाउडर और राई दाल के तीन नमूने जांच के लिए लिए गए। सभी नमूनों को विस्तृत परीक्षण के लिए लैब भेजा जा रहा है। कार्रवाई के दौरान एच.के. फूड में मिर्च पाउडर और नूडल्स मसाला के सैंपल लिए गए। निरीक्षण में खाद्य सामग्री संदिग्ध प्रतीत होने पर टीम ने शेष स्टॉक को सुरक्षित अभिरक्षा में ले लिया। मौके से लगभग 998 किलो मिर्च पाउडर, जिसकी अनुमानित कीमत 2.99 लाख रुपये है और 2398 किलो नूडल्स मसाला, जिसकी कीमत करीब 5.99 लाख रुपए आंकी गई है, जब्त किया गया। इस प्रकार कुल 3396 किलोखाद्य सामग्री, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 8.99 लाख रुपए है, को जांच पूरी होने तक सुरक्षित रखा गया है।



### रिपोर्ट के बाद होगी वैधानिक कार्रवाई

खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सभी सैंपलों को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## टक्कर का बहाना बनाकर ऑटो चालक से मोबाइल लूटा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में एक ऑटो चालक के साथ लूट की वारदात सामने आई है। आरोपी ने सड़क पर टक्कर का बहाना बनाकर चालक को रोका और बातचीत के दौरान उसका मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार सेक्टर-एफ, कुमेड़ी कांकड़ निवासी अमन वर्मा की शिकायत पर एक्टिवा पर सवार अज्ञात युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। अमन वर्मा ने पुलिस को बताया कि शनिवार को वह अपनी ऑटो लेकर मरीमाता क्षेत्र से देवास नाका की ओर जा रहा था। इसी दौरान परदेशीपुरा पेट्रोल पंप के सामने एक युवक ने उसे रोक लिया। युवक ने आरोप लगाया कि ऑटो की टक्कर उसकी एक्टिवा से हो गई है और वह नुकसान की बात को लेकर बहस करने लगा। इसी दौरान आरोपी ने मौका पाकर अमन के हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया और एक्टिवा पर सवार होकर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद पीड़ित ने परदेशीपुरा थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने लूट का मामला दर्ज कर लिया है और एक्टिवा के नंबर के आधार पर आरोपी की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं, ताकि आरोपी तक जल्द पहुंचा जा सके।



## 50 हजार से अधिक प्रतिष्ठान, लेकिन जांच 1400 की

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

शहर में खाद्य पदार्थों में मिलावट के मामले बढ़ते जा रहे हैं। दूध, मसाले, मिठाई, तेल और अन्य खाद्य सामग्री में मिलावट सामने आ रही है। लेकिन विभाग की जांच व्यवस्था शहर की जरूरतों के मुकाबले काफी कमजोर नजर आ रही है।

हालात यह हैं शहर में हजारों प्रतिष्ठान है, लेकिन वर्षभर में करीब 1400 संस्थानों की ही जांच विभाग कर पाता है। ऐसे में प्रतिष्ठानों में बिक रही खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की निगरानी कैसे हो सकेगी। इंदौर में होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई दुकानें, डेयरी, किराना और अन्य खाद्य सामग्री बेचने वाले प्रतिष्ठानों की संख्या 50 हजार से अधिक है।

खाद्य एवं औषधि विभाग हर माह औसतन 120 प्रतिष्ठानों की जांच करता है। पूरे वर्ष में यह आंकड़ा करीब 1400 तक पहुंचता है। यदि इसी गति से जांच होती रही तो शहर के सभी प्रतिष्ठानों की एक बार जांच करने में तीन दशक से भी अधिक समय लग सकता है।

## स्नो सिटी में इन्फ्लुएंसर्स पर हंगामे का आरोप

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

स्नो सिटी में शाजापुर, राजगढ़, उज्जैन और ब्यावरा से आए 12 से 15 सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और प्रबंधन के बीच विवाद का मामला सामने आया है। प्रबंधन ने हंगामा, पत्थरबाजी और कर्मचारियों से अभद्रता के आरोप लगाए हैं। मामला कनाड़िया थाने तक पहुंचा, हालांकि अभी तक किसी पक्ष की ओर से औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

**फ्री एंट्री को लेकर शुरू हुआ विवाद-** जानकारी के अनुसार शुक्रवार को 12 से 15 इन्फ्लुएंसर्स अपने परिवार और दोस्तों के साथ स्नो सिटी पहुंचे थे। बताया गया कि सोशल मीडिया प्रचार के बदले कुछ लोगों को निःशुल्क प्रवेश की अनुमति दी गई थी। इसी दौरान अन्य लोगों ने भी फ्री एंट्री की मांग की। प्रबंधन द्वारा नियमित टिकट लेने के लिए कहने पर विवाद शुरू हो गया।

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियां व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

उज्जैन में पहली बार मालवा का
नया स्वाद नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

श्री मद भागवत महापुराण पितृकथा
पितृ शांति एवं पुण्य लाभ का अवसर
अधिक मास के पावन अवसर पर, अपने पितरों की आत्मिक शांति और मोक्ष की कामना हेतु हम श्री मद भागवत महापुराण पितृ कथा का आयोजन करने जा रहे हैं।
पतित पावनी नगरी उज्जैन की पवित्र धरा पर, भागवत आचार्य डॉ. पं. नलिन शर्मा जी के मुखारविंद से अमृतमयी कथा का श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त करें।
तिथि: 1 जून से 7 जून 2026
अपने पितरों की मोक्ष प्राप्ति हेतु इस पितृ भागवत में यजमान बनने का सौभाग्य प्राप्त करें।
कथा स्थल : श्री राम मंदिर गढ़कालिका चौराहा उज्जैन
भगवताचार्य डॉ. पं. नलिन शर्मा (मोबा.9179271166)



पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ/अमरनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com